www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

सूर्योदय 6:42 सूर्यास्त 6:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 24.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,016 |
| निफ्टी | 24,766 |
| सोना | 1,60,350 |
| चांदी | 2,58, 550 |

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 6 मार्च 2026 | 23 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 67, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## हिमाचल से कांग्रेस के अनुराग शर्मा जाएंगे राज्यसभा

### शिमला में सीएम सुखविंद्र सुक्खू की मौजूदगी में भरा नामांकन, भाजपा ने खड़ा नहीं किया प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कांगड़ा जिला अध्यक्ष अनुराग शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की ओर से जैसे ही उनके नाम की घोषणा हुई, प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई। दरअसल लंबे समय से कई बड़े और वरिष्ठ नेताओं के नाम चर्चा में चल रहे थे, लेकिन अचानक संगठन से जुड़े एक युवा चेहरे को आगे कर कांग्रेस हाईकमान ने सबको चौंका दिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मौजूदगी में अनुराग शर्मा ने वीरवार को अपना नामांकन दाखिल किया, जिससे उनका राज्यसभा पहुंचना लगभग तय माना जा रहा है। प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के पास 40 विधायक हैं, जो बहुमत के आंकड़े 35 से पांच अधिक हैं। वहीं विपक्षी भाजपा के पास 28 विधायक हैं। इसी वजह से भाजपा ने इस बार चुनाव में अपना उम्मीदवार भी नहीं उतारा है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा की जीत लगभग तय मानी जा रही है। हिमाचल की राजनीति में कांगड़ा जिला हमेशा निर्णायक माना जाता है, क्योंकि यहां प्रदेश की सबसे ज्यादा 15 विधानसभा सीटें हैं। भाजपा की मौजूदा राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी भी कांगड़ा से संबंध रखती हैं। ऐसे में कांग्रेस ने भी उसी क्षेत्र से जुड़े नेता अनुराग शर्मा को उम्मीदवार बनाकर कांगड़ा के राजनीतिक समीकरण साधने की कोशिश की है।



राज्यसभा के लिए नामांकन भरते कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा। अनंत ज्ञान

**हाईकमान ने जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को चुना: सीएम**

**नामांकन** के बाद सीएम सुक्खू ने कहा कि अनुराग 30 सालों से कांग्रेस से जुड़े रहे हैं। यह फैसला सभी से चर्चा के बाद लिया गया है। उन्होंने जमीन से जुड़े आम कार्यकर्ता को राज्यसभा भेजने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पिछले राज्यसभा चुनाव में कुछ कांग्रेस विधायक बिक गए थे, लेकिन इस बार अगर भाजपा चाहे तो अपना प्रत्याशी खड़ा कर देती, कांग्रेस को कोई डर नहीं था।

## और इधर... बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी भरा नामांकन

**एजेंसी, पटना**

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने वीरवार को विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा कैंडिडेट के लिए नामांकन दाखिल किया। उनके साथ बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। नामांकन के बाद जेडीयू ने गृह विभाग पर अपना दावा ठोका है। अभी ये भाजपा के पास है। सम्राट चौधरी बिहार के गृहमंत्री हैं। उधर, नीतीश के नॉमिनेशन के बाद अमित शाह ने कहा, 'उनका ये कार्यकाल बिहार के इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठ के रूप में लिखा जाएगा। बिहार के विकास के सारे मायने को उन्होंने गति देने का काम किया। उन्होंने अपने शासनकाल में बिहार को जंगलराज से मुक्त करने का काम किया। मैं फिर से नितिन नवीन और नीतीश कुमार का राज्यसभा में आने पर स्वागत करता हूं।' (अनंत ज्ञान)

**बोले- सरकार को पूरा सपोर्ट रहेगा**



**नामांकन** से पहले नीतीश कुमार ने अपने एक्स पर लिखा, 'संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। बिहार की नई सरकार को मेरा सपोर्ट रहेगा।'

## पंचायत चुनाव का रास्ता साफ

### राज्य की सुक्खू सरकार ने डिजास्टर एक्ट हटाया, अब आगे बढ़ेगी इलेक्शन प्रोसेस

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनावों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत 8 अक्तूबर 2025 को जारी वह आदेश वापस ले लिया है, जिसमें राज्य में कनेक्टिविटी बहाल होने तक पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव टालने का निर्णय लिया गया था। इस फैसले के बाद हिमाचल में पंचायत और शहरी निकाय चुनावों की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। पूर्व में एक्ट की आड़ में सरकार पंचायत और नगर निकाय चुनाव टाल रही थी। इसी वजह से राज्य में निर्धारित समय पर चुनाव नहीं हो सके और राज्य की सभी पंचायतों में एडमिन्स्ट्रेटर लगाने पड़े। इसी तरह राज्य के 47 से ज्यादा स्थानीय शहरी निकायों में भी एडमिन्स्ट्रेटर लगा दिए गए है। लोकतंत्र में एडमिन्स्ट्रेटर लगाना अच्छी परंपरा नहीं है। पंचायतों का पांच साल का कार्यकाल 31 जनवरी और 47 निकायों में प्रतिनिधियों का कार्यकाल 17 जनवरी को पूरा हो चुका है। इसके बाद ही प्रशासक नियुक्त किए गए। सरकार यदि डिजास्टर एक्ट नहीं लगाती तो स्टेट इलेक्शन कमीशन नवंबर-दिसंबर 2025 में ही चुनाव कराने की तैयारियां कर चुका था।

इस संबंध में मुख्य सचिव संजय गुप्ता की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पहले प्रदेश में आपदा के कारण संचार और आवागमन व्यवस्था प्रभावित होने के चलते चुनाव स्थगित किए गए थे, ताकि मतदान कर्मियों और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अब हालात सामान्य होने और न्यायालयों के निर्देशों के बाद यह आदेश औपचारिक रूप से निरस्त कर दिया गया है। इस मामले में पहले हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने भी निर्देश दिए थे कि पंचायत राज संस्थाओं और शहरी निकायों के पुनर्गठन से जुड़े सभी प्रक्रियाएं 28 फरवरी 2026 तक पूरी की जाएं और उसके बाद आठ सप्ताह के भीतर चुनाव कराए जाएं।




**सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव करवाने के दिए हैं निर्देश**

**इस** मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने भी 13 फरवरी, 2026 को आदेश दिया कि स्टेट लेक्शन कमीशन, पंचायती राज विभाग, शहरी विकास विभाग और एसडीएमए मिलकर लंबित प्रक्रियाओं को 31 मार्च 2026 तक पूरा करें। अदालत ने यह भी कहा कि इसके बाद 31 मई 2026 तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसी आदेश के मद्देनजर राज्य सरकार ने अब डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत लगाया गया प्रतिबंध वापस ले लिया है। यह आदेश मुख्य सचिव संजय गुप्ता की ओर से जारी किया गया है।

**मई माह तक चुनाव कराने की तैयारी**

**अब** प्रदेश में पंचायतों और शहरी निकायों के चुनाव कराने की राह पूरी तरह साफ हो गई है। संबंधित विभागों और राज्य निर्वाचन आयोग को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी, ताकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप 31 मई 2026 तक चुनाव संपन्न कराए जा सकें। प्रदेश में पहले से ही कई पंचायतों और निकायों में प्रशासक नियुक्त किए जा चुके हैं, ऐसे में अब चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने की पूरी संभावना है।

## अमेरिका-इसराइल की ईरान के साथ जंग जल्द खत्म हो : पीएम

### कहा- सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को दिल्ली में अमेरिका, इसराइल-ईरान और यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।



पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।

अमेरिका-इसराइल और ईरान के बीच छह दिनों से जंग जारी है। अल जजीरा के मुताबिक, इस संघर्ष में अब तक 5000 से ज्यादा बम गिराए हैं। वहीं 20 ईरानी वॉरशिप को डुबो दिया है। इन हमलों में एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। ईरान ने भी पलटवार करते हुए मिडिल ईस्ट के 9 देशों में बने अमेरिकी बेस पर हमला किया है। (अनंत ज्ञान)

**भारत ने छठे दिन जताया खामेनेई की मौत पर शोक, दी श्रद्धांजलि**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। अमेरिका-इसराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी।

**अमेरिका ने ईरान के मोबाइल मिसाइल लॉन्च ट्रक को उड़ाया**

**तेहरान।** यूएस सेंट्रल कमांड ने वीरवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें ईरान के मोबाइल मिसाइल लॉन्च ट्रक को उड़ाते दिखाया गया। इसराइली और अमेरिकी सेनाओं ने वीरवार को भी ईरान के अहम ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। वहीं, ईरान के इसराइल और गल्फ देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ अन्य जगहों पर भी हमले जारी हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल में 476 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। प्रदेश सरकार ने 476 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। सरकार का मानना है कि इन पदों पर भर्ती होने से विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और युवाओं को अपने ही प्रदेश में रोजगार का अवसर मिलेगा। भर्ती प्रक्रिया से जुड़े विस्तृत दिशा-निर्देश और आवेदन से संबंधित जानकारी आधिकारिक माध्यमों के जरिए जारी की जा रही है।

### 5 लाख का इनामी नक्सली राजेश पुनेम मुठभेड़ में ढेर

**एजेंसी, दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले के थाना गीदम क्षेत्र अंतर्गत गुमलनार, गिरसापारा और नेलगोड़ा के बीच जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में मारा गया। मौके से एक एसएलआर, एक इंसास रायफल एवं एक पिस्टल सहित बड़ी मात्रा कारतूस और नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने वीरवार को मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ स्थल से बरामद शव की पहचान राजेश पुनेम एसीएम के रूप में की गई है। राजेश पुनेम पर पांच लाख रुपए का इनामी था। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल में आम चुनाव में 60 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में आम चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग हुई। रात 12 बजे से काउंटिंग शुरू होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 60% वोटिंग हुई। दूरदराज इलाकों में अभी भी वोटिंग हो रही है। अंतिम आंकड़ा जल्द जारी किया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने काठमांडू के धापासी स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला था। उन्होंने कहा कि अब उनका रोल पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। नेपाल चुनाव पर दुनिया के कई देशों की नजर है, क्योंकि सितंबर 2025 में युवाओं के हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह पहला आम चुनाव है। (अनंत ज्ञान)

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नैंसी ग्रेवाल की हत्या

**एजेंसी, जालंधर।** पंजाब मूल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नैन्सी ग्रेवाल की कनाडा के विंडसर शहर में हत्या कर दी गई है। नैन्सी डेरा ब्यास के मुखी बाबा गुरिंदर ढिल्लों और खालिस्तानी गतिविधियों की सोशल मीडिया पर खुलकर आलोचना करती थीं। अज्ञात हमलावर ने उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया। गंभीर रूप से घायल नैन्सी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद भारतीय समुदाय में भी सनसनी फैल गई है। कनाडा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सूखे की मार से धधक उठे ऊपरी शिमला के जंगल -पेज 2
- हिमाचल में वन भूमि पर अतिक्रमण की उलझी गुत्थी -पेज 3
- गरली पुल पर पूर्व सीएम धूमल की उद्घाटन पट्टिका तोड़ी -पेज 4
- विभागीय लापरवाही: हादसे के इंतजार में कुन्नी पुल सड़क मार्ग -पेज 12

## प्रियंका गांधी छुट्टियां मनाने शिमला पहुंची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं लोकसभा में सांसद प्रियंका गांधी बुधवार शाम को शिमला पहुंच गई हैं। वह, शिमला के छराबड़ा में अपने घर पर ठहरी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी अगले चार-पांच दिन वहीं रुकेंगी और छुट्टियां मनाने आई हैं। बताया जा रहा है कि प्रियंका गांधी चंडीगढ़ तक हेलिकॉप्टर से पहुंचीं और वहां से सड़क मार्ग से होते हुए शिमला आईं। उनके निजी दौरे को गोपनीय रखा गया है। एक- दो दिन बाद प्रियंका गांधी हनुमान मंदिर जाखू में दर्शन को पहुंच सकती है। बता दें कि शिमला से लगभग 12 किलोमीटर दूर छराबड़ा में कल्याणी हेलिपैड के पास प्रियंका गांधी ने पहाड़ी शैली में अपना घर बना रखा है। वह साल में पांच-छह बार छराबड़ा आती रही हैं। उनके साथ माता सोनिया गांधी, पति रॉबर्ट वाड्रा, भाई राहुल गांधी और बच्चे भी छराबड़ा आते रहे हैं। खासकर गर्मियों के दौरान प्रियंका गांधी का परिवार यहां कई कई दिन बिताता है।



## कल होगी हिमाचल कैबिनेट की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की अगली बैठक सात मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रदेश सरकार की इस बैठक में विभिन्न प्रशासनिक और विकास से जुड़े मामलों पर चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा सत्र और बजट से पहले कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और नीतिगत विषयों पर मंत्रिमंडल स्तर पर विचार-विमर्श किया जा सकता है।

**◆ विधानसभा के बजट से पहले सरकार ले सकती है महत्वपूर्ण फैसले**

सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभागों से जुड़े लंबित मामलों, योजनाओं की प्रगति और आगामी निर्णयों को लेकर मंथन किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश की आर्थिक स्थिति, प्रशासनिक नियुक्तियों तथा अन्य जनहित से जुड़े विषय भी मंत्रिमंडल की बैठक के एजेंडे में शामिल हो सकते हैं।

**गर्मी** | नेरी में 34.5 डिग्री पहुंचा तापमान, 8 शहरों में 30 के पार

## हिमाचल में मार्च में रिकॉर्डतोड़ गर्मी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। किन्नौर के कल्पा में वीरवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 14.8 डिग्री के उछाल के साथ 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह मार्च महीने में आज तक का दूसरा सर्वाधिक तापमान है। इससे पहले 20 मार्च 2010 को रिकॉर्ड तापमान 24.4 डिग्री है। वहीं, हमीरपुर के नेरी का मैक्सिमम टैम्परेचर 34.5 डिग्री हो गया है।

प्रदेश के अन्य शहरों के तापमान में भी इसी तरह उछाल दर्ज किया गया। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 9.4 डिग्री अधिक हो गया है। अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान मार्च के पहले सप्ताह में इतना कभी नहीं गया। शिमला का पारा सामान्य से 10.0 डिग्री के उछाल के बाद 25.2 डिग्री पहुंच गया है। शिमला में मार्च का रिकॉर्ड टैम्परेचर 27.2 डिग्री है, लेकिन यह 27 मार्च 2004 का है। मार्च के पहले सप्ताह में इतना तापमान कभी नहीं गया।

मनाली का तापमान भी 10.8 डिग्री के उछाल के बाद 25.2 डिग्री पहुंच गया है। कांगड़ा का तापमान भी 11.1 डिग्री ज्यादा के साथ 33.0 डिग्री हो गया। कांगड़ा का मार्च का रिकॉर्ड टैम्परेचर 30 मार्च 2022 को 34.8 डिग्री है। अमूमन मार्च के पहले सप्ताह में पहाड़ों पर मौसम ठंडा रहता था, लेकिन इस बार अप्रैल जैसी गर्मी अभी से पड़नी शुरू हो गई है। प्रदेश के 8 शहरों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है।



**कल से बारिश और बर्फबारी के आसार**

**मौसम** विभाग की माने तो 2 दिन बाद यानी सात मार्च से मौसम बदलने वाला है। राज्य में सात मार्च से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर 8 मार्च को छोड़कर अगले 4 दिन तक रहेगा। सात मार्च को वेस्टर्न डिस्टरबेंस कमजोर रहेगा। इस दिन लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में ही हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। आठ मार्च को मौसम साफ हो जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### धरोगड़ा पंचायत के जयेश वर्मा बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला ग्रामीण की तहसील सुन्नी के गांव नतराड़ पंचायत धरोगड़ा से ताल्लुक रखने वाले 23 वर्षीय जयेश वर्मा ने पहले प्रयास में ही चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की कठिन फाइनल परीक्षा पास कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। आईसीएआई की इस परीक्षा में सफलता पाकर जयेश ने माता-पिता और परिजनों के चेहरों पर हंसी बिखेर दी। फिलहाल चंडीगढ़ में इंटर्नशिप पूरी कर रहे जयेश ने कहा कि कड़ी मेहनत और माता-पिता के मार्गदर्शन से ही यह सपना सच हुआ। चचेरे भाई दिशांत वर्मा के बाद जयेश परिवार में तीसरे सीए बनें हैं, जो कि बड़ी उपलब्धि है। पिता प्रेम वर्मा भी सीए हैं, जबकि मां मीना वर्मा शिक्षिका हैं। बहन रुपाशी एमएनसी में कार्यरत हैं। पिता प्रेम वर्मा का कहना है कि शिमला के छोटे से गांव से चंडीगढ़ तक का सफर आसान नहीं था। ईष्ट देवता पंदोई और बड़ों के आशीर्वाद से सबकुछ संभव हो पाया। बेटे की यह उपलब्धि हम सबके लिए गौरवान्वित पल है।

### खनेरी में शौचालय के पास मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के खनेरी में आज सुबह सुलभ शौचालय के निकट 22-23 वर्षीय अंशुल नेगी का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान किन्नौर जिले के निचार तहसील, ऊरनी गांव के बालक राम के पुत्र के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, शव मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना रामपुर की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी चिकित्सा सेवाएं परिसर खनेरी भेज दिया। परिजनों को सूचना दे दी गई है, तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू हो गई है।

### चायल-कोटी कॉलेज में हुई करियर परामर्श कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय करियर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और विभिन्न सेवाओं में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के मार्गदर्शनपरक कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इससे युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने की दिशा स्पष्ट होती है। कार्यशाला में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित मुस्कान ठाकुर ने उच्च शिक्षा में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग, अनुशासित और परिश्रमी रहने की प्रेरणा दी। वहीं नम्रता वर्मा ने पुलिस, सेना तथा होम गार्ड में भर्ती की प्रक्रिया, आवश्यक शारीरिक दक्षता और देश सेवा के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### स्वाभिमान राजनीति में होता है बहुत महंगा : आनंद शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर अपना नाम घोषित न किए जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को एक समाचार एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह यह नहीं कहेंगे कि वह निराश हैं, लेकिन राजनीति में स्वाभिमान बहुत महंगा होता है और सच बोलना अक्सर जुर्म माना जाता है। उन्होंने कहा कि जो लोग फैसले लेते हैं, उनके पास अधिकार होता है और वही इस निर्णय के बारे में स्पष्ट कर सकते हैं। आनंद शर्मा ने कहा कि उन्हें दशकों तक हिमाचल प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला, जो उनके लिए गर्व की बात रही है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़े रहेंगे और सच बोलने से उन्हें कभी रोका नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह इस मामले को पार्टी के उच्च नेतृत्व के पास नहीं ले जाएंगे और न ही इस संबंध में उनसे बातचीत करेंगे। आनंद शर्मा करीब पांच दशक से राजनीति में सक्रिय हैं। वह मनमोहन सिंह की सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं और राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। शिमला से संबंध रखने वाले आनंद शर्मा हिमाचल प्रदेश और राजस्थान से दो-दो बार राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में वह कांगड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी थे, हालांकि उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

# ईरान पर अमेरिकी-इसराइली हमले के खिलाफ शिमला में सीपीआई (एम) का प्रदर्शन

## पश्चिम एशिया में युद्ध की राजनीति के खिलाफ उठी आवाज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को शिमला में ईरान पर अमेरिकी-इसराइली हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने साम्राज्यवाद और युद्ध की राजनीति के खिलाफ नारे लगाए तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीपीआई(एम) राज्य सचिवालय सदस्य राकेश सिंहा तथा जिला कमेटी सदस्य अमित और विवेक कश्यप ने अमेरिकी साम्राज्यवाद और इसराइली आक्रमण की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ईरान की संप्रभुता पर किया गया हमला अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का खुला उल्लंघन है, जो विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।



सीपीआई(एम) कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र को लगातार युद्ध और अस्थिरता की ओर धकेला जा रहा है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा आम जनता और मेहनतकश वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। साम्राज्यवादी शक्तियां अपने आर्थिक और सामरिक हितों को सुरक्षित करने के लिए इस क्षेत्र में तनाव और टकराव को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे पूरे विश्व की शांति और स्थिरता प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ यह हमला केवल एक देश पर आक्रमण नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। इसका असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है, जिसका सीधा प्रभाव भारत जैसे देशों पर पड़ेगा जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं। वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि वह इस आक्रमण की स्पष्ट निंदा करे और क्षेत्र में शांति तथा कूटनीतिक समाधान के पक्ष में प्रभावी पहल करे।

इस मौके पर सीपीआई(एम) के राज्य सचिव संजय चौहान, राज्य कमेटी सदस्य जगत राम, विजय कौशल, राम सिंह, फालमा चौहान, कमल, रामप्रकाश, विवेक नेहरा, प्रवेश, तिलक राज, पूर्ण, ईश्वर, दुष्यंत, दुशांत, दीप राम, सीता राम, उमा, निशा सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने दुनिया भर के मेहनतकश लोगों से शांति, संप्रभुता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान भी किया।

# आज होगा 27वां डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति व्याख्यान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रपति निवास स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में 6 मार्च को 27वें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की स्थापना के साठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्ष प्रो. शशि प्रभा कुमार करेंगी, जबकि मुख्य व्याख्यान प्रो. अरिंदम चक्रवर्ती द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. हिमांशु कुमार चतुर्वेदी स्वागत और परिचयात्मक वक्तव्य देंगे।

व्याख्यान में बृहदारण्यक उपनिषद के दार्शनिक संदर्भों के आधार पर आदर्शवाद और यथार्थवाद के संबंधों पर विचार रखा जाएगा तथा समकालीन वैश्विक चुनौतियों के बीच मानवीय मूल्यों पर आधारित दार्शनिक दृष्टि की प्रासंगिकता पर चर्चा होगी।

इसी अवसर पर संस्थान परिसर में गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर को समर्पित एक विशेष

**◆ भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर चित्रदीर्घा का भी किया जाएगा उद्घाटन**

चित्रदीर्घा का उद्घाटन भी किया जाएगा। इस चित्रदीर्घा में उनके जीवन के विभिन्न चरणों, समकालीन महान व्यक्तित्वों के साथ संवाद तथा अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक मंचों पर उनकी उपस्थिति से जुड़े दुर्लभ चित्रों को विषयानुसार प्रदर्शित किया गया है।

साथ ही इसमें उनकी साहित्यिक, कलात्मक और नाट्य कृतियों के साथ शांतिनिकेतन और श्रीनिकेतन में किए गए शैक्षिक प्रयोगों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की झलक भी प्रस्तुत की गई है। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार यह चित्रदीर्घा आगंतुकों और शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आकर्षण बनेगी और देश की समृद्ध बौद्धिक परंपरा को समझने का सशक्त माध्यम सिद्ध होगी।

# जुन्गा में बढ़ा जापानी फल की बागवानी का रुझान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सेब, आड़ू, प्लम और खुमानी जैसी पारंपरिक बागवानी के बाद अब शिमला के जुन्गा क्षेत्र में किसानों का रुझान पॉर्सिमॉन अर्थात जापानी फल की खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है। तहसील जुन्गा की पीरन पंचायत के धाली बागड़ा गांव में इन दिनों जापानी फल की पौध तैयार की जा रही है, जिसे स्थानीय किसान एक नए और लाभकारी प्रयोग के रूप में देख रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस क्षेत्र की जलवायु इस फल के उत्पादन के लिए काफी अनुकूल मानी जा रही है, इसलिए वे अपने स्तर पर इसके पौधे तैयार कर रहे हैं।

स्थानीय किसान अनोखी राम, सत्य प्रकाश कश्यप, कुलदीप, सुरेश, आशा, रंजना, नरेश, शीला दत्त, संजू और लीला दत्त ने बताया कि जापानी फल की एक पौध तैयार करने में करीब दो से तीन सौ रुपये तक का खर्च आता है, जबकि बाजार में तैयार पौध की अच्छी मांग बनी हुई है। किसानों ने बताया कि इस बारे में उद्यान विभाग की ओर से अब तक कोई विशेष तकनीकी मार्गदर्शन नहीं मिला है, इसलिए उन्होंने राजगढ़ क्षेत्र के ढलैण गांव से ग्राफ्टिंग विशेषज्ञ इंद्र प्रकाश कश्यप को विशेष रूप से बुलाया है, जो धाली बागड़ा में



जापानी फल की पौध पर ग्राफ्टिंग करते हुए विशेषज्ञ इंद्र प्रकाश कश्यप। अनंत ज्ञान

पौधों की ग्राफ्टिंग कर रहे हैं। इंद्र प्रकाश कश्यप ने बताया कि फरवरी और मार्च का समय जापानी फल की ग्राफ्टिंग के लिए सबसे उपयुक्त होता है क्योंकि इस दौरान पौधा निष्क्रिय अवस्था में रहता है और कलम आसानी से सफल हो जाती है।

बागवानी विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता के अनुसार जापानी फल का पौधा समुद्र तल से लगभग 800 से 1500 मीटर की ऊंचाई तक सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है और बाजार में इसकी काफी मांग रहती है। उन्होंने बताया कि यह फल फाइबर, विटामिन ए और विटामिन सी से भरपूर होता है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ आंखों की रोशनी और हृदय को स्वस्थ रखने में भी सहायक है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से इस वर्ष मशोबरा विक्रय केंद्र के माध्यम से भी किसानों को जापानी फल के पौधे उपलब्ध करवाए गए हैं।

# देवों के आगमन के साथ फाग मेला शुरू

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर के राज दरबार ग्राउंड में आज देवताओं के आगमन के साथ ही चार दिवसीय जिला स्तरीय फाग मेले का आगाज हो गया। देवताओं की अगवानी व स्वागत के लिए प्रशासन की ओर से एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह व नगर परिषद कर्मचारियों ने पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया।

प्रथा के अनुसार देवता राज प्रसाद के मुख्य द्वार पर आते हैं जहां पर प्रशासन की ओर से एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह ने सभी देवताओं का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। इसके बाद देवताओं के रथ राज महल के मुख्य द्वार पर आए जहां पर राजमाता प्रतिभा सिंह एवं अन्य राज परिवार से संबंधित लोगों ने देवताओं का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। आज दिन भर विभिन्न स्थानों से देवी देवताओं का आना जारी रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार नगर परिषद की ओर से 21 देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया है,



देवता का स्वागत करते एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

जो कि चार दिन तक राज महल के प्रांगण में विराजमान रहेंगे तथा नगर भ्रमण कर नगर के लोगों को आशीर्वाद देंगे। देवी-देवताओं के साथ उनके क्षेत्र के हजारों लोग देवताओं के रथ के साथ चलते रहे। हालांकि, इस दौरान शहर में बार-बार जाम लगने की समस्या पेश आती रही, लेकिन प्रशासन और पुलिस की कार्य कुशलता से स्थिति सामान्य बनती रही। कल यानी मेले के दूसरे दिन दरबार परिसर में दिनभर नाटीयों का दौर चलेगा जो की फाग मेले की अपनी एक अलग ही पहचान होती है।

बताते चलें कि मेले में रामपुर कुल्लू क्षेत्र के देवी-देवता भाग लेते हैं। गौर हो कि इस दौरान तीन संस्कृत संध्याओं का भी आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश के जाने-माने कलाकार अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेंगे। आज की रात्रि कालीन सांस्कृतिक संध्या में पूर्व सांसद एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

## महिलाओं के लिए सिलाई और बुनाई केंद्र की वेबसाइट लॉन्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के झांसी पार्क स्थित नेशनल कौंसिल फॉर वूमेन सिलाई-बुनाई केंद्र की वेबसाइट वीरवार को औपचारिक रूप से लॉन्च कर दी गई। इस वेबसाइट के माध्यम से केंद्र की गतिविधियों, उपलब्धियों तथा जरूरतमंद लड़कियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी अब एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। साथ ही सिलाई-कढ़ाई सहित केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के बारे में भी इच्छुक छात्राओं को पूरी जानकारी मिल सकेगी।

केंद्र में सिलाई-कढ़ाई डिप्लोमा, पेंटिंग डिप्लोमा, सॉफ्ट खिलौने तैयार करना, फूल बनाना व सजाना तथा ब्यूटीशियन डिप्लोमा जैसे कई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वेबसाइट का निर्माण इंक वेब सॉल्यूशन चंडीगढ़ वेस्ट के कुलदीप वर्मा ने किया है। इस अवसर पर केंद्र की अध्यक्ष नीरता आक्रे, कोषाध्यक्ष मंजू सूद, प्रशासनिक संयोजक मीनू प्रकाश, चंद्र कांता, सदस्य गीता नंदा, माला सिंह और पिंकी गोयल सहित केंद्र की छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

# सीएम ने लोगों संग खेली होली, राज्यपाल को भी लगाया गुलाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री आवास ओक ओवर में रंगों का पर्व होली अत्यंत उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज के विभिन्न वर्गों से आए लोगों के साथ गुलाल लगाकर और पारंपरिक नाटी नृत्य में भाग लेकर उत्सव को और भी जीवंत बना दिया। पूरे परिसर में रंग, संगीत और पारंपरिक लोकधुनों की गूंज के बीच भाईचारे और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे नागरिकों का आत्मीय स्वागत किया और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी विश्वास को सुदृढ़ करने का प्रतीक है। यह पर्व जाति, पंथ और सामाजिक भेदभाव की दीवारों को तोड़कर लोगों को एकता के सूत्र में बांधने का संदेश देता है।

ओक ओवर में आयोजित इस उत्सव में मुख्यमंत्री के साथ उनके कैबिनेट सहयोगी, विधायक, महापौर, महाधिवक्ता, पूर्व विधायक और नगर निगम के पार्षद भी शामिल हुए। इसके अलावा प्रदेश सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक और



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को गुलाल लगाते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल। अनंत ज्ञान

पुलिस अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रमुख तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक हिमाचली नाटी की धुन पर मुख्यमंत्री और उपस्थित लोगों ने सामूहिक नृत्य कर उत्सव को यादगार बना दिया। उत्सव के दौरान पूरे परिसर में रंगों की छटा बिखरी रही और लोगों ने पारंपरिक मिठाइयों तथा संगीत के बीच इस पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इसे सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

वहीं, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोकभवन शिमला में 'होली मिलन' कार्यक्रम रखा था, जिसमें कई गणमान्य अतिथि बुलाए गए थे। राज्यपाल ने उनके साथ होली मनाई। सीएम सुक्खू की पत्नी एवं देहरा से विधायक कमलेश ठाकुर के साथ लोक भवन पहुंचे थे और उन्होंने राज्यपाल को गुलाल लगाकर बधाई दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि रंगों का यह त्योहार हिमाचल प्रदेश के लोगों के बीच आपसी भाईचारे और सद्भाव के बंधन को और मजबूत करेगा। उधर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी सरकारी आवास पर भाजपा नेताओं के साथ होली मनाई और नाटी डाली।

## छराबड़ा के पास चलती बस का खुला टायर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला से चिड़गांव जा रही एक निजी बस गुरुवार को छराबड़ा और कुफरी के बीच अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, हालांकि सौभाग्यवश बड़ा हादसा टल गया। चलती बस का एक टायर अचानक निकल गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी निकासी नाली में जा घुसा और वहीं रुक गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू प्रेम बस सर्विस की यह बस शिमला से चिड़गांव की ओर जा रही थी। छराबड़ा के समीप टायर खुल जाने के कारण चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क से हटकर नाली में जा अटकी। उस समय बस में लगभग 25 यात्री सवार थे, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। सभी सवारियां सुरक्षित बताई जा रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासनिक दल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## स्प्रिंगडेल की छात्रा अर्शी ने पास की सैनिक स्कूल परीक्षा



छात्रा अर्शी को बधाई देते प्रधानाचार्य।

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल में स्थित स्प्रिंगडेल स्कूल खनेरी की कक्षा छठी की छात्रा अर्शी कामटस ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा में अपना स्थान पक्का कर लिया। ट्राइबल श्रेणी में उपलब्ध एकमात्र सीट पर अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा से सफलता हासिल कर अर्शी ने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि स्कूल परिवार व अभिभावकों के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानाचार्य मनीष आनंद ने अर्शी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**नुकसान** — ऊपरी शिमला में बढ़ता वनाग्नि संकट, हर साल करोड़ों की वन संपदा राख

# सूखे की मार से धधक उठे ऊपरी शिमला के जंगल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में इन दिनों सूखे की स्थिति ने जंगलों में आग की घटनाओं को गंभीर रूप दे दिया है। रामपुर उपमंडल के ननखड़ी क्षेत्र के साथ-साथ देलट, नालाबन साइड और आसपास के वन क्षेत्र भीषण आग की चपेट में हैं। हरे-भरे जंगल धू-धू कर जल रहे हैं और लपटें दूर-दूर तक फैलती जा रही हैं। लगातार बढ़ती इस आग से वन संपदा के साथ-साथ वन्यजीवों को भी भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ननखड़ी क्षेत्र, जो अपने घने देवदार और अन्य बहुमूल्य वृक्षों के लिए जाना जाता है, वहां भी आग ने भयावह रूप धारण कर लिया है। यही स्थिति कुफरी और ऊपरी शिमला के अन्य क्षेत्रों में भी देखने को मिल

**◆ लापरवाही और मानवीय कारणों से भड़कती आग**

**◆ वन संपदा और वन्यजीवों पर गहराता खतरा**




रही है, जहां हर साल आग की घटनाएं सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जरा-सी लापरवाही, सूखे मौसम और तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैल जाती है और देखते ही देखते बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लेती है।

ऊपरी शिमला के कई हिस्सों में यह आग अब एक गंभीर वार्षिक संकट बनती जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय से जारी सूखे, जंगलों में गिरी सूखी पत्तियों और मानवीय कारणों के चलते आग भड़कने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दूसरी ओर, क्षेत्र में अवैध कटान के मामलों को लेकर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे वन क्षेत्रों की संवेदनशीलता और अधिक बढ़ गई है। वनाग्नि की इन घटनाओं से हर वर्ष करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा नष्ट हो जाती है। देवदार, बान और अन्य बहुमूल्य वृक्षों के साथ-साथ जंगलों में रहने वाले अनेक वन्यजीव भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह संकट आने वाले वर्षों में और भी भयावह रूप ले सकता है।

**आग की घटनाओं को रोकने के लिए बनाई जाए ठोस रणनीति**

**स्थानीय** लोगों ने सरकार और वन विभाग से मांग की है कि जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए। साथ ही आग लगने की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि हिमालयी क्षेत्र के इन अनमोल जंगलों और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## डीसी शिमला के नाम से बना फर्जी फेसबुक अकाउंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** डीसी शिमला अनुपम कश्यप के नाम और तस्वीर का उपयोग कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक अकाउंट बना लिया है। इस मामले की जानकारी मिलने पर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिमला और साइबर क्राइम सेल को औपचारिक शिकायत दी है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल यह पता लगाने में जुट गया है कि यह फर्जी प्रोफाइल किसने और किस उद्देश्य से बनाई है।

उपायुक्त ने आम जनता और अधिकारियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि इस फर्जी फेसबुक प्रोफाइल से किसी को कोई संदेश भेजा जाता है या पैसों की मांग की जाती है तो उस पर विश्वास न करें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध संदेश या प्रोफाइल की तुरंत रिपोर्ट करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# एचपीयू में एसएफआई ने मनाया होली उत्सव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बढ़ रही नफरत, विभाजन और भेदभाव की राजनीति के खिलाफ एकता, भाईचारे और मानवता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपसी सौहार्द का वातावरण बनाया।

इस दौरान एसएफआई की एचपीयू इकाई की ओर से बॉयज हॉस्टल से गर्ल्स हॉस्टल तक एक सांस्कृतिक झांकी भी निकाली गई। झांकी के माध्यम से हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों की एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। करीब 400 छात्रों की भागीदारी वाली इस झांकी का समापन गर्ल्स




एसएफआई द्वारा निकाली गई सांस्कृतिक झांकी। अनंत ज्ञान

**◆ नफरत और विभाजन की राजनीति के खिलाफ छात्रों का सांस्कृतिक प्रदर्शन**

हॉस्टल परिसर में हुआ, जहां छात्रों ने एकजुट होकर मानवता, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थन का संकल्प लिया।

कैंपस सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि छात्र समुदाय हर प्रकार की विभाजनकारी और फासीवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के बीच भाईचारे और समानता की भावना को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

# अनुराग शर्मा का और बढ़ा कद, 32 साल पहले की गई संत की भविष्यवाणी हुई सच

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस पार्टी ने आखिर बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के बीड़ से संबंध रखने वाले एवं हाल ही में बनाए गए जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अनुराग शर्मा को उम्मीदवार घोषित कर सबको चौंका दिया है। इस घटनाक्रम के साथ ही न केवल कांगड़ा जिले, बल्कि प्रदेशभर में सियासी हलचल तेज हो गई है।

छात्र राजनीति से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले अनुराग आज प्रदेश की राजनीति के बड़े मंच तक पहुंचने की दहलीज पर खड़े हैं। संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रहने और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के कारण उनका राजनीतिक कद लगातार बढ़ता गया है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा के लिए कांगड़ा को तवज्जो देने के कई राजनीतिक मायने हैं। इससे पहले भी कांगड़ा जिले के विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ से ही राज्यसभा का प्रतिनिधित्व भाजपा नेत्री इंदु गोस्वामी कर चुकी हैं और अब अनुराग शर्मा के नाम से एक बार फिर जिला कांगड़ा प्रदेश की राजनीति के केंद्र में आ गया है।



अनुराग केवल नाम के ही अनुराग नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनहितों से भी उनका गहरा अनुराग है। वह जरूरतमंद लोगों की सहायता, सामाजिक कार्यक्रमों और रक्तदान शिविरों के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। यही कारण है कि क्षेत्र में उनकी जनहितैषी नेता के रूप में पहचान बनी है।

**छात्र राजनीति से अब तक :** अनुराग शर्मा का जन्म 29 अगस्त 1978 को हुआ। उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से वर्ष 1993 में दसवीं तथा वर्ष 1996 में बारहवीं (नॉन-मेडिकल) की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद वर्ष 1999 में हिमाचल प्रदेश विवि शिमला से गणित विषय में बीए की डिग्री प्राप्त की।

## ये हैं अनुराग शर्मा की प्राथमिकताएं

**प्राकृतिक** आपदाओं से जूझ रहे प्रदेश के आर्थिक और आधारभूत ढांचे को मजबूत करना, आरडीजी मुद्दे को केंद्र के समक्ष रखना, रेल यातायात का सुचारु बनाना, महिला सशक्तिकरण, व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा, हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा का लाभ और प्रदेश के औद्योगिक ढांचे को मजबूती प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेंगी, जिसके लिए वह हर स्तरीय मंच पर हिमाचल की आवाज को बुलंद करेंगे।

राजनीतिक जीवन की शुरुआत उन्होंने एनएसयूआई से की। साल 1994 से कांग्रेस संगठन से जुड़े। वर्ष 1998 और 1999 में गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज बैजनाथ में एनएसयूआई के कैंपस अध्यक्ष रहे। इसके साथ ही वर्ष 1996 से 2001 तक एनएसयूआई के राज्य महासचिव के रूप में भी कार्य किया। वर्ष 2002 से 2006 तक जिला युवा कांग्रेस के महासचिव, वर्ष 2007 से 2012 तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैजनाथ के महासचिव तथा वर्ष 2014 से 2019 तक हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। वर्ष 2015 से 2017 के दौरान उन्हें जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की ओर से पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी भी दी गई।

अनंत ज्ञान विशेष

**हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के निदेशक रहे :** अनुराग को विभिन्न सरकारी पदों पर भी सेवाएं देने का अवसर मिला। वर्ष 2013 से 2017 तक वे हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के निदेशक रहे। इसी अवधि में वे युवा एवं खेल सेवाएं विभाग के सदस्य के रूप में भी कार्यरत रहे। वर्तमान में वे हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की विजिलेंस एंड प्रिवेंशन कमेटी के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

खेल और पर्यटन गतिविधियों में भी उनकी विशेष रुचि रही है। वे बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2010 से 2020 तक एसोसिएशन के निदेशक तथा वर्ष 2020 से 2025 तक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने बीड़-बिलिंग में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहीं, अनुराग को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर जोगिंद्रनगर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। पूर्व नेता जीवन ठाकुर, पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र पाल ठाकुर, गुरुशरण परमार, डॉ. राकेश धरवाल, राकेश चौहान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस हाईकमान के फैसले का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## तुम्हारा सितारा एक दिन सूर्य की तरह चमकेगा

**अनुराग** शर्मा ने बताया कि करीब 32 वर्ष पहले जब वे 15 वर्ष के थे, तब जन्मपत्री लेकर बीड़ के प्रसिद्ध संत स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती के पास अपना भविष्य जानने पहुंचे थे। तब स्वामी ने उनकी जन्मपत्री देखने से पहले ही उनके चेहरे को गौर से देखा और मुस्कराते हुए कहा कि तुम्हारा सितारा एक दिन सूर्य की तरह चमकेगा। उस समय यह बात उनके लिए एक आशीर्वाद की तरह थी। आज करीब तीन दशक बाद जब अनुराग का नाम राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में सामने आया है, तो लोग इसे संत की दूरदर्शिता और आशीर्वाद से जोड़कर देख रहे हैं। स्वामी विशुद्धानंद बेशक इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी भविष्यवाणी सच प्रतीत होती दिखाई दे रही है।



# कुल्लू से लापता हुआ आईटीबीपी का जवान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला लाहौल-स्पीति का युवक 24 फरवरी है लापता है। कुल्लू बस स्टैंड से लापता हुए आईटीबीपी के 26 वर्षीय जवान योगेश कुमार का 11 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। लाहौल-स्पीति निवासी इस जवान के परिजन गहरे सदमे में हैं। वीरवार को जवान के पिता और रिश्तेदारों ने कुल्लू के एसपी मदनलाल कौशल से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और मामले में त्वरित व ठोस कार्रवाई की मांग की है।

**फोन कॉल के बाद अचानक हुए गायब:** लापता जवान के पिता प्रेम सिंह ने बताया कि घटना 24 फरवरी की है। योगेश शाम करीब 7 बजे कुल्लू बस स्टैंड पर थे, जहां से उन्हें रात 10:30 बजे की बस से हरिद्वार (उत्तराखंड) के लिए रवाना होना था। पिता के अनुसार, बस स्टैंड पर योगेश को किसी का फोन आया और वह बात करते-करते वहां से कहीं चले गए। जब बस चलने का समय हुआ, तब भी योगेश वापस नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी बंद आने लगा।

## नौकरी छोड़ने की बात आई सामने

**इस** मामले पर एसपी कुल्लू मदनलाल कौशल ने बताया कि पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अब कॉल डिटेल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन के आधार पर युवती और जवान के संपर्कों की पड़ताल कर रही है। एसपी ने कहा कि किसी कारणवश योगेश ने नौकरी छोड़ दी थी। पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदर्शन जसपा ने कहा कि योगेश का अभी तक कोई भी सुराग नहीं मिला है। पुलिस परिजनों के शक के आधार पर कार्रवाई करे।

## किसी युवती के संपर्क में था जवान, परिजनों को शक

**परिजनों** ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में एक युवती पर संदेह व्यक्त किया है। पिता प्रेम सिंह का आरोप है कि योगेश पिछले कुछ समय से एक लड़की के संपर्क में था और उसने कई बार उस युवती को पैसे भी ट्रांसफर किए थे। परिजनों के अनुसार, योगेश उस लड़की से मिलने कई बार उसके घर भी गया था। उन्होंने शक जताया है कि योगेश के अचानक लापता होने के पीछे उसी युवती का हाथ हो सकता है।

# हिमाचल में वन भूमि पर अतिक्रमण की उलझी गुत्थी

## नीति के इंतजार में हजारों परिवार, सरकार के सामने बड़ा इम्तिहान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मुद्दा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है और आने वाले दिनों में इसका भविष्य तय होना है। प्रदेश सरकार सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नई नीति तैयार करने की प्रक्रिया में है, लेकिन इस विषय पर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर तीखी बहस भी शुरू हो गई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में वर्षों से बसे हजारों परिवारों का सवाल इस मुद्दे से जुड़ा हुआ है, जबकि दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण और जंगलों को बचाने की चुनौती भी उतनी ही गंभीर है। ऐसे में सरकार के सामने संतुलन साधना आसान नहीं माना जा रहा।

सूत्रों के अनुसार प्रदेश में वन भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की संख्या काफी अधिक बताई जा रही है। उपलब्ध सरकारी आकलनों और विभिन्न विभागीय सूचनाओं के आधार पर अनुमान है कि राज्य में लगभग 1 लाख 65 हजार के करीब से अधिक छोटे-बड़े अतिक्रमण दर्ज हैं, जिनमें हजारों हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर यह अतिक्रमण खेती, बागवानी और मकानों के रूप में वर्षों से मौजूद है। खासकर जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों सहित, कुल्लू सिरमौर, मंडी और कांगड़ा जैसे जिलों में सेब तथा अन्य फलदार पौधों के बागान भी ऐसी जमीनों पर विकसित हो चुके हैं, जिससे मामला और अधिक पेचीदा बन गया है।

इसी पृष्ठभूमि में विगत दिनों राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में शिमला में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजस्व, वन और विधि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप एक नीति प्रारूप तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासनिक स्तर पर तेजी लाने के लिए अतिरिक्त सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में एक उपसमिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया है, जो एक सप्ताह के भीतर प्रस्तावित नीति का प्रारूप सरकार को सौंपेगी। सरकार का कहना है कि यह नीति कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी। हालांकि इस पूरी प्रक्रिया को लेकर प्रदेश में अलग-अलग मत सामने आ रहे हैं। पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि जंगलों पर कब्जे को वैधता दी गई तो इससे वन संपदा और पारिस्थितिकी पर गंभीर असर पड़ेगा।

## सरकार को संतुलन साधने की चुनौती

**वहीं,** दूसरी ओर ग्रामीण और छोटे बागवानों का तर्क है कि कई परिवार दशकों से इन जमीनों पर निर्भर हैं और अचानक बेदखली उनके लिए सामाजिक व आर्थिक संकट पैदा कर सकती है। सेब और अन्य फलदार पौधों के बढ़ते बागानों ने भी स्थिति को संवेदनशील बना दिया है, क्योंकि बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी आजीविका इन्हीं जमीनों पर आधारित कर ली है। ऐसे में सरकार की आगामी नीति प्रदेश की राजनीति, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था, तीनों के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।

# टकारला में वनकाटुओं ने दिनदहाड़े खैर के पेड़ों पर चलाई कुल्हाड़ी

अनंत ज्ञान



काटे हुए पेड़ दिखाता स्थानीय व्यक्ति। अनंत ज्ञान

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अंब के अंतर्गत आने वाले गांव टकारला में वनकाटुओं के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे दिनदहाड़े ही अवैध कटान को अंजाम देने लगे हैं। ताजा मामले में वनकाटुओं ने टकारला में निजी भूमि पर खड़े खैर के पेड़ों को काट दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत और रोष का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव टकारला निवासी राजीव कुमार ने पुलिस थाना अंब में शिकायत दर्ज करवाई है कि गांव के ही दो व्यक्तियों ने उनकी निजी भूमि में खड़े खैर के पेड़ों पर आरा चला दिया। राजीव कुमार के अनुसार जब वह शाम के समय जंगल की ओर गए तो उन्होंने देखा कि गांव के ही दो व्यक्ति खैर के पेड़ काट रहे थे। उन्हें अपनी ओर आते देख दोनों व्यक्ति मौके से जंगल की ओर भाग गए।

राजीव ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो वहां खैर के पेड़ों के करीब 35 मौछे (लकड़ी के टुकड़े) पड़े हुए थे, जिससे अवैध कटान की पुष्टि होती है। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी और कटी हुई खैर की लकड़ी वन विभाग के सुपुर्द कर दी। साथ ही पुलिस थाना अंब में भी इसकी शिकायत दर्ज करवाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की घटनाएं सामने आ रही हैं, जबकि सरकार द्वारा खैर के पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आने से लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

वहीं, डीएसपी अंब अनिल पटयाल ने बताया कि मामले को लेकर शिकायत प्राप्त हुई है। प्रथम दृष्टया यह मस्तरका भूमि से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अगर निजी भूमि से चोरी से खैर काटने का मामला पाया गया तो तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का बड़ा फैसला

# परीक्षा के 48 घंटे के भीतर जारी होगी एमसीक्यू उत्तर कुंजी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि मार्च 2026 में आयोजित की जा रही मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) की उत्तर कुंजी परीक्षा संपन्न होने के मात्र 48 घंटे के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को उत्तरों की शुद्धता जांचने का तत्काल अवसर प्रदान करना है।

बोर्ड ने उत्तर कुंजी में सुधार के लिए भी एक पारदर्शी प्रक्रिया तय की है। यदि किसी परीक्षार्थी, शिक्षक या अन्य व्यक्ति को जारी की गई उत्तर कुंजी में कोई त्रुटि नजर आती है, तो वे आगामी 5 अप्रैल 2026 तक अपनी आपत्ति लिखित रूप में बोर्ड कार्यालय की ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार संशोधन के बाद ही परिणाम की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### ◆ विद्यार्थियों व शिक्षकों को तत्काल मिलेगी सुविधा

इसके अतिरिक्त, प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) के कारण फरवरी में अधूरी रही प्रायोगिक परीक्षाओं के शेड्यूल को भी पुनर्निर्धारित किया गया है। अब कक्षा 10वीं और 12वीं (नियमित) के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन 2 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। स्कूल अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार इस मूल्यांकन को ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संपन्न करा सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान किसी कारणवश प्रैक्टिकल परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, उन्हें इस पुनर्निर्धारित अवधि में एक और अवसर दिया जाएगा। बोर्ड का लक्ष्य परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह से छात्र-हितैषी और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# हिमाचल में मेयर-डिप्टी मेयर का कार्यकाल पांच साल हुआ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निगमों के मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल अब अढ़ाई साल से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा लाए गए संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मंजूरी मिलने के बाद यह प्रावधान प्रदेश के सभी नगर निगमों में लागू होगा। अब औपचारिक रूप से इसे राजपत्र में प्रकाशित किया जाना शेष है।

जानकारी के अनुसार इस मुद्दे को लेकर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरकार ने एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मेयर का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला लिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब यह याचिका दायर की गई थी, उस समय ऐसा कोई कानून लागू नहीं था। हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि विधानसभा द्वारा पारित संशोधन विधेयक को राज्यपाल की स्वीकृति मिल चुकी है। इससे पहले राज्यपाल ने जनवरी 2026 में कुछ आपत्तियां लगाकर विधेयक सरकार को वापस भेज दिया था। इसके बाद सरकार ने 16 फरवरी को इसे फिर से विधानसभा में पेश किया और उसी दिन पारित कराकर दोबारा मंजूरी के लिए भेज दिया, जिस पर अब राज्यपाल ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

# किरतपुर-मनाली फोरलेन पर बाइक खाई में गिरी, युवक की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर भगेड़ क्षेत्र के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा देर रात उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ढांक से टकराने के बाद खाई में जा गिरी।

पुलिस थाना भगेड़ में दर्ज एफआईआर के अनुसार शिकायतकर्ता अमनजोत सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी वार्ड नंबर 25, बस्ती मोहन सिंह, जिला मोगा (पंजाब) ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ मणिकर्ण साहिब माथा टेकने के लिए निकले थे।

उन्होंने बताया कि 4 मार्च की रात करीब 11:15 बजे जब वे किरतपुर से मनाली की ओर जा रहे थे, तो भगेड़ से थोड़ा आगे बागठेड़ू फुटओवर ब्रिज के पास उनके साथी गुरप्रताप सिंह बाइक नंबर पीबी-10 एचएफ-4511 चला रहे थे, तभी चालक बाइक पर से नियंत्रण खो बैठा। बाइक सड़क किनारे ढांक और पत्थरों से टकराने के बाद कच्चे गोले में जा गिरी।

हादसे में बाइक चालक गुरप्रताप सिंह के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे अरमानदीप को कोई चोट नहीं लगी। घायल गुरप्रताप सिंह को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उधर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि होला मोहल्ला के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मणिकर्ण साहिब में माथा टेकने के लिए किरतपुर-मनाली फोरलेन मार्ग से गुजर रहे हैं। ऐसे में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# ईदगाह कॉलोनी में 4 मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर के रुल्दूभट्ठा वार्ड स्थित ईदगाह कॉलोनी में गुरुवार शाम अचानक भीषण आग भड़क उठी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते तीन से चार मकान इसकी चपेट में आ गए और कुछ ही देर में जलकर राख हो गए। इस अग्निकांड में लाखों रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों ने तुरंत अपने घरों से बाहर निकलकर जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास शुरू कर दिए।

दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। संकरी गलियों और मकानों की नजदीकी के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया, जिससे आसपास के अन्य मकानों को बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने भी दमकल कर्मियों की मदद करते हुए आग बुझाने के प्रयासों में सहयोग दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि कई परिवारों का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया है।

**प्रक्रिया** हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद सरकार ने आपत्तियों पर सुनवाई कर जारी की अंतिम अधिसूचना

# हिमाचल में नगर निकाय चुनाव की तैयारी तेज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने पांच नगर निकायों के वार्ड परिसीमन को लेकर पुनः अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पहले से निर्धारित परिसीमन को ही अंतिम रूप देते हुए प्रकाशित किया गया है, जिससे चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। आयोग के इस निर्णय के बाद संबंधित निकायों में चुनाव की तैयारियां तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### ◆ ज्वालामुखी, नगरोटा सूरियां, बद्दी, कुनिहार और बड़सर निकाय इस प्रक्रिया में शामिल

राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त अनिल खाची की ओर से जारी आदेशों के अनुसार इससे पहले 24 मई 2025 को प्रदेश के 73 नगर निकायों में वार्ड परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके बाद चार जुलाई और 14 जुलाई 2025 को आधिकारिक राजपत्र में परिसीमन को प्रकाशित भी किया गया था। हालांकि, इस दौरान कुछ नगर निकायों में क्षेत्र के सृजन, उन्नयन और शामिल किए जाने को लेकर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिसके चलते प्रक्रिया पर असमंजस की स्थिति बन गई थी।

उच्च न्यायालय ने इन मामलों की सुनवाई करते हुए सरकार द्वारा जारी कुछ अधिसूचनाओं को निरस्त कर दिया था और निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को सुनकर कानून के अनुसार तर्कसंगत निर्णय लिया जाए। इसके बाद शहरी विकास विभाग ने संबंधित पक्षों की आपत्तियों पर विस्तार से सुनवाई की और सरकार ने इन नगर निकायों के पुनर्गठन से जुड़ी अंतिम अधिसूचनाएं जारी कर दीं। इस प्रक्रिया में कांगड़ा जिले की नगर परिषद ज्वालामुखी और नगर पंचायत नगरोटा सूरियां, सोलन जिले का नगर निगम बद्दी और नगर पंचायत कुनिहार तथा हमीरपुर जिले की नगर पंचायत बड़सर शामिल हैं।

## भौगोलिक क्षेत्र और जनसंख्या में कोई बदलाव नहीं

**राज्य** निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन नगर निकायों के भौगोलिक क्षेत्र में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है और जनसंख्या का आधार भी वर्ष 2011 की जनगणना को ही माना गया है। ऐसे में नए सिरे से वार्ड परिसीमन करने की आवश्यकता नहीं समझी गई। आयोग के अनुसार पहले से अधिसूचित परिसीमन को ही आगामी सामान्य चुनावों के लिए अंतिम रूप से लागू किया गया है, जिससे चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रशासनिक स्पष्टता बनी रहेगी।

# आपदा एक्ट हटाने पर जयराम ठाकुर का सुक्खू सरकार पर तीखा हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा छह महीने बाद आपदा एक्ट हटाने के निर्णय पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आपदा के समय सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल जश्न मनाना रही। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने राहत और पुनर्वास के कार्यों को प्राथमिकता देने के बजाय करोड़ों रुपये उत्सवों पर खर्च कर दिए, जबकि जिन क्षेत्रों में सबसे अधिक नुकसान हुआ वहां के लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा व्यवहार किया गया। उनका कहना था कि आपदा के बीच सरकार ने बड़ी-बड़ी मशीनों के बिल पास करने और अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने में ही खजाने का उपयोग किया, जबकि धरातल पर राहत कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाए। जयराम ठाकुर ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि क्या प्रदेश में आपदा के बाद पुनर्वास और बहाली के सभी कार्य पूरे हो चुके हैं, जो अब आपदा एक्ट हटाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में आज भी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। अनेक सड़कों पर अब भी मलबा पड़ा है और सैकड़ों बस मार्ग पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### ◆ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अब भी नहीं सुधरे हालात सरकार से मांगा जवाब

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने आपदा एक्ट की आड़ में पंचायत चुनावों को टालने और विकास कार्यों को रोकने का काम किया। उनका कहना था कि यदि समय पर पंचायत चुनाव कराए जाते तो स्थानीय स्तर पर विकास कार्य गति पकड़ सकते थे, लेकिन सरकार ने चुनावी डर के कारण इन्हें आगे खिसका दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा में सितंबर में आपदा एक्ट लगाने की घोषणा की थी, जबकि इसे वास्तव में अक्तूबर में लागू किया गया और इतने लंबे समय तक इसे लागू रखकर प्रदेश में विकास की रफ्तार को रोक दिया गया। जयराम ठाकुर ने चेतावनी दी कि सरकार की इस कार्यशैली से प्रदेश की जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है और आने वाले समय में इसका जवाब अवश्य देगी।

# मोदी सरकार के नीतिगत सुधारों से बदला भारत का व्यावसायिक माहौल : हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता हर्ष महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए नीतिगत और संरचनात्मक सुधारों से भारत का व्यावसायिक वातावरण तेजी से मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आज भारत निवेश और व्यापार के लिए दुनिया के सबसे आकर्षक देशों में तेजी से उभर रहा है। उनके अनुसार वर्ष 2020-21 में देश में पंजीकृत कुपनियों की संख्या लगभग 1.55 लाख थी, जो 3 फरवरी 2026 तक बढ़कर करीब 1.98 लाख हो गई है, जो लगभग 27 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है।

उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में डिजिटल व्यापार सुगमता, कर-निश्चितता, नियमों और विवादों में कमी तथा विश्वास आधारित सीमा शुल्क प्रणाली जैसे कदमों से देश के व्यावसायिक तंत्र को और सुदृढ़ किया गया है। हर्ष महाजन ने बताया कि स्टार्टअप इंडिया, ऋण गारंटी योजनाओं और सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों के लिए वित्तीय सहायता जैसी पहलों से देश में पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था विकसित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप फरवरी 2026 तक देश में दो लाख सोलह हजार से अधिक मान्यता प्राप्त नवउद्यम स्थापित हो चुके हैं।

हर्ष महाजन ने कहा कि इन सुधारों का लाभ हिमाचल प्रदेश को भी मिल रहा है। उनके अनुसार प्रदेश के युवा पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं, कृषि आधारित उद्योगों और सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों के माध्यम से नए व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है और इन सुधारों से देश तथा हिमाचल प्रदेश दोनों के विकास को नई गति मिलेगी।

# सीयू ने एआई पर शुरू किया कार्य

## भविष्य में एआई पर छह माह और एक साल के सर्टिफिकेट व डिग्री कोर्स शुरू होने की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी (एआई) पर कार्य शुरू कर दिया है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में छह माह या एक वर्ष के सर्टिफिकेट व डिग्री कोर्स सीयू शुरू कर सकता है। आईआईआरएफ रैंकिंग में सीयू पहले आठवां स्थान हासिल कर चुका है, जबकि एनआईआरएफ में सीयू ने आवेदन करके अच्छे स्थान की उम्मीद जताई है।

सीयू के वीसी प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय ने इंडियन नॉलेज सिस्टम को लिया था। पीएम का नारा



भी था कि विकास भी और विरासत भी, जिसके तहत सीयू प्रशासन ने विकास के साथ विरासत भी चले, इसका निर्णय लिया था, जिसके तहत इंडियन नॉलेज सिस्टम पर सीयू ने काफी कार्य किया है। अब टेक्नोलॉजी में भी सीयू आगे बढ़े, इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर भी सीयू ने कार्य शुरू किया है।

### बनाया जा रहा 12 क्रेडिट का करिकुलम

**प्रो.** बंसल ने कहा कि कंप्यूटर साइंस विभाग को कहा कि एआई में एक करिकुलम ऐसा बने, जो आने वाले समय में जरूरत अनुरूप सभी विषयों में समावेश होगा। एक करिकुलम 12 क्रेडिट का बनाया जा रहा है, जिससे कि आने वाले समय में छह माह और एक साल का सर्टिफिकेट और डिग्री कोर्स शुरू कर पाएं। प्रो. बंसल एआई का अच्छा स्कोप है, इसे साथ लेकर चलेंगे, इसका मिसयूज नहीं करेंगे, बल्कि सही तरह से यूज करके आने वाले समय में तकनीक में बहुत बड़ा लाभ एआई का सभी शिक्षण संस्थानों को होने वाला है।

### आईआईआरएफ रैंकिंग में सीयू ने पाया था आठवां स्थान

**प्रो.** बंसल ने बताया कि इंडियन इंस्टीच्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ)की रैंकिंग में पहले सीयू 8वें स्थान पर रहा था, जबकि डाटा सीयू ने सब्मिट नहीं किया था, बल्कि गुगल से उठाया गया था। सभी विश्वविद्यालयों का डाटा उस समय गुगल से उठाकर कम्पाइल किया गया था। नेशनरल इंस्टीच्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में सीयू ने अभी आवेदन किया है, उम्मीद है कि एनआईआरएफ में सीयू का स्थान अच्छा रहेगा।

# मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर गाड़ी चालक फरार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत सड़क हादसे में एक युवक के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार अल्हिलाल में गाड़ी नंबर एचपी 53-0770 के अज्ञात चालक ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मोटरसाइकिल नंबर एचपी 37 एफ 0228 के चालक बन्नी कुमार निवासी गांव व डाकघर सपैडु कंडवाड़ी को टक्कर मार दी व मौका से भाग गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना बैजनाथ में अज्ञात चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 व 125(ए) व 187 मोटर वाहन अधिनिम में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

# 200 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई।

इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, बीएमडी तथा अन्य आवश्यक परीक्षण निशुल्क किए गए। शिविर की मुख्य विशेषता यह रही कि इस चिकित्सा शिविर में रजिस्ट्रेशन, ओपीडी स्लिप, एक्सरे आदि सभी नि:शुल्क थे और सभी प्रकार के अल्ट्रासाउंड मात्र 499 रुपए में किए गए। शिविर में लगभग 200 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त



पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया।

किया। डॉक्टरों ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इससे ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मिल पाती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अशोक, अजय राणा, दीपक सोनी और रजत सोनी जी का विशेष योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने सभी डॉक्टरों, सहयोगियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

यह चिकित्सा शिविर शुक्रवार को भी जारी रहेग, जिसमें केयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल खरड़ के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अपनी सेवाएं देंगे अत: सभी से अनुरोध है कि इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक 7.62 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में शाहपुर की पुलिस ने एक युवक को 7.62 ग्राम चिट्टा और इलेक्ट्रॉनिक कांटे सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना शाहपुर कंडी के एसएचओ सब-इंस्पेक्टर जगदीश कुमार ने बताया कि देर शाम सूचना मिली थी कि बांध परियोजना की टी-4 कॉलोनी के पास खंडहर पड़े मकानों के नजदीक एक युवक चिट्टा बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से 7.62 ग्राम चिट्टा और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान नितिश उर्फ रिंकू निवासी शाहपुर कंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कनाडा टी-20 कप्तान दिलप्रीत को नवाजा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** क्रिकेट एसोसिएशन पठानकोट ने कूथर क्रिकेट ग्राउंड में कनाडा टी-20 विश्व कप टीम के कप्तान दिलप्रीत सिंह बाजवा के सम्मान में समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जिला पठानकोट और आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। दिलप्रीत बाजवा ने युवा खिलाड़ियों से संवाद करते हुए अपनी क्रिकेट यात्रा के अनुभव साझा किए और अनुशासन, कड़ी मेहनत व आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। एसोसिएशन के सचिव सनी महाजन ने इसे स्थानीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण बताया। संयुक्त सचिव प्रशांत शर्मा और मुख्य कोच इंदरजीत सिंह ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। समारोह के अंत में दिलप्रीत बाजवा को सम्मानित किया गया और क्रिकेट के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### आईटीआई शाहपुर में कैंपस इंटरव्यू 9 को

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में 9 मार्च को लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एल एंड टी), कांचीपुरम द्वारा कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में फिटर, वेल्डर, कारपेंटर, प्लंबर और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से आईटीआई पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। कंपनी चयनित युवाओं को दो माह की नि:शुल्क ट्रेनिंग देने के बाद नियमित पदों पर नियुक्ति करेगी। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 20,000 रुपए मासिक सीटीसी वेतन दिया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष सुरजीत राणा ने बताया कि ट्रेनिंग पूरी होने पर नेशनल स्किल का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। समूह अनुदेशक प्रदीप कुमार के अनुसार अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड, बोनाफाइड, 10वीं-12वीं के प्रमाणपत्र सहित अन्य दस्तावेज लेकर सुबह 9 बजे आईटीआई शाहपुर पहुंचें।

### होली पर झंडे लेकर पूरे बाजार में घूमे लोग



**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां में होली पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से होली का झंडा लेकर पूरे बाजार में हर घर घर में जाकर रंग लगाया गया। पूरे बाजार में से होकर माता नारदा शारदा के मंदिर में झंडा चढ़ाया गया। इस अवसर पर नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अरुण कुमार, बलराम पुरी, अजीत राणा, विपन चौधरी, पप्पू मेहता, जतिन अरोणा, पूजन भंडारी, कपिल वासुदेवा, हैप्पी, विजय महाजन केवल कौशल बिट्टू महेंद्र मेहरा बालकृष्ण लवकेश मनी नीटू बस्सी, आदि दुकानदार उपस्थित थे।

# सामान्य भविष्य निधि राशि के भुगतान को तरसे पेंशनर्स : भंडारी

अनंत ज्ञान

◆ **बोले- महालेखाकार कार्यालय शिमला की लापरवाही ने पेंशनभोगियों को किया बदहाल**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने महालेखाकार कार्यालय शिमला की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधान महालेखाकार कार्यालय की उदासीनता के कारण प्रदेश के बुजुर्ग पेंशनर्स अपनी जमा पूंजी जीपीएफ के लाखों रुपए के अंतिम भुगतान के लिए दर-दर भटक रहे हैं और गंभीर आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। भंडारी ने शाहपुर (कांगड़ा) उपमंडल के दो मामलों का हवाला देते हुए बताया कि गुरबख्श सिंह (जीपीएफ खाता संख्या 06-53196) का 9,59,529 रुपए का भुगतान पत्र अगस्त 2025 में जारी हुआ, लेकिन विभागीय सुस्ती के कारण लंबित रहा और अब पुन: प्रमाणीकरण के लिए एश जीश ऑफिस में धूल फांक रहा है। वहीं सुरजीत सिंह के 4,52,212 रुपए की फाइनल पेमेंट मई 2025 से लंबित है। जल शक्ति विभाग शाहपुर



द्वारा तीन बार पत्र भेजने के बावजूद, महालेखाकार कार्यालय ने कोई कार्रवाई नहीं की।

एसोसिएशन ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि पेंशनर के लिए उसकी सामान्य भविष्य निधि बुढ़ापे का एकमात्र सहारा है, और भुगतान में देरी मानवाधिकारों और पेंशनर के अधिकारों का उल्लंघन है। विलंब की अवधि का ब्याज लाभार्थियों को दिया जाए और इसकी भरपाई दोषी अधिकारियों के वेतन से की जाए। कल्याण भंडारी ने चेतावनी दी कि यदि ऑडिटर जनरल कार्यालय शिमला ने एक सप्ताह के भीतर मामलों का निपटारा नहीं किया, तो एसोसिएशन प्रधान महालेखाकार कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर संवेदनहीन अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का आग्रह किया।

# चिट्टा तस्करी के दोषी को एक वर्ष का कठोर कारावास

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस' नीति और न्यायालय में प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी परवीन खड़वाल इंदौरा की अदालत ने मादक द्रव्य अधिनियम के तहत चिट्टा तस्कर संजीव कुमार उर्फ प्रिंस को



दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। संदीप डोगरा, सहायक जिला न्यायवादी ने बताया कि 2016 में थाना इंदौरा के अंतर्गत संजीव कुमार (पुत्र अशोक कुमार), निवासी वार्ड नंबर 3, डमटाल, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा को 3.90 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस टीम द्वारा मामले की गहन जांच की गई और कुल दस गवाहों के साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।

अदालत ने संजीव को 1 वर्ष का कारावास और 10,000 रुपए जुर्माना (जुर्माना न भरने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास) से दंडित किया। आरोपी एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ डमटाल और इंदौरा क्षेत्रों में चोरी, मारपीट, अवैध शराब की तस्करी और एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नशे के कारोबारियों को कड़ा संदेश गया है। नूरपुर पुलिस आम जनता से अपील करती है कि नशे के अवैध कारोबार से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। हिमाचल पुलिस अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# 'शीरा द भरो' के पास ट्रैक्टर खाई में गिरा, 1 मजदूर की मौत

## चार घायल; दो मजदूरों की हालत नाजुक, ऊना अस्पताल रेफर

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** कलोहा पंचायत के सरड बम्मी गांव में बुधवार देर रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। पंगलू रोड पर 'शीरा द भरो' से पोलियां सड़क के बीच एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में ट्रैक्टर पर सवार नेपाली मूल के मजदूर प्रदीप कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य मजदूर घायल हो गए। दो मजदूरों की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें उपचार के लिए ऊना के अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलते ही रक्कड़ पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची।



जानकारी के अनुसार हादसे के समय ट्रैक्टर में पांच मजदूर सवार थे, जो निर्माण कार्य से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। यह ट्रैक्टर अंब (ऊना) क्षेत्र के एक लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार का था और मजदूरों को लेकर काम से लौट रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर सिकरा दा परो के पास पहुंचा, तो अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रैक्टर सड़क से खाई में जा गिरा। हादसे की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने घायलों को खाई से बाहर निकालने में मदद की और तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। इस दुर्घटना में प्रदीप कुमार को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि रात का अंधेरा, संकरी पहाड़ी सड़क और ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ना इस हादसे की वजह हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुक्खू सरकार की उपेक्षा से बदहाल संसारपुर टैरेस डिपो : बिक्रम ठाकुर

## बोले- 7 दिन में सुधारो व्यवस्था वरना होगा चक्का जाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सीधा और कड़ा हमला बोला है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली को आड़े हाथों लेते हुए स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर संसारपुर टैरेस एचआरटीसी डिपो की बदहाल स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो जसवां-परागपुर भाजपा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करने से गुरेज नहीं करेगी।

पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जानबूझकर इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है क्योंकि यहां की जनता ने भाजपा के प्रतिनिधि को चुना है। बिक्रम ने कहा कि संसारपुर टैरेस डिपो आज पूरी तरह से घटिया राजनीति का अखाड़ा बन चुका है। जो बसें चलने लायक स्थिति में हैं, उन्हें षड्यंत्र के तहत देहरा डिपो में शिफ्ट किया जा रहा है और संसारपुर टैरेस डिपो में जनता के सफर के लिए केवल पुरानी और खटारा बसें छोड़ी जा रही हैं। पठानकोट से दिल्ली जैसे महत्वपूर्ण रूट की बस सेवा को अढ़ाई महीने तक देहरा में खड़ा रखना और अब उसे जसूर में लावारिस छोड़ देना सरकार की प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता प्रमाण है। इस लापरवाही के कारण दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि वर्तमान में केवल दिल्ली के लिए एक ही बस सेवा संचालित की जा रही है। उन्होंने दो टूक शब्दों में मांग की है कि संसारपुर टैरेस डिपो में तुरंत नई बसें भेजी जाएं और दिल्ली के लिए पुरानी बस सेवाओं को बहाल किया जाए।

### कांग्रेस में राज्यसभा टिकट को लेकर गुटबाजी आई सामने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सीट को लेकर कांग्रेस में गहरी खींचतान और गुटबाजी उजागर हो गई है। पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पार्टी में सामंजस्य की कमी स्पष्ट है। उन्होंने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा के बयान 'राजनीति में सच बोलना अपराध है' से पार्टी के भीतर हालात की गंभीरता सामने आती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक दल की बैठक में तीन घंटे विलंब और बैठकों का असफल होना इस गुटबाजी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस असंतुलन का खामियाजा प्रदेश की आम जनता भुगत रही है।

# गरली पुल पर पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल की उद्घाटन पट्टिका तोड़ी

## पुल की रेलिंग भी क्षतिग्रस्त; क्षेत्र के लोगों में भारी रोष, बोले- सख्त कार्रवाई हो

अनंत ज्ञान

**गरली।** कांगड़ा जिले के कस्बा गरली में शरारती तत्वों की ओर से तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। अज्ञात लोगों ने गरली पुल पर लगी पूर्व मुख्यमंत्री की उद्घाटन पट्टिका को तोड़ दिया और पुल की रेलिंग को भी नुकसान पहुंचाया।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार यह पुल क्षेत्र की महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है और यहां पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल द्वारा उद्घाटन की पट्टिका स्थापित की गई थी, लेकिन बीती रात कुछ शरारती तत्वों ने पुल पर पहुंचकर पट्टिका को तोड़ दिया और साथ ही पुल की रेलिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब स्थानीय लोगों ने यह दृश्य देखा तो उनमें आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोग मौके पर जुटने लगे और इस कृत्य की कड़ी निंदा की। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला ही नहीं,



पुल की रेलिंग को भी नुकसान पहुंचाया।

बल्कि क्षेत्र के सम्मान से भी जुड़ा विषय है। इस मामले में गरली की पूर्व पंचायत प्रधान शशिलता, उपप्रधान सुशांत मोदगिल सहित कई ग्रामीणों ने कड़ा रोष जताया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना की तुरंत जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोग इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग और उद्घाटन पट्टिका को जल्द से जल्द ठीक करवाने की भी मांग की है, ताकि इस महत्वपूर्ण पुल की गरिमा बरकरार रह सके।

**बैठक** अधिक से अधिक निर्माण श्रमिक बोर्ड के साथ हों पंजीकृत, अधिकारी-कर्मचारी करें प्रयास : नरदेव

# योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाएं

अनंत ज्ञान

◆ **बोले- पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर की अध्यक्षता में वीरवार को धर्मशाला में बोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कांगड़ा जिले के तहत आने वाले नूरपुर, पालमपुर, देहरा तथा धर्मशाला उप-कार्यालयों के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अध्यक्ष ने बोर्ड के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि बोर्ड के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक निर्माण श्रमिक बोर्ड के साथ पंजीकृत हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि केवल पात्र एवं वास्तविक श्रमिकों का ही पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे



बैठक के दौरान सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व अन्य।

योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंच सके। अध्यक्ष ने सभी उप-कार्यालयों को निर्देशित किया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा इसे 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी पूर्ण होने से बोर्ड के अभिलेख अद्यतन रहेंगे और योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों को पारदर्शी एवं सुगम तरीके से प्रदान किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में बोर्ड द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए 14 प्रकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने अधिकारियों को कहा कि इन सभी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र श्रमिक इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

उन्होंने यह भी बल दिया कि प्रत्येक उप कार्यालय अपने-अपने क्षेत्र में जागरुकता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। बैठक के अंत में अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए बोर्ड की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र निर्माण श्रमिकों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

# धर्मशाला में महिलाओं व बालिकाओं की होंगी स्पर्धाएं




फिट इंडिया मुहिम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है उद्देश्य।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल परिसर धर्मशाला में बालिकाओं व महिलाओं की विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा और नगर निगम धर्मशाला की मेयर नीनू शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

इस दौरान मुख्यत: 100, 200 व 400 मीटर रेस आयोजित की जाएगी। इसके अलावा लड़कियों के लिए अन्य फन गेम्स भी शामिल रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य खेल मंत्रालय के फिट इंडिया कैंपेन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। माई युवा भारत कांगड़ा के उप निदेशक ध्रुव डोगरा ने प्रेसवार्ता में बताया कि अस्मिता कार्यक्रम के तहत भारत सरकार, युवा एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान से हिमाचल प्रदेश सरकार, माय भारत और स्पोर्ट्स अथॉरिटी आफ इंडिया द्वारा खेल परिसर धर्मशाला में यह आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश भर में ढाई सौ जगहों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि प्रदेश में कांगड़ा जिले के धर्मशाला सहित अन्य छह जिलों में इसका आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों की अस्मिता और एनएसआरएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाई जाएगी, जिससे कि भविष्य में केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत लड़कियों को मिलने वाले लाभ, यदि कोई पात्र हों तो उन्हें दिए जा सकें। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को माय भारत ऐप पर निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।

# लंबा ड्राई स्पेल, फॉरेस्ट फायर को लेकर विभाग हुआ सतर्क

## पंद्रह दिन पहले तैयारी, कर्मचारियों की 15 मार्च से 15 जून तक छुट्टियां रद्द

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** सर्दियों में बारिश न होने, लंबे ड्राई स्पेल के चलते फॉरेस्ट फायर के दृष्टिगत वन विभाग सतर्क हो गया है। फायर सीजन को लेकर विभाग की ओर से पंद्रह दिन पहले ही तैयारी की जा रही है। वहीं, 15 मार्च से 15 जून तक वन विभाग के स्टाफ की छुट्टियां रद्द की जा रही हैं। वन मंडल धर्मशाला के अंतर्गत आती 70 वन बीट में से 50 फॉरेस्ट फायर की दृष्टि से अति संवेदनशील है। मंडल के तहत आते 61 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र में से 40 हजार हेक्टेयर में चीड़ के पेड़ हैं और चीड़ के जंगलों में आग तेजी से फैलती है। गौरतलब है कि फॉरेस्ट फायर सीजन 15 अप्रैल से शुरू होता, लेकिन इस बार बारिशें न होने के चलते जहां विभाग ने समय से पहले फायर सीजन की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं, 15 मार्च से ही स्टाफ की छुट्टियां रद्द करने का निर्णय लिया है, जो कि 15 जून तक रद्द रहेंगी। धर्मशाला वन मंडल के अंतर्गत फॉरेस्ट फायर के इक्का-दुक्का मामले सामने भी आ चुके हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- फॉरेस्ट फायर की दृष्टि से 50 वन बीट अति संवेदनशील
- 61 हजार हेक्टयर वन क्षेत्र में से 40 हजार हेक्टेयर में चीड़ के पेड़

### वन क्षेत्र फायर सीजन की दृष्टि से वल्नरेबल

**डीएफओ** धर्मशाला अमित शर्मा ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि इस बार सर्दियों में एक ही बारिश हो पाई है। लंबा ड्राईस्पेल होने के चलते वर्तमान में वन क्षेत्र फायर सीजन की दृष्टि से वल्नरेबल हैं। वनों मेंखरसू ओक से लेकर खैर व चीड़ के पेड़ हैं। जिस तरह की परिस्थितियां बनी हुई हैं, फायर सीजन को लेकर कमेटियों व कंट्रोल रूम की स्थापना 15 दिन पहले की जा रही है।

### रेंज स्तर पर पांच टीमें, कंट्रोल रूम स्थापित

**बकौल** फायर सीजन के लिए रेंज स्तर पर पांच टीमें बनाई गई हैं, जबकि डिवीजन स्तर पर कंट्रोल रूम एसीएफ की अध्यक्षता में स्थापित किया गया है। वन विभाग के स्टाफ की छुट्टियां रद्द की जा रही हैं। 15 मार्च से 15 जून तक जब मानसून की पहली बारिश होती है, तब तक के लिए स्टाफ की छुट्टियां रद्द रहेंगी।

### 70 फीसदी बीट अति संवेदनशील

**डीएफओ** ने बताया कि धर्मशाला वन मंडल के अंतर्गत 72 वन बीट हैं, जिसमें से 50 वन बीट, यानी 70 फीसदी बीट फॉरेस्ट फायर के दृष्टिगत अति संवेदनशील हैं। वन मंडल के तहत 40 हजार हेक्टेयर में चीड़ के वन हैं। लोगों से यही अपील है कि वनों में आग लगने की सूचना तुरंत वन विभाग को दें तथा आग बुझाने में फील्ड स्टाफ का सहयोग भी करें।

## सीएमओ ने की अपील, पूरी तरह से सुरक्षित है एचपीवी टीकाकरण, भ्रांतियों पर न दें ध्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में किशोरियों के एचपीवी टीकाकरण को लेकर सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने कहा कि समाज में इस प्रकार की भ्रातियां हैं कि ये टीका सुरक्षित नहीं है तथा इसके काफी सारे साइड इफेक्ट हैं। उन्होंने कहा कि ये वैक्सीन काफी सुरक्षित हैं तथा मामूली सूजन तथा रेडनेस के अलावा इसके अब तक अन्य साइड इफेक्ट सामने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 9 से 10 साल से ये टीकाकरण हो रहा है तथा दुनिया के करीब 180 देशों में ये टीकाकरण पहले से ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मिडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि भारत के ही कुछ लोग इस वैक्सीन को काफी दाम देकर करवा रहे थे, जबकि ज्यादातर लोग वैक्सीन नहीं लगवा पा रहे हैं।



उन्होंने विदेशों में भी लोग महंगे दामों का ये टीकारण करवा रहे हैं, जबकि करीब 10 हजार रुपए की कीमत वाला यह टीका भारत समेत प्रदेश में निशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का टीकाकरण करवाएं तथा उन्हें सर्वाईकल कैंस से बचाने के लिए उन्हें वैक्सीन का उपहार दें। उन्होंने बताया कि इस टीकाकरण से आगे चलकर महिलाओं में होने वाले सर्वाईकल कैंसर की संभावना को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीकाकरण को लेकर अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में 75 टीकाकरण सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया है।

## पपरोला बाजार में स्कूटी ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के अंतर्गत एक स्कूटी चालक की ओर से मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से एक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। पुलिस जानकारी के अनुसार पपरोला बाजार में स्कूटी नंबर एचपी-53बी- 8543 के चालक रामपाल निवासी बैजनाथ तहसील बैजनाथ ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से स्कूटी चलाते हुए मोटरसाइकिल नंबर एचपी-53सी- 1310 के चालक सचिन निवासी उस्तेहड़ तहसील बैजनाथ को टक्कर मार दी। इस घटना में सचिन उपरोक्त के साथ बैठे इसके भाई सौरव व राहगीर राकेश कुमार निवासी गांव व डाकघर बैजनाथ वार्ड नंबर 3 तहसील बैजनाथ घायल हो गए।

उपरोक्त तीनो को उपचार के लिए सिविल अस्पताल बैजनाथ ले जाया गया। जहां राकेश कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस संदर्भ में धारा 281 व 106 भारतीय न्याय संहिता में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हैप्पी बर्थडे



हटली (द्रमण) की सांची चौहान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

सालगिरह मुबारक



जौड़बड से अनिल ठाकुर व सुलेखा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## थापा कॉलोनी रक्कड़ में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता ने जानकारी दी कि विद्युत लाइनों के उचित रखरखाव के लिए 6 मार्च को सुबह 9:30 से सायं 5 बजे तक थापा कॉलोनी रक्कड़, भरमौरी गली, डॉ. परमार हाउस के नजदीक और फतेहपुर पुल के समीप के क्षेत्र विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर मरम्मत कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

## बैजनाथ में युवा कांग्रेस ने अनुराग को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने पर पटाखे फोड़कर जताई खुशी




तहसील चौक बैजनाथ में जश्न मनाते युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल के निर्देशानुसार, तहसील चौक बैजनाथ में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के साथियों संग पटाखे जलाकर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव रविंद्र राव, प्रदेश महासचिव एनएसयूआई कार्तिक राणा, यूका अध्यक्ष अतुल चौधरी , मुस्कान चौधरी, अभिषेक भारद्वाज,गौरव मेहरा आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए : डॉ. देशराज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में होली के अवसर पर हिमरंगोत्सव 5.0 का अग्रिविजन आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एग्रीविजन कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की ओर से विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों के साथ मिलकर आयोजित किया गया।

इस खास मौके पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. देशराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. जर्नादन ने भी अग्रिविजन एवं एबीवीपी टीम के साथ मिलकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में छात्र कल्याण अधिकारी ने कहा कि छात्रों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए। उन्होंने रंगों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर रंग एक खुशहाल जीवन और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जब युवा समाज के उत्थान में भागीदार बनते हैं, तो न केवल वे खुद को सशक्त करते हैं, बल्कि देश की तरक्की में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

साथ ही इकाई अध्यक्ष शैफाली ठाकुर ने हिमरंगोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत के संघर्ष एवं महत्व के बारे में भी जागरूक किया और इसके लिए पूरे कार्यक्रम की भी सहारना की गई। इस दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की खुशी मनाई और इस रंग-बिरंगे त्योहार का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के बाद अग्रिविजन एवं एबीवीपी की टीम द्वारा मैदान में सफाई अभियान भी चलाया गया जो कि विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही नेक कदम एवं प्रेरणा स्रोत है ।

## एचपी एसएमसी-एलडीआर टेस्ट की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी

### स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड की प्रोविजनल आंसर की

अनंत ज्ञान

- 7 मार्च तक दर्ज कराएं आपत्तियां

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार, बोर्ड द्वारा आयोजित एचपी एसएमसी-एलडीआर टेस्ट की विभिन्न विषयों की परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां (प्रोविजनल आंसर की) आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। ये परीक्षाएं प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों में 22 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थीं।

अभ्यर्थी अब अपनी संबंधित सीरीज (ए, बी, सी, डी) के अनुसार उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। इन सात श्रेणियों के लिए जारी हुए परिणाम के विकल्प इस परीक्षा प्रक्रिया में शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण पद शामिल थे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उत्तर कुंजियां टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल, टीजीटी नॉन-मेडिकल, टीजीटी हिंदी, टीजीटी संस्कृत, ड्राइंग मास्टर तथा जेबीटी विषयों के लिए जारी की गई हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए चारों सीरीज के लिंक वेबसाइट पर सक्रिय कर दिए गए हैं, जिससे वे अपने प्रदर्शन का सटीक आकलन कर सकें। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि यदि किसी भी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में दिए गए किसी उत्तर पर संदेह है या कोई त्रुटि प्रतीत होती है, तो वे अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां प्रमाणित तथ्यों के साथ ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं। इसके अलावा कार्य दिवसों के दौरान बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भी अपनी आपत्तियां जमा करवाई जा सकती हैं। बोर्ड ने कड़े निर्देश जारी किए हैं कि 7 मार्च 2026 के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, बिना किसी ठोस प्रमाण के भेजी गई आपत्तियों को भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को इस प्रक्रिया के संबंध में कोई अन्य तकनीकी जानकारी या सहायता चाहिए, तो वे बोर्ड के आधिकारिक दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## लोक संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान: विपिन परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पारंपरिक होली मेलों में उत्साह, उमंग और हिमाचली संस्कृति की रंगीन झलक देखने को मिली। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र से विधायक विपिन सिंह परमार ने अंबिका होली कमेटी पाहड़ा (पालमपुर) तथा पिंडेश्वरी माता मंदिर नौरा में आयोजित होली मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर क्षेत्रवासियों के साथ इस सांस्कृतिक पर्व की खुशियां साझा कीं।

पाहड़ा में होली मेले के समापन समारोह को संबोधित करते हुए परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान और गौरव का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेले और उत्सव समाज में भाईचारे, प्रेम और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मेले में प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकियों तथा स्थानीय हिमाचली कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। लोकनृत्य और लोकगीतों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंगों में रंग गया। परमार ने कलाकारों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल की लोक कला और परंपराएं देशभर में अपनी अलग पहचान रखती हैं और इन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसके पश्चात परमार ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पिंडेश्वरी माता मंदिर नौरा में आयोजित होली मेले के समापन समारोह में भी मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोडने का कार्य करते हैं और लोगों को अपनी परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, कलाकारों और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर नौरा में विकास धीमान, मदन लाल चौधरी, हरि हर गिरी, लक्ष्मी कांत, बीआर शर्मा, विजय राणा, मनोज शर्मा, भंडारी राम, संजीव, काकू, मनु मेहरा सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नगरोटा बगवां : रोजगार मेले में 41 युवाओं का चयन



एचएमसीईई लुधियाना (हीरो साइकिल्स) ने किया डिप्लोमा धारक युवाओं का चयन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां ओबीसी भवन में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले का आयोजन हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली के मार्गदर्शन में किया गया। इस रोजगार मेले में एचएमसीईई लुधियाना (हीरो साइकिल्स) की ओर से आईटीआई तथा विभिन्न ट्रेडों के डिप्लोमा धारक युवाओं का चयन किया गया। कंपनी द्वारा कुल 41 युवाओं का चयन किया गया, जिनका प्रारंभिक वेतन 18,000 से 22,000 प्रतिमाह के बीच रहेगा।

इस चयन प्रक्रिया की विशेष उपलब्धि यह रही कि सभी चयनित युवाओं को सीधे कंपनी के रोल पर नियुक्ति दी जाएगी तथा वे हीरो साइकिल्स के आधिकारिक रोल पर ज्वॉइन करेंगे, जिससे उन्हें स्थायी रोजगार और बेहतर भविष्य के अवसर प्राप्त होंगे। इस रोजगार मेले के आयोजन की जिम्मेदारी जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार को आरएस बाली की ओर से सौंपी गई थी। कार्यक्रम का सफल संयोजन रोजगार समिति के को-ऑर्डिनेटर अमित सूद की ओर से कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली के मार्गदर्शन में किया गया। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है, जिससे क्षेत्र के युवाओं में उत्साह और आशा का माहौल बना है।

## धौलाधार क्रिकेट लीग में भाग लेंगी 12 टीमें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चिट्टे पर चोट, क्रिकेट से शॉट के जरिए प्रदेश से चिट्टे को दूर करने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में अब जिला कांगड़ा में धौलाधार क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न 12 टीमें भाग लेंगी। चिट्टे के खिलाफ किए जा रहे सामूहिक प्रयासों से भविष्य में सार्थक परिणाम सामने आएंगे। यह बात गायक कुमार साहिल ने वीरवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिट्टे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जो कि प्रदेश के युवाओं व उनके परिवारों के लिए बहुत बड़ी चिंता है। चिट्टा गंभीर समस्या बन गया है। प्रदेश सरकार की ओर से एंटी चिट्टा मुहिम शुरू की गई है। प्रदेश के सभी कलाकार मिलकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मुहिम का साथ देना चाहते हैं। क्रिकेट मैच आयोजन के माध्यम से चिट्टे के खिलाफ संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है, हिमाचल को चिट्टे से कैसे बचाया जा सके और प्रदेश के युवाओं का भविष्य उज्ज्वल हो सके। इसके लिए आयोजित की जा रही क्रिकेट लीग का उद्देश्य, प्रदेश से चिट्टे को प्रदेश से दूर करना है। लीग में चार ग्रुप शामिल हैं। लीग के हर मैच में मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज के खिताब रहेंगे। नशे को रोकने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास, आने वाले समय में कारगर साबित होगा।



## ट्रैकिंग के लिए निकले उत्तर प्रदेश के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अंनत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत त्रियुंड की ओर ट्रैकिंग के लिए निकले उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति की पहचान राहुल (33) साल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि उक्त युवक अपने दोस्त के साथ ट्रैकिंग के लिए त्रियूंड की ओर निकला था। जबकि भागसूनाग वॉटर फॉल से ऊपर लगती पहाड़ियों से उक्त युवक का शव बरामद किया गया है। हालांकि प्राथमिक दृष्टयता के आधार पर शव के ऊपर किसी प्रकार की कोई चोट नहीं पाई गई है, जबकि पुलिस की ओर से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला में रखने के बाद परिजनों को सूचित किया जा रहा है।

उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस मामले में कार्रवाई में जुटी हुई है

## शिव मंदिर सुधेड़ में महिलाओं ने किया भजन कीर्तन

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** कृपालेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ की ओर से होली के उपलक्ष्य पर शिव मंदिर सुधेड़ में भजन-कीर्तन किया। वहीं, घर-घर जाकर लोगों को गुलाल लगाया तथा नाच गाना कर होली मनाई। इस अवसर पर ममता धीमान, अनु नीलू, शालू, प्रभा, ईना, संतोष , गगना, कांचना मोनिका, मीनू, सुमन, मंजू, पल्लवी, नीतू व अन्य लोग भी मौजूद थे।



## धरातल पर जल्द उतरेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत कार्य

### डाइट धर्मशाला का हुआ है सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चयन

अनंत ज्ञान

- प्रथम किस्त के रूप में 6.37 लाख पहुंचे सरकार के पास

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला स्थित जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) को अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से कांगड़ा डाइट को 14 करोड़ रुपए का बजट जारी किया जाना है, जिसमें से कांगड़ा को छह करोड़ 37 लाख का बजट जारी कर दिया गया है। उक्त कार्य को अब जमीनी स्तर पर जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

प्रदेश शिमला स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर की ओर से एडमिनस्ट्रेटिव अप्रूवल भी प्रदान कर दी गई है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत ऑडिटोरियम व प्रशासनिक भवन भी अलग से बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन चयनित करने के साथ ही ड्राइंग भी फाइनल कर दी गई है, जिस पर अब जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही संस्थान भवनों की मरम्मत भी की जाएगी। यह निर्माण कार्य सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृत राशि से होंगे। इससे जहां संस्थान में सुविधाएं बढ़ेंगी। वहीं बड़े आयोजनों के लिए भी संस्थान पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी। उधर, डाइट धर्मशाला के प्रिंसिपल राकेश शर्मा ने बताया कि डाइट की कई इंटरवेंशन होती है, कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम होते हैं, ऑडिटोरियम निर्माण होने से डाइट प्रशासन को अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी यानी विभिन्न प्रकार के आयोजनों के लिए डाइट धर्मशाला में ही पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत मिलने वाली 14 करोड़ रुपए की राशि में से छह करोड़ 37 लाख रुपए सरकार के पास आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब एडमिनस्ट्रेटिव अप्रूवल भी मिल गई है, जिससे जल्द ही टेंडर प्रक्रिया व आगामी कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने साझा की रंगों की खुशियां



जिला न्यायालय परिसर धर्मशाला में होली पर्व धूमधाम से मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला न्यायालय परिसर धर्मशाला में होली पर्व हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवर चिराग भानु सिंह को एडवोकेट विश्व चक्षु ने तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में न्यायालय के सभी न्यायाधीशों तथा धर्मशाला बार एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। न्यायिक गरिमा के अनुरूप सादगीपूर्ण वातावरण में रंगों के इस पर्व को मनाते हुए सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी और भाईचारे का संदेश दिया। न्यायालय परिसर में आयोजित इस होली मिलन समारोह ने न्यायिक परिवार के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द को और मजबूत किया। उपस्थित अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों ने समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव बनाए रखने का संदेश भी दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### गरीब कन्या की शादी को दिए 11 हजार रुपए



**अनंत ज्ञान, जाहू।** गलवान अमर शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट ने गरीब परिवार की बेटी प्रमिला देवी, पुत्री हरिवंश लाल, निवासी गांव लोहारी, तहसील बिझड़ी की शादी के लिए 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सहायता राशि भेंट करते समय ट्रस्ट के उपप्रधान अनिल ठाकुर, सचिव शिव प्रकाश, सदस्य विजय ठाकुर और भगीरथ शर्मा उपस्थित रहे। ट्रस्ट सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। पीड़ित परिवार ने ट्रस्ट के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### मीना बाजार गांव में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र के भदरोल पंचायत के मीना बाजार गांव में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मानपुल द्वारा नाबार्ड के सहयोग से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं सहित कई ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बैंक के सहायक प्रबंधक पुनीत उप्पल और विकास ठाकुर ने उपस्थित लोगों को बैंक खातों की केवाईसी, किसान क्रेडिट कार्ड, ऋण और बचत योजनाओं के साथ-साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर रचना, सचिन, आशा, पूजा सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### सीएम से मिला नादौन कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** होली पर नादौन ब्लॉक से एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कैप्टन पृथ्वी चंद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद5 सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल शिमला स्थित मुख्यमंत्री आवास होली लॉज पहुंचा, जहां सभी ने मुख्यमंत्री को होली की शुभकामनाएं दीं और गुलाल लगाकर पर्व मनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर जिला और नादौन क्षेत्र से उनका विशेष लगाव है और सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कैप्टन पृथ्वी चंद ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस दौरान राजीव विट्टू, सुरेंद्र वर्मा, आरके लखनपाल, संजय शर्मा, मदन बंयाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### इंस्पायर अवॉर्ड में पथल्यार स्कूल के आदि का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय पथल्यार के आठवीं कक्षा के विद्यार्थी आदि का चयन इंस्पायर अवॉर्ड स्कीम 2025 -26 के तहत हुआ है। आदि के पिता विजय कुमार और माता सुमना देवी व स्कूली स्टाफ का आभार जताया है, जिनके मार्गदर्शन में आदि ने पशुपालन में उपयोगी एक यंत्र बनाने का तरीका सुझाया है। विद्यालय प्रबंधन ने आदि को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया है।

### साइबर फ्रॉड से बचने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक डिडवीं टिक्कर और राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण बैंक नाबार्ड के सौजन्य से कनकरी गांव में साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शिविर में शाखा प्रबंधन संजीव कुमार व बैंक अधिकारी विवेक सिंह ने साइबर फ्रॉड से बचाव, डिजिटल भुगतान वित्तीय घोटालों से सुरक्षा तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन बीमा योजना एवं बैंक की अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व पंचायत प्रधान हाकम सिंह, सचिव जसविंदर सिंह, महिला मंडल प्रधान लता देवी, रमेश चंद व अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### योजनाओं का लाभ उठाएं स्वयं सहायता समूह

**अनंत ज्ञान, जाहू।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक, जाहू ने सुलगवान में वित्तीय साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों ने बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रा।त की। वरिष्ठ सहायक अरुण कांत ने बताया कि बैंक उपभोक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के गठन और नियमित बचत करने की प्रक्रिया समझाई। इसके अलावा फसल बीमा, जीवन ज्योति योजना और अटल पेंशन योजना के लाभों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कालीदास, प्यारे लाल शर्मा, ममता देवी, राजकुमारी, कंचन देवी, तेज सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 200 से अधिक लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आयुष विभाग ने वीरवार को आयुर्वेदिक अस्पताल मनवीं में निशुल्क बहु विशेषज्ञ चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ कांगड़ा केंद्रीय सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया ने किया। इस अवसर पर 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई, जिसमें 62 रोगियों की ब्लड शुगर, 16 का रक्त और 20 रोगियों का पेशाब परीक्षण शामिल था। शिविर में योग शिक्षकों ने रोगियों को योग और प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया।

### कृत्रिम अंग व उपकरण देने के लिए लगेंगे शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क कृत्रिम अंग और अन्य सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए सभी उपमंडलों में आकलन शिविर आयोजित किए जाएंगे। एडीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बताया कि 16 से 20 मार्च के बीच बड़सर, हमीरपुर, सुजानपुर, नादौन और भोरंज में शिविर होंगे। इन शिविरों में व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, स्मार्ट केन, स्मार्ट मोबाइल, वॉकर और कानों की मशीन जैसे उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविरों में भाग लेने के लिए 40% या अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और नवीनतम बीपीएल प्रमाण पत्र लाएं। वरिष्ठ नागरिक 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पास फोटो, आधार और बीपीएल प्रमाण पत्र लाकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### पूर्व सीएम धूमल ने कार्यकर्ताओं संग मनाई होली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने हमीरपुर स्थित आवास पर होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक उनके निवास पर पहुंचे। प्रो. धूमल ने फूलों की पंखुडियों से सभी का स्वागत कर होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए तथा प्रदेश और देश की प्रगति को बढ़ावा दे।

### युवाओं को नजरअंदाज करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाबा बालक नाथ ट्रस्ट में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता न देने पर चकमोह गांव में रोष फैल गया है। पूर्व ट्रस्टी एवं भाजपा नेता सोमी के अनुसार, गांव ने मंदिर और संबंधित संस्थानों के लिए करोड़ों रुपए की जमीन दान की, जिसमें कॉलेज और अस्पताल की स्थापना शामिल है। गांव के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि हाल की नियुक्तियों एक ड्राइवर और एक प्लंबर-बाहरी क्षेत्रों से की गईं, जबकि स्थानीय युवाओं को नजरअंदाज किया गया। कॉलेज के नए कोर्स नहीं शुरू किए गए और पुराने पाठ्यक्रम बंद कर दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी गई, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### वार्डों के परिसीमन पर आपत्तियां या सुझाव 10 तक दें

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन के सभी नौ वार्डों के परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित कर दिया है और इस प्रारूप के संबंध में 10 मार्च तक आपत्तियां या सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इसकी प्रतियां उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर और नगर परिषद कार्यालय नादौन में उपलब्ध करवा दी गई हैं। अगर किसी स्थानीय निवासी को कोई आपत्ति हो या फिर वह अपना सुझाव देना चाहता है तो इन्हें 10 मार्च तक उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर में दाखिल किया जा सकता है।

### सहकारी सभा कश्मीर का वार्षिक अधिवेशन 22 को

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** दी कश्मीर कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक साधारण अधिवेशन 22 मार्च को सुबह 10 बजे सभा कार्यालय के प्रांगण में होगा। सभा सचिव विशाल सिंह ने सभी सदस्यों से उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है। इस दौरान सभा का पड़ताल वितीय वर्ष 2024-25 के अवेशष पत्र को पढ़कर सभा की वास्तविक स्थिति से सदस्यों को अवगत करवाया जाएगा तथा आगामी वर्ष के लिए कार्यो की रूप रेखा भी सभी की सहमती से बनाई जाएगी ।

### मार्केटिंग फील्ड एजेंट के साक्षात्कार 6 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वर्मा ज्यूलर्स सोलन में मार्केटिंग फील्ड एजेंट के 30 पद भरे जाएंगे। इन पदों को भरने के लिए 6 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले बारहवीं पास, स्नातक और स्नातकोत्तर पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। आवेदक की आयु 25 से 35 वर्ष के बीच हो। कंपनी द्वारा चयनित आवेदकों को 14000 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा तथा चयनित आवेदकों का का कार्य क्षेत्र हमीरपुर होगा।

# पेंशनर्स का मट्टन सिद्ध चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर धरना- प्रदर्शन

## बोले- चीफ इंजीनियर कर रहे सरकार की कठपुतली बनकर काम; बोर्ड के हित में नहीं, समार्ट मीटरिंग का किया पुरजोर विरोध

अनंत ज्ञान



मट्टन सिद्ध चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते पेंशनर्स व कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, मट्टन सिद्ध (हमीरपुर)।** मट्टन सिद्ध स्थित मुख्य अभियंता संचालन के कार्यालय की परिसर में जिलेभर से आए बिजली बोर्ड के पेंशनर्स उनके परिजन और कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने चीफ इंजीनियर की कार्यप्रणाली को जमकर कोसा और कहा कि वह सरकार की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। बोर्ड के हित में काम नहीं कर रहे। कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के पुराने बिजली मीटरों को प्राथमिकता के आधार पर व आम जनता के स्मार्ट मीटरों से बदलने के खिलाफ यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

इंप्लाइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष नीतीश भारद्वाज, प्रशांत शर्मा, पूर्व में रहे इंप्लाइज यूनियन के प्रधान कामेश्वर दत्त शर्मा, हीरालाल वर्मा, विद्युत पेंशनर्ज फोरम से कुलदीप खरवाड़ा, विजय शर्मा, और जनप्रतिनिधि में सुषमा शर्मा ने भी संबोधित किया।

बिजली बोर्ड इंप्लॉइज यूनियन, पेंशनर्स फोरम, उपभोक्ताओं ने मुख्य अभियंता, हमीरपुर के प्राथमिकता के निर्देशों के साथ-साथ समार्ट मीटरिंग का पुरजोर विरोध किया। यह अभी कहां की जो आदेश निकल जा रहे हैं वह नियमों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि आज बिजली कर्मचारी एवं अभियंता राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट मीटरिंग का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि यह महंगी एवं आम जनता के लिए अनावश्यक तकनीक है, जिसे प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक, 2025 के माध्यम से निजीकरण एवं निजी कंपनियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में यह तकनीक औद्योगिक क्षेत्रों, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं तथा विद्युत उपकेंद्रों के फीडरों तक सीमित रखी जानी चाहिए थी, जहां से बोर्ड एवं सरकार को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकता था।

### 9 मार्च को धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

**यूनियन** एवं पेंशनर्स फोरम ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के घरों में प्राथमिकता के आधार पर स्मार्ट मीटर लगाने संबंधी भेदभावपूर्ण कार्यालय आदेश को तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग की है। फोरम ने प्रदेश सरकार से भी अपील की है कि इस योजना पर पुनर्विचार करते हुए स्मार्ट मीटरिंग का कार्य बिजली बोर्ड स्वयं करे और इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र, उपकेंद्र फीडर और अन्य ऐसे क्षेत्रों में लागू किया जाए जहां इससे प्रदेश को वास्तविक लाभ हो। फोरम ने चेतावनी दी कि यदि बोर्ड प्रबंधन उक्त आदेश वापस नहीं लेता, तो 9 मार्च को मुख्य अभियंता परिचालन धर्मशाला के समक्ष विरोध स्वरूप विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हित की रक्षा के लिए जरूरी है।

### कर्मचारियों व पेंशनर्स के घरों में स्मार्ट मीटर प्राथमिकता का आदेश गैरकानूनी

**उन्होंने** आरोप लगाया कि बोर्ड प्रबंधन की निजी कंपनी के हित को ध्यान रखते हुए स्मार्ट मीटरिंग को पूरे प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं पर लागू किया जा रहा है, जिससे लगभग 2500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ उत्पन्न हुआ है, जिसकी भरपाई अंततः उपभोक्ताओं से बिजली बिलों के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 13 लाख उपभोक्ताओं की खपत 125 यूनिट से कम है, जहां इस प्रकार के मीटरों की अनिवार्यता तर्कसंगत नहीं है। उनका कहना था कि बिजली मीटर के मामले में बच्चे आम उपभोक्ताओं की तरह उपभोक्ता ही हैं भले ही उनका नाता बोर्ड के साथ जुड़ रहा हो। मुख्य अभियंता का कर्मचारियों व पेंशनर्ज के घरों में स्मार्ट मीटर के लिए प्राथमिकता का आदेश गैरकानूनी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कार्यान्वयन एजेंसी को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर स्थापित करने थे, किंतु जहां बोर्ड का बड़ा राजस्व बकाया है, वहां इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## जंगल गांव में 35-40 साल से अधूरी सड़क को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष

# लोग बोले- सड़क नहीं तो वोट भी नहीं

अनंत ज्ञान




बिझड़ी-जंगल संपर्क मार्ग 40 साल से पक्का नहीं हुआ। अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्ह बिहाल के जंगल गांव में सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि बिझड़ी से जंगल, चलौली और मथोल को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग करीब 35-40 वर्ष पहले उनकी सुविधा के लिए बनाया गया था, लेकिन आज तक यह सड़क पक्की नहीं हो पाई है। करीब 1500 मीटर लंबा यह मार्ग जंगल से होकर गुजरता है, जिससे ग्रामीणों और खासकर स्कूली बच्चों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बच्चों के स्कूल जाने और लौटने तक अभिभावकों को हमेशा किसी अनहोनी का डर लगा रहता है। बारिश के दिनों में सड़क की हालत और भी खराब हो जाती है, जिससे आवाजाही बेहद मुश्किल हो जाती है। इस सड़क पर करीब 15 वर्ष पहले सोलिंग का कार्य किया गया था, लेकिन उसके बाद से टारिंग नहीं की गई। उनका आरोप है कि यह लोक निर्माण विभाग और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का नतीजा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पूर्व भाजपा विधायक बलदेव शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान इस सड़क पर सोलिंग का कार्य करवाया था, जिसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। वहीं वर्तमान विधायक इंद्र दत्त लखनपाल पर केवल आश्वासन देने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने में भी परेशानी होती है, क्योंकि वाहन चालक इस मार्ग पर आने से कतराते हैं। ऐसे में कई बार मरीज को कंधों पर उठाकर मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो वे पंचायत और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर सड़क नहीं बनेगी, तो गांव में वोट मांगने कोई नेता भी नहीं आ पाएगा। आरो बिझड़ी केके शर्मा का कहना है कि फॉरेस्ट रिजर्वेशन एक्ट के तहत इस सड़क की क्लीयरेंस नहीं मिली है विभाग ने बिझड़ी जंगल संर्क मार्ग सड़क की फाइल उच्च अधिकारियों को भेज दी है। वहीं, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन डीसी ठाकुर ने कहा कि एफआरए एक्ट के तहत समस्या आ रही है जैसे ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलती है, सड़क को पक्का कर दिया जाएगा। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि यह सारा ममला एफआरए की वजह से रुका है। इस बारे में विधानसभा में प्रश्न लगा रखा है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कितनी सड़कों का काम एफआरए एक्ट के चलते अटका हुआ है। एफआरए क्लीयरेंस होते ही सड़क पर टारिंग करवाने के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा।

# सरकार करे लंबित मेडिकल बिलों व डीए की किस्त जारी



रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसो. नादौन ने की बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक वीरवार को आर्य समाज मंदिर नादौन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिटायर्ड विजय चौधरी ने की।

इस दौरान एसोसिएशन द्वारा प्रस्तावित निशुल्क नेत्र जांच शिविर (आई कैंप) के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और इसकी तैयारियों पर विचार किया गया। बैठक की शुरुआत में एसोसिएशन के सदस्य एवं श्री लक्ष्मी नारायण गौशाला समिति के अध्यक्ष सुखदेव शास्त्री के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सदस्यों ने उनके सामाजिक कार्यों को याद करते हुए शोक व्यक्त किया। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की कि पेंशनर्स के लंबित मेडिकल बिलों का शीघ्र भुगतान किया जाए और महंगाई भत्ते (डीए) की बकाया किस्तें भी जल्द जारी की जाएं। इस अवसर पर एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष पीडी शर्मा, महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद, कैशियर यशपाल राणा, प्रेस सचिव सुभाष बस्सी, डॉ. कुलदीप गढ़वाल, रविंद्र पुरी और नानक चंद सहित कई सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरा टिप्पर, दो घायल

## सुजानपुर-नादौन मुख्य मार्ग पर पेश आया हादसा

अनंत ज्ञान



**सुजानपुर।** सुजानपुर-नादौन मुख्य मार्ग पर वीरवार को एक टिप्पर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गया। इस हादसे में चालक और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सुजानपुर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गाड़ी को काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर अश्विनी कुमार टिप्पर लेकर प्लाही से नादौन की तरफ जा रहा था। सुजानपुर पुलिस के पास एक बिहार निवासी युवक अजय कुमार ने उससे लिफ्ट ली।

करोट के पास टिप्पर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गया। दोनों घायलों को सुजानपुर अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। सुजानपुर पुलिस के अनुसार दिम्मी निवासी अश्विनी कुमार को गंभीर हालत में हमीरपुर स्थित डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज को रेफर किया गया है। अन्य घायल अजय कुमार का सुजानपुर में इलाज जारी है। लोगों के अनुसार टिप्पर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था तथा ड्राइवर व अजय बुरी तरह उसमें फंस गए थे। ड्राइवर अश्विनी को ट्रक के अगले हिस्से को काटकर बाहर निकाला। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा राहत और बचाव कार्य जारी किया। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर लिया है।

### 9 ग्राम चिट्टा सहित व्यक्ति किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोंरज के तहत बुधवार को भोंरज पुलिस की गश्त टीम ने अन्वेषणाधिकारी एचसी ललित के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए बड़ैहर पुल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 9 ग्राम चिट्टा हेरोइन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान लोकेश कुमार बैरवा, निवासी राजस्थान के रूप में की और मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बरामद मादक पदार्थ को साक्ष्य के रूप में सील कर लिया गया। पुलिस ने मौके पर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए और विधिक प्रक्रिया के अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसपी बलबीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह गिरफ्तारी क्षेत्र में नशे के कारोबारियों के लिए एक सख्त संदेश है।

### 4 एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर ने 10 एएनओ को सेकंड ऑफिसर रैंक से नवाजा



अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** 4 एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर में मेडल सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें हमीरपुर और बिलासपुर जिले के 10 एएनओ को सेकंड ऑफिसर रैंक से सम्मानित किया गया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल गौरव प्रीत सिंह ने सभी एएनओ के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें नवाजा। उन्होंने बताया कि बटालियन में अब थर्ड रैंक ऑफिसर का पद समाप्त कर दिया गया है और भविष्य में सीधे सेकंड ऑफिसर रैंक ही तैनात किए जाएंगे। सेकंड ऑफिसर रैंक पाने वाले एएनओ में शामिल हैं: सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के रोहित गुप्ता, नाल्टी स्कूल के देवेंद्र सिंह बन्याल, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के प्राकृत लखनपाल, जौड़े अंब स्कूल के सुरेंद्र कुमार, डीएवी कांगू स्कूल के पंकज ठाकुर, बिलासपुर जिला के भराड़ी स्कूल के देशराज, घुमारवीं स्कूल के कुलदीप कुमार, गेहरवीं स्कूल के अतुल सिंह, कुठेड़ा स्कूल के राकेश कुमार और झंडूता स्कूल के राकेश भारद्वाज। कर्नल गौरव प्रीत सिंह ने बताया कि सेकंड ऑफिसर तीन से आठ साल के भीतर पीआरसीएन कोर्स उत्तीर्ण कर फर्स्ट ऑफिसर रैंक हासिल कर सकते हैं। वहीं 10 से 15 साल की एनसीसी सेवा में पीआरसीएन कोर्स पूरा करने पर सीओ (चीफ ऑफिसर) रैंक प्राप्त किया जा सकता है।

### दियोटसिद्ध मंदिर अधिकारी ने सुबह पदभार संभाला और शाम को कैंसल के ऑर्डर

**एसके ठाकुर बड़सर।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में टेंपल अधिकारी मनजीत सिंह ठाकुर ने वीरवार पदभार संभाल लिया। इसके बाद मंदिर अधिकारी ने मंदिर के कर्मचारियों से मंदिर की व्यवस्था को लेकर बैठक की। हालांकि, मंदिर अधिकारी को उसे समय बड़ा सदमा लगा, जब शाम ढलते-ढलते ही कैंसिलेशन के आर्डर आ गए। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है की ऐसी क्या मजबूरी आन पड़ी की सुबह अधिकारी ने ज्वॉइनिंग की और शाम को किसी अन्य अधिकारी केशव कुमार को मंदिर अधिकारी नियुक्त कर दिया गया। सरकार के फैसले की बड़सर विधानसभा में किरकिरी हो रही है। भाजपा नेता सरकार के इस आदेश को लेकर चौक-चौराहों पर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। भाजपा ने कहा कि सीएम की अधिकारियों पर उनकी पकड़ नहीं है। एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने बताया कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। वहीं, डीसी गधर्वा राठौर ने फोन अटेंड नहीं किया।

### टीजीटी शिक्षकों की वरिष्ठता सूची लंबित, पदोन्नति प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हजारों टीजीटी शिक्षकों की वरिष्ठता सूची पिछले आठ वर्षों से लंबित पड़ी है, जिससे शिक्षकों में रोष बढ़ गया है। वर्ष 2018 से 2026 के बीच नियुक्त शिक्षक अब तक वरिष्ठता क्रमांक प्राप्त नहीं कर पाए हैं। वरिष्ठता न मिलने के कारण हेडमास्टर और प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति भी बाधित हो रही है, जिससे शिक्षकों की कैरियर प्रगति प्रभावित हो रही है। राजकीय टीजीटी कला संघ ने स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बल्याणी और महासचिव विजय हीर ने कहा कि निदेशालय में पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद वरिष्ठता सूचियां लंबित रखना समझ से परे है। संघ ने हेमंत नेगी से बैठक कर आठ साल से लंबित वरिष्ठता सूचियों पर शिकायत की और कहा कि यदि यह मुद्दा शीघ्र हल नहीं हुआ, तो मुख्यमंत्री के समक्ष इस विलंब की शिकायत की जाएगी।

## बैंकिंग समीक्षा बैठक में शामिल हुए सांसद अनुराग

# बैंकों को ऋण वितरण बढ़ाने और वित्तीय समावेशन मजबूत करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने वीरवार को हमीर भवन में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्श समिति की बैठक में भाग लिया। तिमाही समीक्षा बैठक लीड बैंक पंजाब नेशनल बैंक द्वारा उपायुक्त हमीरपुर गंधर्वा राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिले में कार्यरत सभी वाणिज्यिक, सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

अनुराग ने हमीरपुर जिले के क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) अनुपात पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 तिमाही के अंत तक जिले का सीडी अनुपात मात्र 23.39 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय मानक 60 प्रतिशत और प्रदेश का औसत 51.09 प्रतिशत है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक बैंक के लिए तिमाहीवार कार्य योजना तैयार की जाए और लक्ष्य निर्धारित कर जिले में ऋण वितरण बढ़ाया जाए। सांसद ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों और महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं को लागू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने बमसन, सुजानपुर, नादौन, बिझड़ी, गैलोर और बड़सर में नई बैंक शाखाएं खोलने से संबंधित लंबित प्रस्तावों की समीक्षा की और लीड बैंक को शीघ्र व्यवहार्यता सर्वेक्षण एवं स्वीकृति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। ठाकुर ने स्पष्ट किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले और जिले में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित हो।

### तकनीकी विवि का युवा उत्सव आज से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का युवा उत्सव 2026 छह से आठ मार्च तक हिमाचल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (एचआईईटी) शाहपुर में आयोजित किया जाएगा। वीरवार को तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश शर्मा ने तकनीकी विवि परिसर के 42 सदस्यीय दल को युवा उत्सव के लिए रवाना किया। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने तकनीकी विवि के दल को युवा उत्सव में भाग लेने के लिए जाने से पूर्व बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी विवि इंजीनियरिंग, फार्मेसी और मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों को संचालित किया जाता है। इस वर्ष युवा उत्सव में समूह लोक नृत्य, ग्रुप डांस फ्री स्टाइल, देशभक्ति थीम पर आधारित समूह नृत्य, एकल नृत्य और स्किटध्नाटकध्माइम और लोक प्रदर्शन मुख्य गतिविधियां रहेगी।

# हिमाचली कलाकारों के नाम रही आखिरी सांस्कृतिक संध्या

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** हमीरपुर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की चौथी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह हिमाचली कलाकारों के रंग में रंगी रही। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

मुख्य आकर्षण रहे पहाड़ी गायक कुलदीप शर्मा, जिन्होंने हिमाचल की पारंपरिक नाटियों की प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा कुमार साहिल ने हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी गीतों से मनोरंजन किया। गौरव कौंडल, काकू राम ठाकुर और अन्य कलाकारों ने भी उत्सव में रंग भरते हुए इसे यादगार बना दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मेले और उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति की पहचान हैं। उन्होंने सुजानपुर के होली उत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की संभावनाओं पर जोर दिया।

### आवाज-ए-हमीरपुर स्पर्धा के विजेता नवाजे

**सांस्कृतिक** संध्या के दौरान आवाज-ए-हमीरपुर प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान अर्जित करने वाले अरुण भारद्वाज को 50,000 रुपए और ट्रॉफी, उपविजेता अजय कुमार को 31,000 रुपए और ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रही शैलजा को 21,000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, बैंक अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सांस्कृतिक संध्या के साथ ही होली उत्सव का यह पर्व आनंद और सौहार्द का प्रतीक बनकर सामने आया।

उन्होंने जिले के विकास, सामाजिक कल्याण योजनाओं और मुख्यमंत्री की पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि हमीरपुर जिले के लिए यह गर्व की बात है।

## न्यूज ब्रीफ

### 4 किलो 664 ग्राम चरस के साथ दो काबू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डलहौजी पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस उपअधीक्षक/एसडीपीओ डलहौजी मयंक शर्मा के नेतृत्व में एसडीपीओ कार्यालय व पुलिस चौकी बनीखेत की टीम ने लाहड़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 154 पर गश्त व नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की। चैकिंग के दौरान अस्थायी नंबर की एक टैक्सी में सवार दो व्यक्तियों पर संदेह होने पर वाहन को रोका गया। पूछताछ में उनकी पहचान राम दयाल पुत्र मान सिंह और बालक राम पुत्र हीरा लाल, दोनों निवासी गांव भराडा, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा के रूप में हुई। संदेह के आधार पर वाहन की तलाशी एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत ली गई। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से 4 किलो 664 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद चरस को मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलकर सील किया गया और स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में विधिवत कब्जे में लिया गया। थाना डलहौजी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 के अंतर्गत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरामद चरस के स्रोत और गंतव्य को लेकर पुलिस द्वारा विस्तृत जांच जारी है।

### कुठेड़ स्कूल को चौथी बार एसएमसी का खिताब

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी।** उत्कृष्ट प्रबंधन, सामूहिक सहभागिता और शिक्षा के प्रति समर्पण का शानदार उदाहरण पेश करते हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ एक की स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। चुवाड़ी खण्ड स्तरीय उत्कृष्ट एसएमसी प्रतियोगिता में कुठेड़ एक ने लगातार चौथी बार प्रथम स्थान हासिल कर पूरे क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर दी है। समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में खंड के लगभग 90 विद्यालयों ने भाग लिया, लेकिन सशक्त नेतृत्व, पारदर्शी कार्यप्रणाली और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी के बल पर कुठेड़ एक ने सभी को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। पुरस्कार वितरण समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी नारायण सिंह ने विजेता स्कूलों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कुठेड़ एक की एसएमसी को 1100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कूड़न तथा तृतीय स्थान पर प्राथमिक पाठशाला बाही का बाघ रही। कार्यक्रम के दौरान कम्युनिटी जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इसमें टीजीटी आर्ट्स सुरिंदर ठाकुर ने अभिभावकों से संवाद करते हुए विद्यालय विकास में उनकी भूमिका को निर्णायक बताया। उन्होंने कहा कि जब स्कूल, शिक्षक और अभिभावक एकजुट होकर कार्य करते हैं, तब ही शिक्षा में वास्तविक बदलाव संभव होता है।

### चंबा में दो आपराधिक मामले हुए दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा द्वारा विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दो अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। दोनों मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पहला मामला पुलिस थाना सिहुंता में अभियोग संख्या 15/26 के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता मोहम्मद हुसैन निवासी सिहुंता ने अर्जुन गुलेरिया सहित सात अन्य व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज की तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, सभी तथ्यों की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। दूसरा मामला अभियोग संख्या 14/26 के तहत पुलिस थाना सिहुंता में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता रविंदर सिंह निवासी मल्ली ने साहला निवासी अक्षय कुमार के खिलाफ शिकायत दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक वाहन पटका से मैड की ओर आ रहा था। तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधीक्षक, चंबा ने आम जनता से कानून-व्यवस्था बनाए रखने व विशेषकर वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार और लापरवाही न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह निर्दोष लोगों की जान के लिए भी खतरा बनती है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना औट के अंतर्गत संदली मोड़ के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। शिकायतकर्ता मनदीप सिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी सुदर्शन नगर, सुल्तान बिंड रोड, अमृतसर (पंजाब) ने बताया कि वह अपने साथी हरसिमरन सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर आनंदपुर साहिब, मणिकर्ण तथा कुल्लू-मनाली घूमने आए थे। वापसी के दौरान कुल्लू की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मनदीप सिंह को बाएं पैर, बाएं हाथ तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नगवाई भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### दुकान पर पहुंचकर परिवार के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना गोहर के अंतर्गत एक दुकान पर पहुंचकर परिवार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राम सिंह पुत्र स्व. केशव राम निवासी तहसील चच्योट, जिला मंडी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि वह अपनी पत्नी मीरा देवी, पुत्र संजीव कुमार और बहू ओमावती के साथ कार में बगीचे में काम करने के बाद घर लौट रहे थे। रास्ते में मुकाम शिल्हणु के पास दूसरी गाड़ी से हल्की टक्कर के बाद कहासुनी हो गई। इसके बाद शाम के समय नाग, पप्पू, रजत, रुमा देवी और किरण शिकायतकर्ता की दुकान पर पहुंचे और वहां राम सिंह व उसके परिवार के साथ मारपीट की। इस घटना में राम सिंह, उनकी पत्नी मीरा देवी तथा पुत्र संजीव कुमार को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फोरलेन पर कार की टक्कर से चालक घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** टीटीपीएस थाना नागचला क्षेत्र के अंतर्गत फोरलेन सड़क पर एक वाहन की टक्कर से चालक घायल हो गया। शिकायतकर्ता नरेश कुमार पुत्र मस्त राम निवासी गांव भंतरेड़, डाकघर बरोटी, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी ने बताया कि वह सुबह अपने घर से मंडी की ओर सवारियां लेने जा रहा था। वैली व्यू होटल के पास फोरलेन सड़क पर पहुंचने पर चक्कर की ओर से आ रही एक कार ने कथित रूप से तेज रफ्तार और लापरवाही से उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक गाड़ी को दूसरी ओर ले जाकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में नरेश कुमार की नाक पर चोट आई है तथा उसकी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेल में कैदी तक नशा पहुंचाने की कोशिश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस चौकी मंडी के अंतर्गत जिला कारागार मंडी में कैदी तक नशा पहुंचाने की कोशिश का मामला सामने आया है। सहायक अधीक्षक जेल मंडी की शिकायत के अनुसार कैदियों की नियमित मुलाकात के दौरान एक महिला सुनीता पत्नी सूरज कुमार शर्मा निवासी डाकघर बागाचनोगी जिला मंडी अपने पति से मिलने आई थी। इस दौरान महिला ने कपड़ों के माध्यम से सफेद रंग का संदिग्ध पदार्थ, जो चिट्टा या हेरोइन प्रतीत हो रहा था, जेल के अंदर भेजने का प्रयास किया। ड्यूटी पर तैनात जेल स्टाफ ने सुरक्षा जांच के दौरान 1.3 ग्राम चिट्टा बरामद कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### जिले में यातायात नियम तोड़ने पर 527 चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत 527 चालान किए हैं। पुलिस अधीक्षक मंडी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है और भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### कोटी में वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के कोटी में वीरवार को स्वर्गीय कर्नल सुरेंद्र सिंह ठाकुर मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता कोटी व चकलू के स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 10 टीमों ने भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। मैदान में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं और उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। साथ ही, ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और एकता को भी मजबूत करते हैं। प्रतियोगिता के साथ ही लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, कोटी में कर्नल सुरेंद्र सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि पर पूर्व सैनिकों एवं स्थानीय लोगों द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया।

# डलहौजी सिविल अस्पताल में संसाधनों की कमी पर मंथन

अनंत ज्ञान



**अजीत सिंह, डलहौजी।** स्थानीय सिविल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक डीएस ठाकुर ने की। बैठक में एसडीएम व समिति के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, मेंबर सेक्रेटरी व एसएमओ डॉ. सीमा अत्री तथा बीएमओ समोट डॉ. श्याम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अस्पताल में व्याप्त संसाधनों की कमी व लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि अस्पताल में स्टाफ की कमी, बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत तथा सेंट्रल हीटिंग सिस्टम को सुचारू करने जैसी आवश्यक मांगों को प्रदेश सरकार के समक्ष प्राथमिकता से उठाया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। एसडीएम अनिल भारद्वाज ने कहा कि प्रशासन अस्पताल प्रबंधन के साथ हर समय खड़ा है और यहां आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। एसएमओ डॉ. सीमा अत्री ने बताया कि अस्पताल में वर्तमान में डॉक्टरों के तीन पद तथा नर्सिंग स्टाफ के दस पद रिक्त हैं। 14 स्वीकृत नर्सिंग पदों में से केवल चार नर्सें ही सेवाएं दे रही हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट पिछले वर्ष मई माह से खराब पड़ा है, जिसकी मरम्मत पर लगभग 12 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसके अलावा सेंट्रल हीटिंग सिस्टम को भी दुरुस्त करने की आवश्यकता है। वित्तीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि रोगी कल्याण समिति के पास वर्तमान में लगभग 8 लाख 72 हजार रुपए की राशि उपलब्ध है, जबकि 31 मार्च 2025 तक यह राशि 8 लाख 2 हजार 383 रुपए थी। बैठक में जानकारी दी गई कि जल्द ही अस्पताल में डायलिसिस व अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू की जाएगी, जिससे क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलेगी। प्रस्तावित कार्यों में भवनों की छतों की मरम्मत, नया फर्नीचर, एबीजी मशीन, टीबी मरीजों के लिए सीबी-नॉट मशीन सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की खरीद पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में रोगी कल्याण समिति के सभी गवर्निंग बॉडी सदस्यों ने भाग लिया और अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के जोत रोड और पारगेट क्षेत्र में 4 मार्च को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब इंदौरा की ओर जा रहे एक वाहन को कुछ लोगों ने रोक लिया। वाहन में एक गाय और एक भैंस सवार थी। आरोप है कि बजरंग दल से जुड़े कुछ व्यक्तियों ने वाहन में सवार लोगों के साथ मारपीट की और उन्हें आगे जाने से रोका। पीड़ितों ने बताया कि वाहन चालक और अन्य युवकों के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार किया गया। घटना के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन और पशुओं की जांच की, जिसमें सभी दस्तावेज सही पाए गए। जांच के बाद जब युवक वापस घर लौट रहे थे, तब भी कुछ लोगों ने उन्हें सुल्तानपुर चौकी तक रोक लिया। आरोप है कि शनि देव मंदिर के पास पशुओं को वाहन से उतार दिया गया और युवकों को जान से मारने की धमकी दी गई। भयभीत युवक रातभर सिटी चौकी में शरण लेने को मजबूर हुए। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद क्षेत्र में माहौल संवेदनशील बना हुआ है। जिला प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## राडी और किलोड पंचायत का हुआ विभाजन, लोगों में खुशी की लहर



राडी और किलोड पंचायत के लोग एक साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत राडी और किलोड का विभाजन मंगलवार को हुआ, जैसे ही विभाजन की अधिसूचना लोगों तक पहुंची, उन्होंने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से एक-दूसरे को बधाई संदेश देना शुरू कर दिया।

राडी और किलोड पंचायत के कई युवा और वृद्ध ढोल-नगाड़ों व बैंड बाजा के साथ चूड़ी पुल से पैदल एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर के कार्यालय पहुंचे। भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने फूल-माला पहनाकर ललित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। पंचायत विभाजन से क्षेत्र छोटा होने के कारण प्रधान और वार्ड सदस्य गांव की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे, जिससे सड़क, पानी, बिजली और बुनियादी सुविधाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। छोटी पंचायतों के गठन से स्थानीय स्तर पर शासन और विकास और अधिक सुदृढ़ होगा। ललित ने कहा कि जब वे हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक थे, उस समय छतराडी में बैंक शाखा खोलना और ग्राम पंचायत लोथल के तहत धरवाला में एटीएम मशीन लगवाना उनकी प्राथमिकता रही। इसके अलावा, हाल ही में आई आपदा के दौरान अवरुद्ध सड़क मार्गों को भी प्राथमिकता के आधार पर खोला गया। कार्यक्रम के दौरान ललित ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वह लोगों की जन समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखेंगे।

## सैंपल टेस्टिंग व सैनिटरी सर्वे का कार्य प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करें अधिकारी



डीसी चंबा बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पेयजल गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान फील्ड टेस्ट किट्स के माध्यम से सैंपल टेस्टिंग की प्रगति, जल शक्ति विभाग की प्रयोगशालाओं में पानी के नमूनों की जांच की स्थिति तथा सैनिटरी सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फील्ड टेस्ट किट्स के माध्यम से पानी के नमूनों की नियमित जांच सुनिश्चित बनाई जाए, ताकि जल गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने जल शक्ति विभाग की प्रयोगशालाओं में सैंपल परीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सैनिटरी सर्वे के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। बैठक में अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग जितेंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुंडाह नाला के पास मृत बैल मिलने से दहशत

**सुनील पहाड़ी, अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी क्षेत्र के मुंडाह नाले के पास एक मृत बैल मिलने से स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान से नीचे के कई गांवों के लिए पेयजल की आपूर्ति होती है, वहीं कुछ लोग गंदगी फैला रहे हैं।

इससे पीने के पानी के दूषित होने का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो इसका सीधा असर ग्रामीणों की सेहत पर पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच करवाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में जल्द ही प्रशासन को औपचारिक शिकायत सौंपी जाएगी ताकि पेयजल स्रोत को सुरक्षित रखा जा सके और क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखी जा सके।

### वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा के तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना 'सीनियर सिटिजन्स के लिए विधिक सेवाए योजना, 2016' के अंतर्गत गेस्ट हाउस, एचपीएसईबीएल, हरदासपुरा में एक प्रभावशाली विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा निशुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर व अधिवक्ता कार्तिक नेगी, सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता, कार्यालय एलए डीसी, चंबा ने बतौर संसाधन व्यक्ति संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को एक्ट, 2007 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई वरिष्ठ नागरिक अपना भरण-पोषण स्वयं करने में असमर्थ है तो वह अपने बच्चों या वैधानिक उत्तराधिकारियों से भरण-पोषण की मांग कर सकता है तथा इसके लिए मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा, उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार से संरक्षण से संबंधित कानूनी उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना तथा सीनियर सिटिज़न सेविंग्स स्कीम प्रमुख रहीं। बताया गया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र एवं चश्मे जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। कार्यक्रम में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण, संपत्ति विवाद, पारिवारिक मामलों तथा अन्य कानूनी समस्याओं में निशुल्क विधिक सहायता, परामर्श एवं अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। कार्यक्रम में पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों सहित कुल 54 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

## भाजपा नेता गुलाब सिंह के घर पहुंचे कांग्रेस नेता डॉ. राकेश, जोगिंद्रनगर की राजनीति में नए संकेत

अनंत ज्ञान



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में होली के मौके पर सामने आई एक राजनीतिक तस्वीर ने क्षेत्र की सियासत में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह के घर पहुंचे और उन्हें गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। राजनीतिक रूप से अलग-अलग दलों से जुड़े दोनों नेताओं की यह मुलाकात क्षेत्र में दिनभर चर्चा का विषय बनी रही और इसकी फोटो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल होती रही।

मुलाकात के दौरान डॉ. राकेश धरवाल ने ठाकुर गुलाब सिंह को गुलाल लगाते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की, वहीं दोनों नेताओं ने सौहार्दपूर्ण माहौल में एक-दूसरे को बधाई दी और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान डॉ. राकेश धरवाल ने ठाकुर गुलाब सिंह के मंत्री कार्यकाल में जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए सड़कों, पेयजल योजनाओं, विद्युत व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों की सराहना भी की। हालांकि होली जैसे सामाजिक पर्व पर इस तरह की मुलाकात को सामान्य बताया जा रहा है, लेकिन जोगिंद्रनगर की राजनीतिक हलकों में इसे अलग नजरिए से भी देखा जा रहा है और दोनों दलों के बीच बदलते समीकरणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अलग-अलग दलों के नेताओं के बीच इस प्रकार की निकटता आने वाले समय में स्थानीय राजनीति में नए संकेत दे सकती है, वहीं कुछ लोग इसे क्षेत्रीय सियासत में संभावित बदलावों की आहट बता रहे हैं।

## पंडोह डैम के पास 2 मरे हुए बछड़े और एक घायल जिंदा गाय फेंकी

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला पंडोह में सामने आया है। पंडोह डैम के ऊपर पुराने कुकलाह लिंक सड़क पर दो मरे हुए बछड़े और एक घायल अवस्था में गाय माता को मरने के लिए छोड़ा गया। सूचना मिलते ही बजरंग दल पंडोह के साथी कुशाल, अनमोल, मुनिष और तुलसी मौका पर पहुंचे गाय की दर्दनाक स्थित को देख कर भावुक हो गए।

उन्होंने सबके मददगार ट्रैफिक इंचार्ज चेतराम को मौके पर बुलाया और इस मामले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। चेतराम ने केएमसी कम्पनी से सहयोग मांगा और जेसीबी मौका पर पहुंचाई। तभी पशुपालन विभाग से भी संपर्क साधा गया, ताकि मरे हुए दोनों बछड़े का मेडिकल हो सके। मगर डॉक्टर के उपलब्ध ना होने से मेडिकल नहीं हो सका।

दोनों बछड़ों को बजरंग दल और स्वयं कांस्टेबल चेतराम ने बछड़ों को उठा कर मिट्टी में दफन करते हैं पुण्य कमाया। बजरंग दल ने इसे गौ हत्या करार दिया और जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## महिला दिवस पर चंबा में गूंजेगा नारी शक्ति का स्वर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी स्तर पर आयोजित की जा रही अस्मिता लीग के अंतर्गत जिला चंबा में 8 मार्च को बरगाह मैदान में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह अस्मिता खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत अस्मिता (कार्य के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित कर खेलों में उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित ) पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले की महिलाओं एवं बालिकाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना तथा उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है।

## करियर से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में 'रोजगार के अवसर' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बद्दी यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. अरुण कांत पनोली मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निशा वैद्य ने की। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्या डॉ. निशा वैद्य ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सही दिशा प्रदान करते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. अरुण कांत पनोली ने विद्यार्थियों को करियर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कोर्स काउंसलिंग, इंटरव्यू हैंडलिंग, व्यक्तित्व विकास तथा रोजगार के नए अवसरों के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में 26 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का समापन हो गया। शिविर में महाविद्यालय के 25 स्वयंसेवकों ने भाग लेते हुए विभिन्न सामाजिक और जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के बाजार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही मुल्थान ग्राम पंचायत परिसर और सेरी गांव को गोद लेकर एक दिवसीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को समझने और जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी किया गया। समापन अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और स्वयंसेवकों से समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।


अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, मुमताज बीबी** उम्र 58 वर्ष पत्नी श्री मोहम्मद रफी, निवासी ग्राम डुगराई डाकघर कनैड तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हैं कि मैंने अपना नाम मुमताज बेगम से बदलकर मुमताज बीबी रख लिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न.-10/NT/26
तारीख पेशीः- 12.03.2026
राजेश कुमारी पुत्री प्रताप चन्द निवासी गांव व डा. राजपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्रीमति राजेश कुमारी पुत्री प्रताप चन्द निवासी गांव व डा. राजपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 18.06.1966 को वार्ड न. 11 राजपुर में हुआ है। जोकि ग्राम पंचायत / नगर निगम के अभिलेख में दर्ज न है। चुकि आम जनता व स्थानीय लोगों को साधारण तरीके से ईतलाह नहीं की जा सकती। अतः अब इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार करवाकर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेश कुमारी पुत्री प्रताप चन्द का जन्म पंजीकरण करने बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 12.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 3/3/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न./11/NT/26
तारीख पेशीः- 12.03.2026
वीना देवी पुत्री दुनी चन्द निवासी वार्ड न. 3 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्रीमति वीना देवी पुत्री दुनी चन्द निवासी वार्ड न. 3 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरे पिता दुनी चन्द की मृत्यु दिनांक 08.11.2008 को ग्राम पंचायत वार्ड न. 3 नगर निगम में हुई है। जोकि पंचायत नगर निगम के अभिलेख में दर्ज न है।
चुकिं आम जनता व स्थानीय लोगों को साधारण तरीके से ईतलाह नहीं की जा सकती। अतः अब इतलाह वज़रिया मुश्तरी - मुनादी करवाकर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दुनी चन्द की मृत्यु पंजीकरण करने बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 12.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त मृत्यु पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 3/3/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न.14/NT/26
तारीख पेशीः- 09.03.2026
ज्ञान चन्द पुत्र चौकस राम निवासी वार्ड न. 2 गांव बन्दला, खास डा. नच्छिर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्री ज्ञान चन्द पुत्र चौकस राम निवासी वार्ड न. 2 गांव बन्दला, खास डा. नच्छिर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म गांव बन्दला में दिनांक 24.04.1975 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत के अभिलेख में दर्ज न है। चुकिं आम जनता को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 09.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा नं-NT/26
तारीख पेशीः- 09.03.2026
पंजाव सिंह पुत्र चौकस राम निवासी वार्ड न. 2 गांना, खास डा. नच्छिर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्री पंजाव सिंह पुत्र चौकस राम निवासी वार्ड न. 2 गांव बन्दला, खास डा. नच्छिर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म गांव बन्दला में दिनांक 06.03.1978 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत के अभिलेख में दर्ज न है। चुकिं आम जनता को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 09.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत/ नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न.13/NT/26
तारीख पेशीः- 11.03.2026
कृष्णा पत्नी वसन्त राम निवासी गांव भरमात उपरली, डा. बनूरी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्रीमति कृष्णा पत्नी वसन्त राम निवासी गांव भरमात उपरली, डा. बनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरे वेटा विपन पुत्र बसन्त राम जन्म गांव भरमात उपरली दिनांक 02.03.1976 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत के अभिलेख में दर्ज न है।
चुकिं आम जनता को साधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 11.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 3/3/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**कार्यालय नगर परिषद श्री नयना देवी जी जिला बिलासपुर हि. प्र.**
**दूरभाषः 01978-288025**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद श्री नयना देवी जी बस अड्डा फीस वसूली को ठेके पर देने हेतू सार्वजनिक नीलामी दिनांक 07.03.2026 को नगर परिषद कार्यालय में करेगी। कोई भी इच्छुक बोलीदाता/ठेकेदार दिनांक 07.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे से पूर्व निम्न धरोहर राशि नगर परिषद कार्यालय में नगद/बैंक ड्राफ्ट जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है जिसके लिए मु. 500/- रू का आवेदन फार्म नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। 03:00 बजे के उपरान्त बस अड्डा फीस वसूली की बोली की प्रक्रिया आरम्भ की जाएगी। ठेके की अन्य शर्तें किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | सेवा का नाम | अवधि | धरोहर राशि | सरकारी बोली |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बस अड्डा फीस वसूली | 01.04.2026 से 31.03.2027 | 50,000/- | 7,45,000/- |

**कार्यकारी अधिकारी**
**नगर परिषद, श्री नयना देवी जी**

**कोई** भी भाषा अपने साथ एक संस्कार, एक सोच, एक पहचान और प्रवृत्ति को लेकर चलती है।

–भरत प्रसाद

## संपादकीय

# चर्चा में बिहार की राजनीति

बिहार की राजनीति ने नई करवट ली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा का पर्चा भर दिया है। अब बिहार में पहली बार भाजपा का सीएम बन सकता है। बिहार की राजनीति लंबे समय से गठबंधनों, राजनीतिक रणनीतियों और नेतृत्व परिवर्तन के कारण चर्चा में रही है। इस राजनीतिक परिदृश्य में नीतीश कुमार का नाम सबसे प्रमुख नेताओं में लिया जाता है। लगभग दो दशकों से अधिक समय तक बिहार की सत्ता में उनकी सक्रिय भूमिका ने उन्हें राज्य की राजनीति का केंद्र बना दिया है। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित रहे हैं, जिनके बिना सत्ता समीकरणों की कल्पना करना मुश्किल माना जाता रहा है।

नीतीश कुमार पहली बार वर्ष 2000 में बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि उस समय वे विधानसभा में अपना बहुमत साबित नहीं कर पाए और उनका कार्यकाल बहुत कम समय तक ही चला। इसके बाद बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव वर्ष 2005 में आया, जब जनता दल (यूनाइटेड) और भाजपा के गठबंधन ने राज्य में बहुमत हासिल किया और नीतीश दोबारा मुख्यमंत्री बने। इस गठबंधन सरकार ने बिहार में विकास और सुशासन की नई राजनीतिक छवि बनाने की कोशिश की। सड़क, शिक्षा और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में किए गए कुछ सुधारों ने उस समय सरकार को लोकप्रियता भी दिलाई।

समय के साथ बिहार की राजनीति में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन नीतीश कुमार की राजनीतिक पकड़ बनी रही। वर्ष 2014-15 के दौरान एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मोड़ तब आया जब उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेता जीतन राम मांझी को बिहार का मुख्यमंत्री बना दिया। उस समय यह निर्णय राजनीतिक रणनीति के रूप में देखा गया। हालांकि कुछ महीनों बाद ही राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और नीतीश फिर से मुख्यमंत्री पद पर लौट आए। इसके बाद से यह धारणा मजबूत हो गई कि बिहार में चाहे कोई भी गठबंधन सत्ता में आए, मुख्यमंत्री पद पर अंततः नीतीश कुमार ही काबिज रहते हैं। नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के साथ ही बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल देखने को मिली जब जेडीयू के कई कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया। इन कार्यकर्ताओं की मांग थी कि राज्य की सत्ता में नेतृत्व परिवर्तन न किया जाए और मुख्यमंत्री पद पर नीतीश कुमार ही बने रहें। यह प्रदर्शन इस बात का संकेत देता है कि पार्टी के भीतर भी उनके नेतृत्व को लेकर मजबूत समर्थन मौजूद है।

बिहार की राजनीति में गठबंधन की राजनीति हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। राज्य में अलग-अलग समय पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर सरकार बनाई है। इन गठबंधनों के बदलते समीकरणों ने राज्य की राजनीति को बेहद गतिशील बना दिया है। ऐसे माहौल में नीतीश की राजनीतिक रणनीति और निर्णय अक्सर निर्णायक साबित होते रहे हैं। नीतीश की राजनीतिक सफलता का एक बड़ा कारण उनकी परिस्थितियों के अनुसार रणनीति बदलने की क्षमता रही है। वे समय-समय पर नए गठबंधन बनाकर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने में सफल रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने खुद को एक ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत किया है जो विकास, सामाजिक न्याय और प्रशासनिक सुधारों पर जोर देता है। हालांकि, आलोचकों का यह भी कहना है कि लगातार बदलते राजनीतिक गठबंधनों के कारण बिहार की राजनीति में स्थिरता की कमी देखने को मिलती है। विपक्ष का आरोप है कि सत्ता बनाए रखने के लिए बार-बार राजनीतिक समीकरण बदलना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं है। इसके बावजूद यह भी सच है कि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की भूमिका बेहद प्रभावशाली रही है। आने वाले समय में बिहार की राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह कई कारकों पर निर्भर करेगा। राज्य में आगामी चुनाव, गठबंधन की रणनीतियां और राष्ट्रीय राजनीति के प्रभाव इस दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, लेकिन यह स्पष्ट है कि पिछले दो दशकों में बिहार की राजनीति को समझने के लिए नीतीश कुमार की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ■

## अनंत ज्ञान – आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध घुड़सवार



फवाद मिर्जा
जन्म : 6 मार्च, 1992

**फवाद मिर्जा** (जन्म : 6 मार्च 1992, बैंगलोर, कर्नाटक) भारत के प्रसिद्ध घुड़सवार खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2020 में समर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया और ओलंपिक के फाइनल तक पहुंचने वाले पहले भारतीय इवेंटिंग घुड़सवार बने। हालांकि वे पदक नहीं जीत सके, लेकिन अपने शानदार प्रदर्शन से उन्होंने देश-विदेश के खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने 59.60 पेनाल्टी अंकों के साथ 23वां स्थान हासिल किया।

फवाद मिर्जा को घुड़सवारी विरासत में मिली। उनके पिता डॉ. हसनिन मिर्जा घोड़ों के पशु चिकित्सक हैं और परिवार की कई पीढ़ियां घुड़सवारी से जुड़ी रही हैं। बचपन से ही फवाद अपने बड़े भाई एली आस्कर के साथ घोड़ों के बीच बड़े हुए। उनके पिता का मानना था कि अच्छा घुड़सवार बनने के लिए कई बार गिरना पड़ता है। इसी कारण फवाद ने बचपन में एक डायरी रखी जिसमें वह घोड़े से गिरने की घटनाओं का रिकॉर्ड रखते थे। पांच वर्ष की आयु में एक दुर्घटना में उनके चेहरे पर घोड़े का पैर पड़ गया और 16 टांके लगे, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी।

फवाद मिर्जा ने 2018 एशिन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत रजत पदक जीता। वे 1982 के बाद एशियाई खेलों में घुड़सवारी की व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। जकार्ता में फवाद ने 26.40 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक में फवाद ने अपने घोड़े मेडिकॉट के साथ ड्रेसेज, क्रॉस-कंट्री और जंपिंग जैसे कठिन चरणों को पार कर फाइनल तक जगह बनाई। वे ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले तीसरे घुड़सवार बने। फवाद मिर्जा का संघर्ष, साहस और समर्पण उन्हें भारत के सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार खिलाड़ियों में शामिल करता है। ■



कविता

### अब करनी की बारी है

अमित मैहरा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, एडीएम, चंबा

**बहुत** हो चुकी है कथनी, अब करने की बारी है।
कथनी में तुम विजयी रहे, करनी में जीत हमारी है।
यह मुझे सदैव था ज्ञात, मार्ग सत्य का नहीं सुगम।
पर 'सत्य' यही मेरे चरित्र का, चिरंतन प्रतिहारी है।
मानव रहता है सदैव संघर्षरत, पाने को विजयश्री।
यही है इच्छा मेरी, और यही है हठ भी।
मैं एक अश्व हूं, कर्तव्य रूपी रथ का
मुझे भी है विजय की आशा, मैंने यह समीप से निहारी है।
कथनी में तुम विजयी रहे, करनी में जीत हमारी है।
आशा और निराशा है, केवल तुम्हीं से।
प्रयोजन और परिणाम भी तुम्हीं।
पराजय की श्यामला भी है तुम्हीं से, जय का शंखनाद भी तुम्हीं।
इन ही भिन्न विचारों में, युद्ध अब तक जारी है।
कथनी में तुम विजयी रहे, करनी में जीत हमारी है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पाकिस्तान, तुर्की और ईरान में चरमपंथ की उत्पत्ति और परिणाम



**डॉ. पंकज**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वर्तमान समय में मध्य-पूर्व और दक्षिण एशिया के कई क्षेत्रों में बढ़ती राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी अस्थिरता विश्व शांति के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। विशेष रूप से ईरान, इसराइल, अमेरिका, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से जुड़े घटनाक्रमों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को अत्यंत जटिल बना दिया है। इन क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक ध्रुवीकरण और आतंकवादी गतिविधियों के पीछे कई ऐतिहासिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक कारण मौजूद हैं। इन परिस्थितियों का गहन अध्ययन और विश्लेषण आवश्यक है ताकि भविष्य में उत्पन्न होने वाले संकटों को समझा और रोका जा सके।

मध्य-पूर्व की राजनीति में धार्मिक पहचान और वैचारिक संघर्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कई बार राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और धार्मिक कट्टरता मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करती हैं, जो उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा देता है।

इतिहास बताता है कि जब किसी समाज में धार्मिक या वैचारिक श्रेष्ठता की भावना के साथ शक्ति विस्तार की आकांक्षा जुड़ जाती है, तो वह क्षेत्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी संघर्ष को जन्म दे सकती है। परिणामस्वरूप युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक अस्थिरता के कारण लाखों लोगों की जान जाती है, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन होता है और अर्थव्यवस्थाएं तथा सामाजिक संरचनाएं कमजोर हो जाती हैं।

दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व में उभरने वाले अनेक आतंकवादी संगठनों ने भी वैश्विक सुरक्षा को प्रभावित किया है। उदाहरण के लिए अल-कायदा, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान लिए जैसे संगठन समय-समय पर हिंसक गतिविधियों के कारण अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बने रहे हैं। इन संगठनों की गतिविधियों के कारण विभिन्न देशों में नागरिकों, सुरक्षा बलों और सरकारी संस्थानों को निशाना बनाया गया। आतंकवादी हिंसा का सबसे अधिक प्रभाव सामान्य नागरिकों पर पड़ता है, जो अपने दैनिक जीवन के बीच अचानक हिंसा और असुरक्षा का सामना करते हैं।

अक्तूबर 2024 में डोमिनिक रेनी (निदेशक) के नेतृत्व में तैयार एक रिपोर्ट के अनुसार 1979 से अप्रैल 2024 के बीच विश्वभर में लगभग 66,872 इस्लामी आतंकवादी हमले दर्ज किए गए, जिनमें लगभग 2,49,941 लोगों की मृत्यु हुई। रिपोर्ट के अनुसार इन हमलों का प्रमुख लक्ष्य सैन्य बल (लगभग 34%) रहे, जबकि नागरिक (लगभग 27.7%) और पुलिस बल (लगभग 15.3%) भी बड़ी संख्या में प्रभावित हुए। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि आतंकवाद का प्रभाव केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह समाज के हर स्तर को प्रभावित करता है।

1990 के दशक के बाद से डिजिटल मीडिया और इंटरनेट के विस्तार ने आतंकवाद की दृश्यता और प्रभाव को कई गुना बढ़ा दिया। आज सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके छोटे-से-छोटे संगठन भी वैश्विक स्तर पर प्रचार, भर्ती और दुष्प्रचार फैलाने में सक्षम हो गए हैं। 1996 में स्थापित अल जजीरा जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया नेटवर्क और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म ने वैश्विक सूचना प्रवाह को तेज किया है, जिससे किसी भी घटना की जानकारी कुछ ही मिनटों में पूरी दुनिया तक पहुंच जाती है।

स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यापक उपलब्धता ने इस प्रक्रिया को और भी तेज बना दिया है। दक्षिण एशिया में विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर क्षेत्र लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष, उग्रवाद और हिंसा का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र में दशकों से चल रहे तनाव के कारण नागरिकों, सुरक्षा बलों और विभिन्न समुदायों को गंभीर मानवीय और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार के संघर्षों के समाधान के लिए केवल सैन्य उपाय पर्याप्त नहीं होते; इसके लिए राजनीतिक संवाद, सामाजिक सुधार और आर्थिक विकास जैसे दीर्घकालिक उपाय भी आवश्यक होते हैं।

वैश्विक स्तर पर आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत आवश्यक है। प्रमुख शक्तियों—जैसे चीन, रूस, अमेरिका और यूरोपीय देशों को सामूहिक रूप से ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो आतंकवाद के वित्तपोषण, वैचारिक प्रचार और संगठित नेटवर्क को प्रभावी ढंग से रोक सकें। साथ ही शिक्षा, सामाजिक न्याय और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये कारक युवाओं को उग्रवादी विचारधाराओं से दूर रखने में मदद करते हैं।

अंततः यह स्पष्ट है कि आतंकवाद और कट्टरपंथ केवल किसी एक क्षेत्र या समुदाय की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए चुनौती हैं। इसलिए वैश्विक शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए देशों को सहयोग, संवाद और मानवाधिकारों के सम्मान पर आधारित नीतियों को अपनाना होगा। तभी विश्व एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



# स्वामी कृष्णानंद : स्वतंत्रता सेनानी, संन्यासी और समाजसेवी का प्रेरणादायी जीवन



**डॉ.राकेश कुमार शर्मा**
विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी

स्वामी कृष्णानंद का जीवन भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम, आध्यात्मिक साधना और जनसेवा का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है। वे उन विरल विभूतियों में से थे जिनके व्यक्तित्व में एक ओर संन्यास की निर्मल तपश्चर्या और आध्यात्मिक पवित्रता थी, तो दूसरी ओर राष्ट्र की दासता के विरुद्ध संघर्षरत एक निर्भीक सेनानी का तेज भी विद्यमान था।

उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि अध्यात्म और राष्ट्रसेवा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक और प्रेरक हैं। उन्होंने ब्रिटिश शासन के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध निर्भीक स्वर में आवाज उठाई तथा जनमानस में स्वतंत्रता और स्वाभिमान की भावना जागृत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी उनका जीवन विश्राम का नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण की निरंतर साधना का उदाहरण बना रहा। स्वामी कृष्णानंद का मूल नाम हरदेव था। उनका जन्म 6 मार्च 1891 को हिमाचल प्रदेश के मंडी नगर में चूहड़ू राम खत्री के घर हुआ। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने रियासतकालीन मिडिल स्कूल से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई दयानंद एंग्लो संस्कृत पाठशाला, होशियारपुर से मैट्रिक उत्तीर्ण कर पूरी की।

पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा जारी रखना संभव नहीं हुआ, इसलिए उन्होंने कांगड़ा के गुरुदत्त एंग्लो वैदिक स्कूल में अध्यापक के रूप में कार्य करना शुरू किया। युवावस्था में ही उनमें देशभक्ति की भावना प्रबल हो गई थी। लाहौर में उन्होंने देशभक्त नेता भाई परमानंद के मुकदमे को देखा तथा अजीत सिंह और लाला लाजपत राय के प्रेरणादायक भाषण सुने, जिनका उनके मन पर गहरा प्रभाव पड़ा। 1913 में मात्र 22 वर्ष की आयु में वे उच्च अध्ययन के उद्देश्य से विदेश जाने के लिए घर से निकल पड़े। वे सेन फ्रांसिस्को पहुंचे, परंतु उन्हें वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली। इसके बाद वे जापान होते हुए चीन पहुंचे और शंघाई में एक भारतीय रेलवे इंजीनियर के पास कार्य करने लगे। वहीं उनकी भेंट गदर आंदोलन के नेता डॉ. माथुर सिंह से हुई। 1914 में वे उनके साथ भारत लौट आए और कुछ समय तक बम्बई डाकघर में कॉपिंग क्लर्क के रूप में कार्य किया। 1915 में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह की गुप्त योजना में वे सक्रिय रहे। अंग्रेजों की गिरफ्तारी से बचने के लिए वे हिमालय के तीर्थों की यात्रा करते हुए स्वामी भूमानंद के सान्निध्य में पहुंचे और संन्यास ग्रहण कर 'कृष्णानंद' नाम प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने भगवा वस्त्र धारण कर आध्यात्मिक और राष्ट्रीय सेवा का मार्ग अपनाया। उन्होंने सिंध क्षेत्र में भ्रमण करते हुए स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों का प्रचार किया। बाद में वे महात्मा गांधी के संपर्क में आए और राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय हो जलियांवाला बाग नरसंहार (1919) की घटना ने उन्हें अत्यंत व्यथित किया। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विभिन्न अधिवेशनों में भाग लिया और जनआंदोलनों का नेतृत्व किया। 1930 के नमक सत्याग्रह में भाग लेने के कारण उन्हें कारावास भी झेलना पड़ा। भारत छोड़ो आंदोलन (1942) के समय भी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 1945 में रिहा किया गया। 1946 में वे सिंध विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। देश के विभाजन के समय उन्होंने सिंध के हिंदू और सिख समुदाय को सुरक्षित भारत पहुंचाने का महान कार्य किया और लगभग छह लाख लोगों को शरण दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1950 में वे भारत लौटकर अपने जन्मस्थान मंडी आए। 1952 में वे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए और बाद में 1962 से 1968 तक मंडी नगरपालिका के प्रधान रहे। इस दौरान उन्होंने सहकारी बैंक, खत्री सभा और आर्य समाज जैसी संस्थाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 16 सितंबर 1974 को उनका निधन हो गया। स्वामी कृष्णानंद का जीवन एक क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, संन्यासी और जनसेवक के रूप में भारतीय इतिहास में विशिष्ट स्थान रखता है। उनका जीवन त्याग, साहस, राष्ट्रभक्ति और मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



# अनुराग शर्मा की राज्यसभा उम्मीदवारी : युवा नेतृत्व और विकास की नई संभावनाएं



**मनीष कुमार**
स्वतंत्र लेखक, जयसिंहपुर

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में अनुराग शर्मा का नाम तेजी से उभरकर सामने आया है। एक युवा व्यवसायी के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके अनुराग शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने कांगड़ा सीट से राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार घोषित घोषित कर सभी राजनीतिक दलों को चौंका दिया है।

यह फैसला कांग्रेस ने ऐसे समय में लिया है जब प्रदेश की राजनीति में संगठनात्मक मजबूती और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्व देने की चर्चा जोरों पर है। माना जा रहा है कि इस निर्णय से युवा नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा और राजनीतिक संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। लगभग दो माह पूर्व ही उन्हें कांगड़ा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अपेक्षाकृत कम समय में ही वे संगठन के भीतर सक्रिय समन्वय और संवाद के लिए जाने गए। राजनीतिक पृष्ठभूमि की बात करें तो उनके पिता प्यारे लाल शर्मा पंचायत स्तर की राजनीति में लंबे समय तक प्रभावी रहे हैं, जिससे परिवार का सार्वजनिक जीवन से पुराना जुड़ाव रहा है। अनुराग शर्मा का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यटन और साहसिक खेलों से भी जुड़ा है। वे बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन के कारण वैश्विक पहचान रखता है। बीड़-बिलिंग को विश्व स्तरीय पैराग्लाइडिंग स्थल के रूप में विकसित करने में संस्थागत प्रयासों की भूमिका रही है। यदि वे राज्यसभा पहुंचते हैं, तो यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि साहसिक पर्यटन, स्थानीय रोजगार और आधारभूत ढांचे को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पहल को गति मिल सकती है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सार्वजनिक रूप से उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन से जुड़े कार्यकर्ता को अवसर दिए जाने को सकारात्मक संकेत बताया है। दूसरी ओर, वर्तमान राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है, जिसके चलते नई नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। बैजनाथ क्षेत्र से संबंध रखने वाले अनुराग के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण स्थानीय मुद्दा जोगिंदरनगर-पठानकोट नैरो गेज रेल लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तित करने की लंबे समय से उठती मांग भी है। यह रेल मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता है और बैजनाथ पपरोला इसका प्रमुख स्टेशन है। समय-समय पर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों द्वारा इस लाइन के उन्नयन की आवश्यकता पर जोर दिया जाता रहा है, ताकि परिवहन सुविधाएं बेहतर हों, पर्यटन को बढ़ावा मिले और स्थानीय व्यापार को गति मिल सके। साथ ही हिमाचल में पीजीआई बनाने की मांग भी लंबे समय से रही है। ऐसे में यह अपेक्षा की जा रही है कि यदि अनुराग शर्मा राज्यसभा पहुंचते हैं, तो वे इस महत्वपूर्ण मांग को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने और संबंधित मंत्रालयों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का प्रयास करेंगे, जिससे क्षेत्र की लंबे समय से लंबित इस आवश्यकता को नई दिशा मिल सके। राजनीतिक समीकरणों के अनुसार यदि प्रमुख विपक्षी दल चुनाव मैदान में उम्मीदवार नहीं उतारता, तो अनुराग शर्मा का राज्यसभा पहुंचना लगभग निश्चित माना जा रहा है। हालांकि, अंतिम स्थिति निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। युवा नेतृत्व के रूप में उनसे रोजगार, कौशल विकास और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर उठाने की अपेक्षा की जा रही है। साथ ही, पर्यटन-विशेषकर पैराग्लाइडिंग को संस्थागत सहयोग, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग दिलाने की संभावना भी चर्चा में है।

समग्र रूप से, अनुराग शर्मा का संभावित राज्यसभा प्रवेश केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि संगठनात्मक राजनीति, युवा नेतृत्व और क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



# वैश्विक शांति में महिलाओं की सक्रिय और समान भागीदारी



**डॉ. अंकिता चौधरी**
सह-प्राध्यापक, अभिलाषी यूनिवर्सिटी, मंडी (हि.प्र.)

आज का युग अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रगति का युग है, किंतु इसी के साथ वैश्विक अशांति भी बढ़ती जा रही है। युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक असमानता, सांस्कृतिक टकराव और पर्यावरणीय संकट मानव सभ्यता के समक्ष गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। ऐसे समय में वैश्विक शांति केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है।

यह सत्य है कि शांति एक दिन में स्थापित नहीं होती; यह निरंतर प्रयास, संवाद और त्याग की प्रक्रया है। जब तक राष्ट्र अपने संकीर्ण स्वार्थों, सत्ता-प्रतिस्पर्धा और संसाधनों की अंधी दौड़ से ऊपर नहीं उठेंगे, तब तक स्थायी शांति की कल्पना अधूरी रहेगी। हमें शक्ति-प्रदर्शन की नीति से आगे बढ़कर सहयोग, सह-अस्तित्व और पारस्परिक विश्वास की भावना को अपनाना होगा। इसी संदर्भ में 'विश्व नागरिकता' की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब व्यक्ति स्वयं को केवल किसी एक राष्ट्र का नागरिक नहीं, बल्कि पूरी मानवता का उत्तरदायी सदस्य मानेगा, तभी सीमाओं से परे शांति की स्थापना संभव होगी। विश्व नागरिकता हमें सिखाती है कि हमारी वास्तविक पहचान हमारी मानवता है-न कि भाषा, रंग, लिंग, धर्म या भौगोलिक सीमाएं, परंतु वैश्विक शांति के इस प्रयास में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष अक्सर उपेक्षित रह जाता है-महिलाओं की सक्रिय और समान भागीदारी।

इतिहास साक्षी है कि जब भी महिलाओं को निर्णय-प्रक्रिया में स्थान मिला है, तब संवाद, सहानुभूति और सामाजिक संतुलन को बल मिला है। महिलाएं स्वभावतः जीवन-संरक्षण और सामंजस्य की पक्षधर रही हैं। वे परिवार, समाज और राष्ट्र के बीच सेतु का कार्य करती हैं। यदि शांति-स्थापना की नीतियों, अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं और सामाजिक आंदोलनों में महिलाओं को समान अवसर और नेतृत्व प्रदान किया जाए, तो शांति की प्रक्रिया अधिक समावेशी और स्थायी बन सकती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की संवेदनशील दृष्टि दूरगामी समाधान प्रस्तुत कर सकती है। महिलाओं की भागीदारी केवल समानता का प्रश्न नहीं है; यह शांति की अनिवार्य शर्त है। जब आधी आबादी को निर्णय-प्रक्रिया से बाहर रखा जाता है, तो शांति का प्रयास अधूरा रह जाता है। लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण और उनके नेतृत्व को प्रोत्साहन देना वैश्विक शांति की दिशा में ठोस कदम है। इसके साथ ही प्रकृति का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। महिलाओं का जीवन प्रकृति से गहराई से जुड़ा होता है- जल, वन, भूमि और संसाधनों के संरक्षण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। अतः पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करने में भी महिलाओं की सहभागिता निर्णायक सिद्ध हो सकती है। आज संपूर्ण विश्व को पुनर्विचार करने की आवश्यकता है-क्या हम विकास के नाम पर विभाजन और विनाश को बढ़ावा दे रहे हैं? क्या हमारी नीतियां मानवता, समानता और प्रकृति के प्रति उत्तरदायी हैं? यदि नहीं, तो हमें अपनी दिशा बदलनी होगी। अंततः, वैश्विक शांति कोई दूरस्थ स्वप्न नहीं है यह हमारी सामूहिक चेतना, नैतिक साहस और समावेशी दृष्टिकोण का परिणाम है। जब मानवता हमारे निर्णयों का केंद्र बनेगी, जब महिलाएं समान रूप से नेतृत्व में भागीदार होंगी, और जब प्रकृति को विकास का सहभागी माना जाएगा, तभी शांति और भाईचारे का सच्चा प्रभात उदित होगा। अन्यथा यह दूर की कौड़ी है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**



**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुक्खू आज मंडी दौरे पर रहेंगे



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 6 मार्च को मंडी जिला के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री प्रातः शिमला से प्रस्थान कर हेलिकॉप्टर के माध्यम से सुंदरनगर पहुंचेंगे और वहां से सड़क मार्ग द्वारा नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचेंगे। वहां पर रोबोटिक सर्जरी सुविधा का उद्घाटन करेंगे तथा मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नाचन विधानसभा के दियारगी में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर बाद शिमला लौटेंगे।

### सरकाघाट कॉलेज में वार्षिक समारोह 7 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट का 41वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 7 मार्च को सुबह 10:30 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर मुख्यातिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान, मेधावी छात्रों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और विभिन्न सहपाठ्यक्रम क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों में कुल 410 छात्रों को पुरस्कार दिए जाएंगे। महाविद्यालय के छात्रों की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए लगभग 6,26,600 रुपए की पुरस्कार राशि वितरित करेगा। पुरस्कारों का सबसे बड़ा हिस्सा वार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए दिया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि विशिष्ट अतिथियों को निमंत्रण भेजे जा चुके हैं और कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने छात्रों से समय पर उपस्थित होकर अपने पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से ग्रहण करने का अनुरोध किया और अभिभावकों से भी समारोह में शामिल होकर छात्रों का हौसला बढ़ाने का आग्रह किया।

### जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक अब 13 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने बताया कि जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक, जो पहले 7 मार्च को प्रातः 11 बजे विपाशा सदन मंडी में आयोजित की जानी निर्धारित थी, प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 13 मार्च को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### मंडी में जिला स्तरीय महिला दिवस कार्यक्रम 8 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को संस्कृति सदन कांगनीधार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन करेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मंडी अजय बदरेल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़ और मटका फोड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाएं कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं की रचनात्मकता और सामाजिक भूमिका को भी मंच प्रदान किया जाएगा।

### जंजैहली में हो रही वेब सीरिज 'द स्नो ब्राइड' की शूटिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल की खूबसूरत जंजैहली घाटी इन दिनों कैमरा, लाइट एंड एक्शन की गूंज से सराबोर है, जहां मुंबई के मिथकीय कहानियों के लेखक एवं निर्माता सीएल सैनी उत्तराखंड की लोककथा पर आधारित वेब सीरिज द स्नो ब्राइड (बर्फ की दुल्हन) की शूटिंग कर रहे हैं। वेब सीरिज में टीवी कलाकार भूमिका गुरुंग, दीप राज राणा, रवींद्र कुमार, ईशान के साथ हिमाचल प्रदेश के शिमला, मंडी और कांगड़ा जिलों के कलाकार भी अभिनय कर रहे हैं। कहानी के लेखक एवं निर्माता सीएल सैनी ने बताया कि उत्तराखंड के जौनसार बाबर क्षेत्र में उनका बचपन बीता और वहीं बुजुर्गों से सुनी लोककथा से इस कहानी की प्रेरणा मिली। उन्होंने बताया कि पहाड़िया देवता, जिसे हिमाचल में नारसिंह देवता कहा जाता है, से जुड़ी लोकमान्यताओं और यति की कथा को कहानी में जोड़ा गया है। आर्ट डायरेक्टर चौकस भारद्वाज, जो धर्मशाला से संबंध रखते हैं, ने बताया कि मंडी के फिल्म डायरेक्टर पवन शर्मा की फिल्म ब्रीणा देखने के बाद जंजैहली में लोकेशन फाइनल की गई। सीएल इंटरटेनर प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही यह वेब सीरिज हंगामा ओटीटी प्लेटफार्म पर अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक रिलीज होगी और इसके छह एपिसोड बनाए जा रहे हैं।

### क्रैच कार्यकर्ता व सहायिका के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी मंडी-सदर जितेंद्र सैनी ने जानकारी दी कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मिशन शक्ति-पालना योजना के अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी-एवं-पालना केंद्रों में क्रैच कार्यकर्ता तथा सहायिका के रिक्त पदों को भरने के लिए स्थानीय महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन केंद्रों में समेकित बाल विकास सेवाओं के साथ कामकाजी महिलाओं के बच्चों की उचित देखभाल और सुरक्षा के लिए डे-केयर सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि क्रैच कार्यकर्ता को 5500 रुपए तथा क्रैच सहायिका को 3000 रुपए प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। नगर निगम मंडी के वार्ड भगवाहन (दरम्याना-2), थनेहड़ा (थनेहड़ा-1), सुहड़ा (लोअर सुहड़ा-2) और नेरचौक के वार्ड नंबर 2 ढांगू केंद्र में क्रैच कार्यकर्ता और सहायिका के दोनों पदों को भरा जाएगा। इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। उपमंडल बल्ह से संबंधित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 27 मार्च को एसडीएम कार्यालय बल्ह तथा उपमंडल सदर से संबंधित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 28 मार्च को एसडीएम कार्यालय मंडी में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि क्रैच कार्यकर्ता और सहायिका के पद के लिए केवल महिला उम्मीदवार ही पात्र होंगी तथा उनकी आयु अधिसूचना जारी होने की तिथि को 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक संबंधित पालना केंद्र के फीडर क्षेत्र से होना आवश्यक है तथा परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। क्रैच कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं तथा सहायिका के लिए 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# तलकेहड़ पंचायत में दो करोड़ से बदली विकास की तस्वीर




अनंत ज्ञान

◆ **प्रधान सुचिका के नेतृत्व में सड़क स्वच्छता, शिक्षा और पेयजल सुविधाओं को मिली मजबूती**

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार की विशेष शृंखला के तहत आज हम बात कर रहे हैं जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तलकेहड़ की, जहां 14वें और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत लगभग दो करोड़ रुपए की राशि से व्यापक विकास कार्य करवाए गए हैं। शिक्षित प्रधान सुचिका के नेतृत्व में पंचायत ने योजनाबद्ध और पारदर्शी कार्यशैली अपनाते हुए सभी वार्डों में संतुलित विकास सुनिश्चित किया है।

प्रधान सुचिका ने कार्यभार संभालने के बाद ग्राम सभा की बैठकों के माध्यम से पंचायत की प्राथमिकताओं को तय किया। ग्रामीणों से सुझाव लेकर विकास की रूपरेखा बनाई गई और उसी के अनुरूप कार्यों को धरातल पर उतारा गया। पंचायत में आंतरिक संपर्क मार्गों और गलियों का निर्माण व मरम्मत की गई। कई वार्डों में इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाई गईं, जिससे बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिली है।

स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नालियों का निर्माण और सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया गया। पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र और अन्य सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण भी करवाया गया। इससे न केवल गांव की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण भी तैयार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में भी पंचायत ने उल्लेखनीय पहल की है। प्राथमिक विद्यालय भवन की मरम्मत, रंग-रोगन और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल और शौचालय व्यवस्था को बेहतर बनाया गया, जिससे शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक सुधार हुआ है।





#### भविष्य की योजनाएं



**प्रधान** सुचिका ने बताया कि आगामी समय में शेष संपर्क मार्गों का सुदृढ़ीकरण, सोलर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना, वर्षा जल संरक्षण योजनाओं का क्रियान्वयन और युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता में रहेगा। पर्यावरण संरक्षण के तहत व्यापक पौधारोपण अभियान भी चलाया जाएगा। अनंत ज्ञान दैनिक समाचार की इस विशेष शृंखला में हम आगे भी जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की अन्य पंचायतों के विकास कार्यों और जनमत को पाठकों तक पहुंचाते रहेंगे।

#### क्या कहते हैं स्थानीय लोग

**गांव** के वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से लंबित सड़क और जल निकासी की समस्याओं का समाधान हुआ है। महिलाओं ने बताया कि गलियों में टाइलें लगने और नालियों के निर्माण से दैनिक जीवन सुगम हुआ है। युवाओं ने स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था को सराहते हुए कहा कि इससे रात के समय आवागमन सुरक्षित हुआ है। अभिभावकों ने विद्यालय में हुए सुधार कार्यों को सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि बच्चों को अब बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल रहा है। ग्रामीणों का यह भी मानना है कि शिक्षित प्रधान होने के कारण योजनाओं का चयन और क्रियान्वयन व्यवस्थित ढंग से हो रहा है। ग्राम सभा में खुलकर चर्चा होती है और लोगों की राय को महत्व दिया जाता है।

पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और नई लाइटें लगाने जैसे कार्य भी पंचायत द्वारा संपन्न किए गए हैं। विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर ग्राम सभा में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती रही है।

## 'स्मार्ट मीटर से ज्यादा बिल आने का भ्रम निराधार'

अनंत ज्ञान

◆ **कर्मचारियों को रोका तो होगी सख्त कार्रवाई**

**जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल लडभड़ोल ने स्मार्ट मीटरों का विरोध कर रहे घरेलू उपभोक्ताओं को कड़ी चेतावनी जारी की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली का बिल अधिक आता है, यह केवल एक भ्रम है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि कोई भी व्यक्ति मीटर बदलने गए कर्मचारियों के कार्य में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता ई. शशि कुमार चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पूरे राज्य में पुराने बिजली मीटरों को हटाकर उनके स्थान पर अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इस योजना के पहले चरण में ट्रांसफार्मरों, सरकारी कार्यालयों, संस्थानों तथा व्यावसायिक उपभोक्ताओं के मीटर सफलतापूर्वक बदले जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ घरेलू उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर रहे हैं। विरोध का मुख्य कारण यह गलत धारणा है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली का बिल अधिक आता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह से निराधार है और स्मार्ट मीटर केवल बिजली खपत का सटीक आकलन करते हैं।

सहायक अभियंता ने कहा कि विभागीय कर्मचारी जब मीटर बदलने के लिए क्षेत्र में पहुंचते हैं तो कुछ स्थानों पर उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई उपभोक्ता कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी करने से रोकता है या उनके साथ किसी प्रकार की बहस या बाधा उत्पन्न करता है, तो इसे सरकारी कार्य में बाधा माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी।

## सीएपीएफ बैठक में पूर्व सैनिकों की मांगों और समस्याओं पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवानिवृत सीएपीएफ की मासिक बैठक शनिवार 7 मार्च को सुबह 10 बजे सरकाघाट में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सीएपीएफ के प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों की उपस्थिति अपेक्षित है। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं एवं लंबित मांगों पर विचार-विमर्श करना है। विजय ठाकुर ने कहा कि पूर्व सैनिकों से जुड़ी पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार कैंटीन व उन्हें आ रही समस्याओं और अन्य कल्याणकारी मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी, ताकि इन समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। उन्होंने क्षेत्र के सभी पूर्व सीएपीएफ के जवानों व अधिकारियों व जेसीओ व उनके आश्रितों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है, जिससे उनकी आवाज़ मजबूत रूप से प्रदेश व केंद्र सरकार तक पहुंचाई जा सके।

## एनटीपीसी कोलडैम में मनाया 55वां सुरक्षा सप्ताह समारोह

अनंत ज्ञान




सुरक्षा की शपथ लेते हुए कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** एनटीपीसी कोलडैम में 55वां सुरक्षा सप्ताह परियोजना प्रमुख एसएस राव के नेतृत्व में बड़े उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ शुरू हुआ, जो कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति संगठन के समर्पण को मजबूत करता है। उत्सव की शुरुआत एक सुरक्षा रैली से हुई, जहां कर्मचारियों ने कार्यस्थल सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके बाद ध्वजारोहण और सुरक्षा शपथ ली गई, जिसमें सभी के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। राव ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई।

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं पर जोर देते हुए सभा को भी संबोधित किया और सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल बनाए रखने के लिए एनटीपीसी कोलडैम की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। सुरक्षा की संस्कृति को और मजबूत करने के लिए, पूरे सप्ताह सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताओं की एक शृंखला की योजना बनाई गई है। इन पहलों का उद्देश्य सक्रिय सुरक्षा प्रथाओं को प्रोत्साहित करना और कर्मचारियों के बीच सुरक्षा मानदंडों की गहरी समझ को बढ़ावा देना है।

यह आयोजन एनटीपीसी कोलडैम में सुरक्षा की एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने, कार्यबल को शामिल करने, शिक्षित करने और सशक्त बनाने के माध्यम से स्थायी तरीके से नुकसान न होने वाले कार्य स्थल की दिशा में प्रयास करने की नई प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ।

## मनरेगा बचाने और स्मार्ट मीटरों के खिलाफ आज से अभियान शुरू

अनंत ज्ञान



विरोध करती हुई महिलाएं व अन्य। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी धर्मपुर लोकल कमेटी द्वारा 5 मार्च से जन आक्रोश, जन संपर्क अभियान ग्राम पंचायत सधोट के मोरतन गांव से शुरू किया। जिसका नेतृत्व पार्टी नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह कर रहे हैं और लोकल कमेटी सदस्य एवं किसान सभा के बाला राम, प्रकाश वर्मा, दीपक प्रेमी आदि भी शामिल हैं।

वीरवार को सधोट पंचायत के गांव मोरतन, बाहरू, धनराशी, सधोट, जटगहरा के अलावा चोलथरा पंचायत के गांव करयाल और दिग्घो में जन संपर्क किया गया और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में चर्चा की गई और पर्चा वितरित किया गया।

इस जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए बिजली विधेयक को लागू करने के लिए स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का विरोध करने के लिए लिए उपभोक्ताओं को एकजुट होने का आह्वान किया जा रहा है। इसी प्रकार मनरेगा कानून को खत्म करके लाए गए जी राम जी कानून को वापस करने की मांग उठाई जा रही है।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शुरू हुए जनसंपर्क अभियान का प्रथम चरण 14 मार्च को भराड़ी में आ रहे राज्य स्तरीय जन आक्रोश जत्थे के पहुंचने पर आयोजित की जा रही जनसभा तक चलेगा। दूसरा चरण 24 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाली रैली तक चलेगा।

## डॉ .वीरेंद्र शर्मा दूरदर्शन पर लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर पर देंगे विशेष व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दिल्ली में आयुष विभाग के निर्देशक डॉ. वीरेंद्र शर्मा कल सुबह दूरदर्शन चैनल पर लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियों पर विशेष वार्ता करेंगे। 6 मार्च 2026 को सुबह 8:25 से 8:50 बजे तक प्रसारित इस कार्यक्रम में वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, थायरॉइड ग्रंथि विकार तथा हृदय रोगों जैसे रोगों पर चर्चा करेंगे। दूरदर्शन पर प्रसारित नंबर के माध्यम से दर्शक सीधे सवाल पूछ सकेंगे। डॉ. शर्मा जिला मंडी के ग्राम लडभड़ोल के मूल निवासी हैं। उन्होंने महाराष्ट्र से एमडी तथा जयपुर से पीडी प्राप्त की और हर परीक्षा में स्वर्ण पदक हासिल किया। वर्तमान में वे दिल्ली में आयुष विभाग के माध्यम से वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने का कार्य कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश एवं मंडी जिले के लिए डॉ. शर्मा गौरव का विषय हैं। उनके समग्र ज्ञान से स्वास्थ्य संबंधी लाभ उठाने का अवसर है। सभी जागरूक नागरिक इसका लाभ उठाएं।

## चौंतड़ा-1 के 5 होनहार अब सैनिक स्कूल में करेंगे पढ़ाई

अनंत ज्ञान



स्तैन स्कूल का नमन शिक्षकों के साथ। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में शिक्षा खंड चौंतड़ा प्रथम के नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अपने स्कूल व खंड का नाम रोशन किया है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला स्तैन, खज व नागण के 5 नौनिहालों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्तैन स्कूल के नमन ठाकुर, खज स्कूल के आर्यन राव और अर्णव राव, नागन स्कूल के सक्षम बिष्ट व ऋषभ बिष्ट ने यह सफलता हासिल की है।

खज स्कूल के प्रभारी शिक्षक मंगत राम के मार्गदर्शन में 2 नौनिहालों ने सफलता हासिल की है, जबकि नागण स्कूल की प्रभारी शिक्षिका भावना ठाकुर की उत्कृष्ट शिक्षण तकनीक व मार्गदर्शन से 2 नौनिहालों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर सपना साकार किया है। वहीं स्तैन स्कूल के मुख्याध्यापक एवं राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा प्रथम के अध्यक्ष कपिल राव के उत्कृष्ट मार्गदर्शन से स्कूल हर वर्ष सफलता के झंडे गाड़ रहा है। बीते दिनों स्तैन स्कूल के नमन ठाकुर ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर सैनिक स्कूल में पढ़ाई करने का सपना साकार किया है। कपिल राव ने नौनिहालों की सफलता का श्रेय शिक्षकों के बेहतरीन मार्गदर्शन व बच्चों की कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने कहा कि चौंतड़ा प्रथम से हर वर्ष नौनिहाल सैनिक स्कूल व जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना व अभिभावकों का सपना साकार कर रहे हैं।

## युवा स्वयंसेवकों के लिए 3 दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **चार पंचायतों के लगभग 60 स्वयंसेवकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

**सरकाघाट।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मंडी के सौजन्य से उपमंडल सरकाघाट में आपदा की तैयारी एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स तैयार करने हेतु अगले चरण की चार पंचायतों के युवा स्वयंसेवकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभागार में किया जा रहा है।

यह कार्यशाला 5 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित की जा रही है। इसमें उपमंडल सरकाघाट की चार पंचायतों—थौना, खुडला, पौंटा और पपलोग—से आए लगभग 60 युवा स्वयंसेवकों को आपदा से पूर्व की तैयारी तथा आपदा के दौरान त्वरित एवं सुरक्षित बचाव कार्यों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जिला समन्वयक अमरजीत सिंह ने युवा स्वयंसेवकों को आपदा के समय आपसी समन्वय स्थापित करने, त्वरित सूचना साझा करने तथा संभावित नुकसान को कम करने के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय सरकाघाट से कार्यालय कानूनगो राजेंद्र पुरी एवं उनका स्टाफ, साथ ही चारों पंचायतों के युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**विरोध** ट्रेड डील के विरोध में नारेबाजी, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु की गिरफ्तारी पर जताया रोष

## केंद्र के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान




विरोध प्रदर्शन करते हुए व पुतला दहन करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में जिला युवा कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष निखिल ठाकुर की अध्यक्षता में केंद्र सरकार के खिलाफ तथा हाल ही में हुई ट्रेड डील के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि यह ट्रेड डील देश के किसानों, युवाओं और छोटे व्यापारियों के हितों के खिलाफ है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष निखिल ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है जो आम जनता के हितों के विपरीत हैं और युवा कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। साथ ही युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु और अन्य साथियों की हाल ही में हुई गिरफ्तारी के विरोध में भी कार्यकर्ताओं ने कड़ा रोष जताया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने पर युवाओं को गिरफ्तार करना लोकतंत्र को दबाने का प्रयास है, जिसे युवा कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज करवाया और चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने जनविरोधी फैसले वापस नहीं लिए तो युवा कांग्रेस आने वाले समय में आंदोलन को और तेज करेगी। इस मौके पर जिला मंडी के सह प्रभारी गौरव शर्मा, प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष तरुण ठाकुर, प्रदेश महासचिव मनोज कुमार, दिनेश पटियाल एवं चंद्र कौशल और जिला मंडी के विधानसभा अध्यक्ष सहित युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे तथा सभी ने एकजुट होकर लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## जाइका परियोजना के तहत किसानों ने किया बाजार सर्वेक्षण



बाजार सर्वेक्षण में मौजूद प्रशिक्षु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जाइका कृषि परियोजना के तहत ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी ने एसएचईपी पद्धति से एक दिवसीय बाजार सर्वेक्षण आयोजित किया। यह कार्यक्रम मंगलवार को डडौर और धनोटू के एपीएमसी मार्केट यार्ड में एसएमएस डॉ. खूब राम, खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. राजेश कुमार और एडीओ हंस राज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

सर्वेक्षण में कुल 40 किसानों ने भाग लिया, जो चार उप-परियोजनाओं एफआईएस ठंडी बावड़ी, एफआईएस पाज्जा नाला, एफआईएस केहड़ और एसटीडब्ल्यू लोहारा से संबंधित थे।

किसानों ने थोक एवं खुदरा व्यापारियों से संवाद कर फसल की मांग, मौसमी मूल्य उतार-चढ़ाव, अधिकतम एवं न्यूनतम दरें तथा खरीदारों के संपर्क विवरण एकत्र किए। अधिकारियों ने बताया कि एसएचईपी पद्धति से बाजार की मांग और मूल्य प्रवृत्तियों का अध्ययन कर उत्पादन की बेहतर योजना बनाई जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के ग्राम पंचायत कटोहड कलां के बीजापुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में वीरवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान का गुणगान किया। आयोजकों के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा 5 मार्च से 12 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। 12 मार्च को पूर्ण आहुति के साथ कथा का समापन होगा, जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। वहीं, 13 मार्च को सुबह 11 बजे विशेष सत्संग आयोजित होगा। शोभा यात्रा में भाजपा नेता इंजीनियर रामपॉल भी विशेष रूप से शामिल हुए। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

### राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान का घर वापसी पर स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हनुमान अखाड़ा लखनपुर बिलासपुर के राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान का घर वापसी पर जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद पहलवानों ने बाबा नाहर सिंह बजिया के मंदिर में मात्था टेका। अखाड़ा लखनपुर के पहलवानो में अंशु ने 57 किलो भार वर्ग में, अनु ने 68 किलो भार वर्ग में तथा मोहित ने 68 किलो ग्राम भार वर्ग में मेडल अपने नाम किए हैं। कोच बलबीर ने बताया कि भविष्य में उक्त पहलवान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक लाएं व हिमाचल प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। कोच बलबीर ठाकुर ने बताया कि पहलवानों को राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए हनुमान अखाड़ा लखनपुर बिलासपुर अखाड़ा संचालन समिति द्वारा हनुमान अखाड़े लखनपुर के बच्चों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बच्चों के शानदार प्रदर्शन के लिए मुख्यातिथि नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा द्वारा विजेता पहलवानों को 5 हजार नगद राशि और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### भाग सिंह बने झंडूता कांग्रेस एससी विभाग के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जेजवी के गांव मलेटा से संबंध रखने वाले सेवानिवृत्त अध्यापक भाग सिंह पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने विश्वास जताते हुए उन्हें झंडूता ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रभारी तथा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता कर्मवीर बौद्ध एवं प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नेता जीवन कुमार की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन में आयोजित बैठक के दौरान की गई।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड एवं शहरी इकाई बिलासपुर की संयुक्त बैठक 7 मार्च को बाबा विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर बिलासपुर में शहरी इकाई अध्यक्ष रविंद्र नाथ भट्टा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। सदर खंड के सभी अध्यक्ष व पदाधिकारीगण व शहरी इकाई के पदाधिकारियों व अन्य पेंशनर्स से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। बैठक में पेंशनर्स से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर चर्चा व चिंतन किया जाएगा।

### अपराजिता बाल आश्रम में बच्चों संग मनाई होली

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने अपराजिता बाल आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बच्चों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया और रंगों के इस पावन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बाल आश्रम के बच्चों को मिठाई वितरित की तथा उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

### सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम में 55वां सुरक्षा सप्ताह परियोजना प्रमुख एसएस राव के नेतृत्व में उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ शुरू हुआ, जो कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति संगठन के समर्पण को दर्शाता है। उद्घाटन के अवसर पर एक सुरक्षा रैली आयोजित की गई। इसमें कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सुरक्षा जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इसके बाद ध्वजारोहण और सुरक्षा शपथ ली गई, जिसमें सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। राव ने कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम 'सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को संलग्न, शिक्षित और सशक्त बनाएं' पर प्रकाश डाला। पूरे सप्ताह विभिन्न सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे सक्रिय सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा और कर्मचारियों में सुरक्षा मानदंडों की समझ मजबूत होगी।

### नगर पालिकाओं के वार्ड निर्धारण के प्रस्ताव जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी दी है कि जिला प्रशासन ने स्वारघाट व झंडूता नगर पालिकाओं को विभिन्न वार्डों में विभाजित करने और प्रत्येक वार्ड की सीमाएं निर्धारित करने के लिए तैयार प्रस्तावों का नोटिस जारी किया है। इस प्रस्ताव का अवलोकन आगामी सात दिनों तक कार्यालय समय के दौरान उपायुक्त कार्यालय तथा संबंधित नगर पालिका कार्यालयों में किया जा सकता है। यदि किसी निवासी को इन प्रस्तावों पर आपत्ति या सुझाव देना हो तो वह नोटिस जारी होने की तिथि से सात दिनों के भीतर निर्धारित प्रपत्र में लिखित रूप से उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर अंतिम निर्णय से पहले विचार किया जाएगा। उपायुक्त ने नागरिकों से समय रहते अपने सुझाव या आपत्तियां प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि वार्ड निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी और सहभागिता पूर्ण हो।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान पर हुई चर्चा



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** भाजपा मंडल झंडूता की महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय झंडूता में आयोजित हुई। बैठक में मंडल पालक एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 14 व 15 मार्च को राहन शिक्षा निकेतन झंडूता में आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। शिविर के सफल आयोजन के लिए 9 समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चन्देल ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।

### कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कार्यकारी जिला राजस्व अधिकारी ऊना विपिन ठाकुर की अध्यक्षता में जिले के समस्त राजस्व कर्मचारियों के साथ बचत भवन ऊना में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यों को जमीनी स्तर पर और अधिक गति प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विपिन ठाकुर ने सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जिले के 522 महालों/उपमहालों में योजना से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा करें, ताकि पात्र लोगों को योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से मिल सके। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए स्वामित्व योजना के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें।

### क्विज प्रतियोगिता में आर्ट्स संकाय की टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में वीरवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. किरण ठाकुर ने की, जबकि मुख्यातिथि कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना था। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पांच टीमों ने भाग लिया। आर्ट्स संकाय की टीम (अभिषेक शर्मा, वरुण, आदित्य) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सेल्फ फाइनेंस टीम द्वितीय और आर्ट्स संकाय की दूसरी टीम तृतीय स्थान पर रही। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को बधाई दी और सभी विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

# बिलासपुर में रही रंगों की धूम

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में रंगों का त्योहार होली इस बार पूरे उत्साह, उमंग व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला।

लोगों ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। हालांकि, जहां एक ओर पूरे जिले में होली की खुशियां देखने को मिलीं। वहीं, एम्स बिलासपुर में होली उत्सव के दौरान सामने आए एक वीडियो ने विवाद भी खड़ा कर दिया है। घुमारवीं में होली के अवसर पर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भी लोगों के साथ पर्व मनाया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहर से बड़ी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे। लोगों ने मंत्री को रंग व गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत किए व होली के गीतों से माहौल रंगीन हो गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने संबोधन में मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, एकता व सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार समाज को जोड़ने व आपसी रिश्तों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।



जिला मुख्यालय पर रौड़ा सेक्टर में होली मनाते सैकड़ों लोग। अनंत ज्ञान

उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। उधर, जिला मुख्यालय बिलासपुर में भी प्रशासनिक अधिकारियों ने होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। सबसे पहले डीसी राहुल कुमार के सरकारी आवास पर अधिकारियों व कर्मचारियों का जमावड़ा लगा, जहां सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। इसके बाद डीसी राहुल कुमार अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में आयोजित होली उत्सव में पहुंचे। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, डीएसपी मदन धीमान व एडीसी ओमकांत ठाकुर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग लगाया व संगीत की धुन पर नृत्य कर उत्सव को यादगार बना दिया। प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस कर्मियों का यह सामूहिक उत्सव अनुशासन व सौहार्द का प्रतीक नजर आया। जिला मुख्यालय पर रौड़ा सेक्टर में बास्केटबॉल ग्राउंड में युवाओं ने अलग से गीत संगीत का प्रबंध किया था, वहां पर सैकड़ों लोगों ने होली का आनंद उठाया। वहीं, जिले के विभिन्न बाजारों, मोहल्लों और गांवों में युवाओं की टोलियां दोपहिया वाहनों पर सवार होकर होली के गीतों की धुन पर घूमती दिखाई दीं। युवाओं ने ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। महिलाओं ने भी समूह बनाकर पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। बच्चों ने रंग-बिरंगी पिचकारियों से खेलते हुए दिन भर होली का आनंद उठाया। हालांकि, इसी बीच एम्स बिलासपुर में होली उत्सव के दौरान प्रशिक्षु डॉक्टरों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कार्यक्रम के दौरान कुछ प्रशिक्षु डॉक्टरों द्वारा कपड़े उतारकर नृत्य किया गया, जिसका वीडियो तेजी से फैल गया। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा और नाराजगी का माहौल भी देखने को मिला। इस मामले में जब एम्स के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया, तो किसी ने भी फोन कॉल का उत्तर नहीं दिया और संस्थान की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि होली जैसे सांस्कृतिक पर्व को गरिमा और मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए। कुल मिलाकर बिलासपुर जिला इस बार रंगों, उमंग व आपसी प्रेम के रंग में सराबोर नजर आया, जहां एक ओर परंपरागत उत्सव की झलक दिखाई दी, वहीं एक विवादित वीडियो ने भी चर्चा का विषय बना दिया।

## कांग्रेस सरकार में कुटलैहड़ के कई गांवों की बस सेवाएं लंबे समय से बंद: वीरेंद्र

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कुटलैहड़ क्षेत्र के लोगों को मूलभूत बस सेवा से भी वंचित होना पड़ रहा है।

यह बात वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर ने कही। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के कई गांवों की बस सेवाएं पिछले लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों, बुजुर्गों और रोजाना कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों के लिए यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। ऊना-बदोली, ऊना-त्यूडी, घनडावल-भलोह, हंडोला-जगातखाना, ऊना-लिटकोट-बोहरु-चुगाठ, ऊना-चपलाह, ऊना-डीहर तथा बड़सर-सरोह-पिपलू जैसे महत्वपूर्ण बस रूट लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। कंवर ने कहा कि जहां नई सड़कों पर बस सेवा शुरू होनी चाहिए थी, वहां भी सरकार और प्रशासन पूरी तरह असफल साबित हुए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कों पर भी आज तक बस सेवा शुरू नहीं हो पाई है, जो सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आगे कहा कि पालमपुर-दिल्ली वाया बंगाणा चलने वाली वॉल्वो बस सेवा को भी अब कोटपुर फोरलेन से संचालित किया जा रहा है, जिसके कारण भोटा-ऊना मार्ग पर लोगों को अब कोई भी वॉल्वो सेवा उपलब्ध नहीं हो रही है।

इससे क्षेत्र के यात्रियों को काफी असुविधा झेलनी पड़ रही है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर सभी बंद पड़ी बस सेवाओं को बहाल किया जाए, अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, जो परिवहन मंत्री भी हैं, स्वयं ऊना जिले से आते हैं, लेकिन अपने ही जिले में परिवहन विभाग की यह स्थिति सरकार की कथनी और करनी के अंतर को स्पष्ट रूप से उजागर करती है।

## चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों में जुटा प्रशासन एसडीएम अंब ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले पावन चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी के दरबार में व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो गई है।

एसडीएम अंब एवं मंदिर सहायक आयुक्त पारस अग्रवाल ने मंदिर प्रशासन के साथ अहम बैठक की और क्षेत्र का दौरा कर प्रबंधों का जायजा लिया। एसडीएम पारस अग्रवाल ने बताया कि नवरात्र मेले को सफल बनाने के लिए मंदिर प्रशासन के साथ प्रारंभिक चर्चा की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि 7 मार्च को सभी संबंधित विभागों की एक संयुक्त बैठक बुलाई गई है। इसमें मेले की विस्तृत रूपरेखा तय की जाएगी। प्रशासन का मुख्य फोकस ट्रैफिक प्लान, सड़कों की स्थिति, पार्किंग व्यवस्था और बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने पर है। श्रद्धालुओं को बड़े वाहनों की पार्किंग में आ रही



दिक्कतों को दूर करने के लिए प्रशासन गंभीर है। एसडीएम ने बताया कि भरवाईं में हैवी व्हीकल के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को पार्किंग क्षेत्र को पुनर्विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि नवरात्र शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय शेष है, इसलिए फिलहाल मशीनरी लगाकर पार्किंग स्थल को समतल किया जाएगा, ताकि उपलब्ध जगह का अधिकतम उपयोग हो सके। प्रशासन का लक्ष्य है कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हों और यातायात या बुनियादी सुविधाओं को लेकर कोई असुविधा न हो।

## राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव 5 से 9 अप्रैल तक

अनंत ज्ञान

◆ मेला आयोजन को लेकर मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**घुमारवीं।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव मेले की तैयारियों को लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में एसडीएम घुमारवीं सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर व ग्राम नियोजन तथा आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव 5 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 4 अप्रैल को पारंपरिक पशु मेले का आयोजन भी किया जाएगा। राजेश धर्माणी ने कहा कि यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान व सामाजिक एकता का प्रतीक है तथा इसे भव्य और सुव्यवस्थित रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का शुभारंभ शिव मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मेला ग्राउंड तक पहुंचेगी, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों, विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मेले के दौरान पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिताओं का विशेष आकर्षण रहेगा। इस बार महिला कुश्ती को भी शामिल किया जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। इसके अतिरिक्त स्कूलों और कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिल सके। मंत्री ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, शतरंज सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं, इसलिए इन प्रतियोगिताओं को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए। मेले में इस वर्ष बेबी शो, डॉग शो तथा बुजुर्ग सम्मान शो का भी आयोजन किया जाएगा। बुजुर्ग शो में 70 से 90 वर्ष, 90 से 100 वर्ष तथा 100 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को शामिल कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और परंपरा के धरोहर हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी, जिससे आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक के दौरान मेला ग्राउंड की साफ-सफाई, बिजली एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

## 100 से अधिक का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर एम्स बिलासपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एम्स बिलासपुर के सामुदायिक व पारिवारिक चिकित्सा विभाग तथा एंडोक्राइनोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओपीडी कॉरिडोर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों और उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जांच के लिए एक विशेष बीएमआई मापन काउंटर स्थापित किया गया, जहां 100 से अधिक मरीजों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान प्रतिभागियों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), रक्तचाप व रैंडम ब्लड शुगर की जांच की गई। जांच के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रतिभागियों को उनके स्वास्थ्य परिणामों के आधार पर संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रण तथा मधुमेह, उच्च रक्तचाप व हृदय रोगों से बचाव के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श दिया।

## होला मोहल्ला मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, नयनादेवी में लगा 'बाइकर्स का मेला'

**अनंत ज्ञान, नयनादेवी।** श्री नयनादेवी में चल रहे पांच दिवसीय होला मोहल्ला मेले के दौरान इन दिनों आस्था व उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मेले के अवसर पर बड़ी संख्या में युवा श्रद्धालु मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पंजाब के श्री आनंदपुर साहिब से माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि पूरे पहाड़ी मार्ग पर जहां तक नजर जाती है, वहां मोटरसाइकिलों की लंबी कतारें दिखाई देती हैं व वातावरण श्रद्धा तथा उत्साह से भर जाता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में युवा बाइकर समूह बनाकर श्री आनंदपुर साहिब से श्री नयनादेवी पहुंच रहे हैं। ये श्रद्धालु माता के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और फिर वापस अपने गंतव्य की ओर लौट जाते हैं। युवाओं के इन जत्थों के कारण मंदिर क्षेत्र व आसपास के मार्गों पर एक अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। स्थानीय पुजारी नीलम शर्मा ने बताया कि होला मोहल्ला मेले के दौरान हर वर्ष पंजाब से बड़ी संख्या में युवा श्रद्धालु मोटरसाइकिलों पर सवार होकर माता के दरबार में पहुंचते हैं। लाखों की तादाद में आने वाले ये श्रद्धालु माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और फिर श्री आनंदपुर साहिब की ओर लौट जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस परंपरा के चलते मेले के दिनों में श्री नयना देवी क्षेत्र में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है व पूरी पहाड़ी पर मोटरसाइकिलों की कतारें नजर आती हैं।

## युवती के साथ छेड़छाड़ के मामले में मां सहित आरोपी तरणतारन से काबू

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**विवेक शर्मा, अंब।** मैड़ी में चल रहे होली मेले के दौरान एक युवती के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने नाबालिगा की मां सहित आरोपी शिव कुमार को तरणतारन से गिरफ्तार कर लिया। वीरवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को अंब कोर्ट में पेश किया।

यहां कोर्ट ने उन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। बताते चलें कि बाबा बड़भाग सिंह मैडी मेला के दौरान यह मामला सामने आया था। एक नाबालिग लड़की के पिता ने लड़की की मां पर लड़की के साथ छेड़छाड़ करवाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने परिवार व अन्य श्रद्धालुओं के साथ मेले में शामिल होने आई थी और बाबा बडभाग सिंह गुरुद्वारे के पीछे लगे एक टेंट में अपनी मां के साथ सो रही थी। आरोप है कि पीड़िता की मां उसे बाथरूम ले जाने के बहाने टेंट से दूर झाड़ियों में एक कुएं के पास ले गई। वहां पहले से ही एक व्यक्ति मौजूद था। उस व्यक्ति ने नाबालिग के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। लड़की द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता ने हिम्मत करते हुए खुद को आरोपी के चंगुल से छुड़ा लिया और वापस अपने टेंट पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई। पति तक बात पहुंचने के बाद आरोपी मां मौके से फरार हो गई। पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर अंब पुलिस ने आरोपी और उसकी मां के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ अंब अनिल पटियाल ने कहा कि पीड़िता का मेडिकल करवा लिया गया है और पुलिस गंभीरता से इस मामले की जांच कर रही है।

### 'लेहरां बेहरां' भजन 8 को होगा रिलीज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में जुटे प्रसिद्ध पंजाबी भजन गायक हर्ष अरोड़ा जल्द ही अपने प्रशंसकों के लिए एक नया भेंट स्वरूप भजन 'लेहरां बेहरां' लेकर आ रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित भजन का फिल्मांकन हिमाचल प्रदेश के पावन शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी दरबार में सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। गायक हर्ष अरोड़ा ने एक वीडियो संदेश साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि मां चिंतपूर्णी के असीम आशीर्वाद से भजन की शूटिंग बहुत ही भव्य और सुचारू रूप से संपन्न हुई है। भजन 'लेहरां बेहरां' आगामी 8 तारीख को आधिकारिक रूप से रिलीज किया जाएगा।

### बुजुर्ग का खोया सामान दो दिन बाद मिला

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री माता चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेकने आए एक बुजुर्ग श्रद्धालु का खोया सामान दो दिन बाद मिल गया। पंजाब के फिरोजपुर से आए लगभग 70 वर्षीय सतपाल बुधवार को माता के दरबार में माथा टेकने पहुंचे थे। दर्शन से पहले उन्होंने बाजार की एक प्रसाद की दुकान पर अपना बैग और अन्य सामान रखा था, लेकिन लौटने पर वह दुकान नहीं मिली। उन्होंने पूरे दिन अलग-अलग दुकानों पर खोजबीन की, लेकिन सामान नहीं मिला। वीरवार को उन्होंने मंदिर प्रशासन से मदद मांगी। इस बीच होमगार्ड के इंचार्ज सरदार पूर्ण सिंह ने स्वयं पहल करते हुए उन्हें बाजार में ले जाकर दुकानों पर पूछताछ की। काफी तलाश के बाद सामान सुरक्षित वापस मिला। बुजुर्ग श्रद्धालु ने प्रशासन और सरदार पूर्ण सिंह का धन्यवाद किया।

### ऑनलाइन सेवाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना में वीरवार को सिटीजन सेवा पोर्टल के दूसरे चरण (फेज-2) में शामिल नई सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला ऊना के सभी शहरी निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में नगर निगम ऊना, नगर परिषद अंब, नगर पंचायत दौलतपुर, नगर पंचायत गगरेट, नगर परिषद मेहतपुर-बसदेहड़ा, नगर परिषद संतोषगढ़ और नगर पंचायत टाहलीवाल के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने की। उन्होंने बताया कि सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को नगर निकायों से संबंधित सेवाएं ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे आम जनता घर बैठे सुविधाएं प्राप्त कर सकेगी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। कार्यशाला में शहरी विकास विभाग की एसपीएमयू टीम के अनुराग ठाकुर और साहिल राणा ने एरियर (प्रॉपर्टी और गार्बेज), एमआरएफ, हिम सेवा सुविधा, ई-सेवा रिक्वेस्ट और ई-चालान जैसी नई सेवाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### जनगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'गृह सूचीकरण कार्य' के सफल संचालन के लिए डीआरडीए सभागार में तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी हिमाचल प्रदेश दीपशिखा शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी राहुल कुमार भी उपस्थित रहे।कार्यशाला में अधिकारियों और कर्मचारियों को गृह सूचीकरण की प्रक्रिया तथा सीएमएमएस पोर्टल, एचएलओ और एचएलबीसी ऐप जैसे डिजिटल माध्यमों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जनगणना के दौरान लोगों से 34 प्रश्न पूछे जाएंगे और सही आंकड़े जुटाने के लिए एन्यूमरेटर व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण जरूरी है।

### नलवाड़ी मेला: स्मारिका में विज्ञापन के लिए आमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला-2026 की स्मारिका और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए इच्छुक संस्थान जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्मारिका के बैक कवर के लिए 2 लाख रुपए, फ्रंट कवर व बैक कवर इनर साइड के लिए 1 लाख रुपए, बहुरंगी पूरे पेज के लिए 50 हजार रुपए, ब्लैक एंड व्हाइट पूरे पेज के लिए 25 हजार रुपए तथा आधा पेज के लिए 10 हजार रुपए की दर तय की गई है। इसके अलावा मेला अवधि के दौरान एलईडी पर 30 सेकेंड के वीडियो विज्ञापन के लिए 20 हजार रुपए, होर्डिंग के लिए 10 हजार रुपए और एलईडी स्क्रॉल के लिए 5 हजार रुपए निर्धारित किए गए हैं। विज्ञापन के लिए इच्छुक संस्थान उपायुक्त कार्यालय या जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**मदद** सहायता से बच्चों की पढ़ाई हुई आसान, पूजा एमए और बेटा कर रहा आईटीआई

# मेहनतकश हाथों को मिला कामगार कल्याण बोर्ड का सहारा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिले के बसाल में नरेश कुमार का एक छोटा-सा घर है। छह सदस्यों के इस परिवार की रोजी-रोटी नरेश के रंग-रोगन के काम पर ही टिकी है। महीने की करीब 10 से 12 हजार रुपए की आमदनी में घर चलाना ही मुश्किल था, ऐसे में बच्चों की पढ़ाई का खर्च उनके लिए एक बड़ी चिंता बन गया था। बेटी पूजा एमए करना चाहती थी। बेटा आईटीआई की सोच रहा था। दोनों पढ़ना चाहते थे, आगे बढ़ना चाहते थे, लेकिन घर की हालत देखकर अपनी जरूरतें दबा लेते थे।



पूजा कहती हैं कि मन तो था आगे पढ़ने का, लेकिन कई बार लगा कि पापा पर बोझ न बन जाऊं। इसी बीच हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से मिली आर्थिक सहायता ने इस परिवार की बड़ी चिंता दूर कर दी। फीस और पढ़ाई से जुड़े खर्चों के लिए नरेश कुमार के परिवार को बोर्ड से 1 लाख 8 हजार रुपए की मदद मिली। नरेश बताते हैं कि वे बोर्ड में पंजीकृत मजदूर हैं। वहीं से उन्हें जानकारी मिली कि बच्चों की पढ़ाई के लिए सहायता मिलती है, जब यह सहायता मिली तो बच्चों की पढ़ाई का रास्ता आसान हो गया। अब घर का माहौल बदल चुका है।

पूजा डिग्री कॉलेज ऊना से एमए इकोनॉमिक्स कर रही हैं और प्रोफेसर बनने का सपना संजोए हुए हैं। बेटा गगरेट से आईटीआई कर रहा है और अपने पैरों पर खड़ा होने की तैयारी में है। नरेश अब अपनी मां, पत्नी और तीन बच्चों के साथ पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करते हैं। वे मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रति आभार जताते हुए कहते हैं कि सरकार की इस योजना की बदौलत उनके बच्चे पढ़ पा रहे हैं, उनके लिए इससे बड़ी खुशी क्या हो सकती है।

### कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाओं से श्रमिकों को मिल रहा व्यापक लाभ : कंवर

**प्रदेश भवन व** अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हजारों पंजीकृत निर्माण कामगारों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार श्रमिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहायता योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड शिक्षा सहायता, मातृत्व लाभ, विवाह सहायता, चिकित्सा सहायता और पेंशन जैसी कई योजनाओं के माध्यम से कामगारों को आर्थिक सहायता प्रदान करता है, ताकि वे अपने परिवार के साथ बेहतर जीवन यापन कर सकें।

### कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से न छूटे : डीसी

**उपायुक्त** ऊना जतिन लाल ने बताया कि कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ पात्र निर्माण कामगारों तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन समन्वय और जागरूकता पर विशेष ध्यान दे रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पात्र कामगार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं

**ऊना** के जिला श्रमिक कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने बताया कि लाभार्थियों को पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के तहत योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बोर्ड के तहत स्वयं के विवाह व दो बच्चों के विवाह के लिए 51-51 हजार रुपए, मातृत्व व पितृत्व सुविधा, चिकित्सा सहायता में 50 हजार से 5 लाख रुपए तक तथा शिक्षा सहायता में पहली कक्षा से पीएचडी तक 8400 से 1.20 लाख रुपए तक आर्थिक मदद दी जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मणिकर्ण के गेस्ट हाउस में पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल के मणिकर्ण घूमने आए पंजाब के एक युवक की गेस्ट हाउस के बाथरूम में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मंजीत सिंह (पुत्र दर्शन सिंह), निवासी मोगा, पंजाब के रूप में हुई है। मंजीत अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ यहां की वादियों में घूमने आया था और एक स्थानीय गेस्ट हाउस में ठहरा हुआ था। बताया जा रहा है कि जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया, तो साथियों ने देखा कि वह बाथरूम में बेसुध गिरा हुआ था। घटना के तुरंत बाद घबराए हुए दोस्त और रिश्तेदार उसे लेकर जरी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, मौत का प्राथमिक कारण हार्ट अटैक है। अस्पताल की सूचना पर मणिकर्ण पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसपी कुल्लू मदन लाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के चचेरे भाई अमनदीप और अन्य परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं।

### वाहन पासिंग, ड्राइविंग टेस्ट की तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, कुल्लू द्वारा मार्च 2026 के लिए वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने बताया कि आरटीओ कुल्लू में 6, 12, 18 व 24 मार्च को वाहनों की पासिंग तथा 25 मार्च को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन होगा। आरएलए कुल्लू में 11 मार्च को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने बताया कि मनाली में 9 और 23 मार्च को वाहन पासिंग और10और 11 मार्च को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। बंजार में 7 मार्च को वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे।

### साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत लरांकेलो के अंतर्गत आने वाले गांव घुड़दौड़ में नाबार्डके सहयोग से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक (लरांकेलो) के शाखा प्रबंधक सुनील ठाकुर एवं सहायक प्रबंधक अजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को बैंकिंग से जुड़ी विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेष रूप से वर्तमान समय में बढ़ती ऑनलाइन ठगी एवं धोखाधड़ी से बचने के तरीकों पर जोर देते हुए लोगों को सतर्क किया गया। इसके साथ ही, शिविर में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे पेंशन योजनाओं और बीमा योजनाओं के लाभ समझाए गए। अंत में, बैंक की ऋण योजनाओं का लाभ उठाकर लोग कैसे आत्मनिर्भर बन सकते हैं, इस विषय पर चर्चा करते हुए जानकारी साझा की गई।

### त्रिलोकीनाथ में एलिमेंट्री स्की कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहुल स्पीति विंटर गेम्स एंड एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा त्रिलोकीनाथ में सात दिवसीय एलिमेंट्री स्की कोर्स का शुभारंभ एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान ने किया। लाहुल घाटी का यह नॉर्थ फेसिंग स्की स्लोप घाटी के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है द्य यहां पर लाहुल समेत पांगी, चंबा के प्रतिभागी भी भाग ले सकते हैं। इस स्की गेम्स में तीस प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिस में 17 लड़के और 13 लड़कियां शामिल है विंटर गेम्स को बढ़ावा देने के लिए लाहुल स्पीति प्रशासन घाटी में तरह तरह की खेल गतिविधियां करवाता रहता है ताकि बच्चों के हौसले बुलंद हो। चौहान ने बताया कि ऐसे ही छोटे छोटे गांव के बच्चों में कई तरह के गुण हैं मगर खेल स्पर्धाओं के अभाव में वह आगे नहीं निकल पाते हैं। लाहुल स्पीति विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि जल्द ही यहां पर स्की लिफ्ट का भी प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने एसोसिशन को तीन लाख की राशि देने की भी घोषणा की इस अवसर पर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नोरबू पांस उपाध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर , मोहित ठाकुर, अनिलसुमति, रूप सिंह उपस्थित रहे

### लंबित राजस्व मामलों के निपटारे के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सरकार ने जिला कुल्लू ने लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों को पुनः अस्थायी रूप से नियुक्त करने के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। इच्छुक सेवानिवृत्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त, अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि ज़िला कुल्लू में वर्तमान में एक तहसीलदार, तीन नायब तहसीलदार, चार फील्ड कानूनगो और 32 पटवारियों के पद रिक्त हैं, जिन्हें भरने के लिए सेवानिवृत्त अधिकारियों को प्रारंभिक तौर पर तीन माह के लिए नियुक्त किया जाएगा। आवश्यकता और कार्य प्रदर्शन के आधार पर इस अवधि को आगे बढ़ाया भी जा सकता है। तहसीलदार को 70,000 रुपए, नायब तहसीलदार को 60,000 रुपए, कानूनगो को 50,000 रुपए तथा पटवारी को 40,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। यह नियुक्ति पूरी तरह अस्थायी आधार पर होगी तथा नियमित अधिकारियों की उपलब्धता होने पर इसे समाप्त किया जा सकता है। इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारी जिन्हें राजस्व विभाग में 5 वर्षों के सेवा का अनुभव हो तथा आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक न हो। इछुक व्यक्ति जो निर्धारित शर्तों को पूर्ण रखते हों उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### आपदा पीड़ित परिवारों को अब तक नहीं मिली राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सैंज तहसील की तलाडा पंचायत के 19 आपदा प्रभावित परिवार पिछले 8 महीनों से राहत और मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। पीड़ितों का आरोप है कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने उनकी अनदेखी की, जिसके कारण उन्हें अब तक सरकारी सहायता नहीं मिल पाई। स्थानीय युवा नेता घनश्याम शर्मा की अगुवाई में प्रभावित परिवारों ने उपायुक्त कुल्लू से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा और जल्द सर्वे कर राहत प्रदान करने की मांग उठाई। उपायुक्त कुल्लू ने पीड़ित परिवारों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभाग को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# लाव-लश्कर समेत मंदिर से बाहर निकले भगवान रघुनाथ

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में दो दोनों तक होली पर्व के बाद रघुनाथ जी की नगरी में होलिका दहन भी हुआ। सनद रहे कि देशभर में होली खेलने से पहले होलिका दहन होता है।

वहीं, कुल्लू में होलिका दहन से पहले ही होली खेल ली जाती है, जिस दिन पूरा देश रंगों की होली खेलता है उससे एक दिन पहले ही कुल्लू में होली संपन्न हो जाती है। कुल्लू में लोगों ने 2 और 3 मार्च को होली का त्योहार मनाया। वहीं, भगवान रघुनाथ की नगरी सुल्तानपुर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन बीती रात 10 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। होलिका दहन पर भगवान रघुनाथ अपने मंदिर से लाव लश्कर के साथ रूपी पैलेस मैदान में पुहंचे, जहां पर मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह और रघुनाथ के सेवकों ने फाग की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और होलिका के चारों ओर परिक्रमा के बाद होलिका दहन किया गया। इस दौरान भगवान नरसिंह की भी पूजा अर्चना की गई। भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया और बैरागी समुदाय के लोगों ने पारंपरिक होली गीत भी गाए। होलिका दहन के उपरांत यहां सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु लकड़ी और राख को अपने घरों में ले गए। मान्यता है कि लकड़ी और राख को घर में ले जाने से बुरी शक्तियों का नाश हो जाता है और घर में सुख समृद्धि रहती है। भगवान रघुनाथ मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने कहा कि 'कुल्लू में हर साल होलिका दहन की परंपरा निभाई जाती है और भगवान रघुनाथ अपने मंदिर से लाव लश्कर के साथ रूपी पैलेस मैदान में पहुचते हैं, जहां विधिवत पूर्जा अर्चना कर होलिका जलाई जाती है, इसके साथ ही कुल्लू में होली का त्योहार संपन्न हो जाता है।



भगवान रघुनाथ जी की पूजा-अर्चना करते पुजारी। अनंत ज्ञान

### 40 दिन तक होली मनाता है बैरागी समुदाय

**महंत** समुदाय के सदस्य विनोद महंत ने कहा कि 'होली का त्योहार बैरागी समुदाय बसंत उत्सव से ही मनाना शुरू कर देते हैं और 40 दिनों तक कुल्लू जनपद में बैरागी समुदाय होली खेलते हैं। होलिका दहन में होलिका के लिए जो ध्वजा लगायी जाती है उसे भी बैरागी समुदाय के लोग निकालते हैं और उसके बाद भगवान हनुमान के मंदिर रामशिला में स्थापित करते हैं।होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और ऐसे में होलिका दहन की जो अग्नि और राख ले जाना शुभ माना जाता है, इसलिए लोग जलती हुई अग्नि और राख अपने घरों को ले जाते हैं जिससे सुख समृद्धि आती है।

### होलिका दहन से पहले कुल्लू में होती है होली

**बता** दें कि कुल्लू में बैरागी संप्रदाय कई सौ सालों से होली मनाता आ रहा है। देशभर में होली खेलने से पहले होलिका दहन होता है, लेकिन कुल्लू में होलिका दहन से पहले ही होली खेल ली जाती है, जिस दिन पूरा देश रंगों की होली खेलता है उससे एक दिन पहले ही कुल्लू में होली संपन्न हो जाती है। भगवान रघुनाथ जी के पुजारी ने बताया कि 'कुल्लू में होली खेलने के बाद होलिका दहन परपंरा जीवित है और यहां पर 2 स्थानों पर होलिका दहन होता है। एक रघुनाथ की होलिका दहन और दूसरी भगवान नरसिंह जी का होलिका दहन, इसके बाद यहां पर जो आग जलती है उसकी आग की चिगांरी घर ले जाने से शुभ माना जाता है।

# रंगों का पावन पर्व देता है आपसी प्रेम, भाईचारे सामाजिक समरसता का संदेश : किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान



**केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग में उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने अपने आवासीय परिसर में स्थानीय नागरिकों, बच्चों, महिलाओं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ होली का पर्व बड़े उत्साह, उमंग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने विशेष रूप से बच्चों के साथ रंग और गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं तथा सभी उपस्थित जनों के साथ आत्मीयता से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पूरे परिसर में हर्ष, उल्लास और पारंपरिक लोक-संस्कृति की झलक देखने को मिली। उन्होंने कहा कि होली भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक पर्व है, जो आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में होली अलग-अलग परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ मनाई जाती है, किंतु इसका मूल उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव और पारस्परिक विश्वास को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि होली हमें आपसी भेदभाव और दूरियों को मिटाकर एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर खुशियां बांटने की प्रेरणा देती है। यह पर्व समाज को जोड़ने, सकारात्मक सोच विकसित करने और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का संदेश देता है।उपायुक्त ने जिला के समस्त नागरिकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई जारी

# चार दिन के भीतर काटे एक हजार चालान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल मनाली में पुलिस ने चार दिनों में मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वाले एक हजार से अधिक टू-व्हीकल चालकों के चालान काटे हैं।

इन दिनों पड़ोसी राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक दो पहिया वाहनों में मनाली आ रहे है। मनाली सहित यह पर्यटक सिस्सू और अटल टनल रोहतांग भी जा रहे है। पुलिस की माने तो पिछले कुछ दिनों के दौरान यह पाया गया कि कुछ दुपहिया वाहन चालक सरेआम मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। इनमें अधिकांश मामले बिना हेलमेट वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीडिंग तथा मोटर वाहन अधिनियम के अन्य प्रावधानों की अवहेलना से संबंधित पाए गए। मनाली पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए पिछले चार दिनों के दौरान 1000 से अधिक दुपहिया वाहनों के चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत किए गए हैं। मनाली पुलिस सभी वाहन चालकों से विशेष रूप से निवेदन कर रही है कि हेलमेट पहनना उनकी स्वयं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। पहाड़ी क्षेत्रों में लापरवाही से वाहन चलाना जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए मनाली पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है।



डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि प्रदेश में मोटर वाहन अधिनियम के तहत दोपहिया वाहन चालक से साथ बैठे हुए व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना जरूरी है। साथ ही निर्धारित गति सीमा का भी चालक को ध्यान रखना चाहिए। जिन भी चालकों ने ये नियम तोड़े हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है जो आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चार दिन के भीतर एक हजार चालान काटे गए हैं।

# भूमिहीन व आवासहीन कल्याण परिषद का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** भूमिहीन एवं आवासहीन कल्याण परिषद, जिला कुल्लू का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कुल्लू से मिला और भूमिहीन परिवारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने की।

ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि 14 नवंबर, 1992 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आह्वान पर भूमिहीन गरीबों के अधिकारों की लड़ाई शुरू की गई थी, जो पिछले लगभग 35 वर्षों से लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि परिषद लंबे समय से भूमिहीन और आवासहीन परिवारों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। उच्च न्यायालय ने 28 फरवरी 2026 तक अवैध कब्जों को हटाने के आदेश जारी किए थे। इसके खिलाफ जनहित में दायर एसएलपी संख्या 34169/26 के आधार पर 13 फरवरी 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने मामले को व्यापक दृष्टिकोण से देखने और नीति बनाकर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य सरकार ने एक कमेटी गठित कर अवैध कब्जों को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पर परिषद ने न्यायालय का आभार व्यक्त करते हुए डीसी से इन आदेशों को जमीनी स्तर पर लागू करने में सहयोग का आग्रह किया। ओम प्रकाश शर्मा ने यह भी कहा कि पंजाब रेजम्पशन एक्ट, 1957 (14 नवंबर 1957) के बाद रूपी नौतोड़ अध्याय समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद कुल्लू जिले में कथित रूप से सैकड़ों फर्जी पट्टों के माध्यम से हजारों बीघा सरकारी भूमि का आबंटन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर राज्य सरकार ने जांच समिति का गठन किया है और जांच प्रक्रिया जारी है।

# एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संघ की बैठक में मांगों पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर मैदान में एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संघ की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के ऑल इंडिया अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर ने की। बैठक में संघ से जुड़े विभिन्न मुद्दों और मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे मामले को लेकर भी सदस्यों ने विचार-विमर्श किया और आगामी रणनीति पर चर्चा की। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि न्यायालय से उन्हें न्याय मिलेगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी निर्णय लिए गए।

# सनातनी त्योहारों के नाम पर आयोजित कार्यक्रमों में फूहड़ता बर्दाश्त नहीं : जय

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** देवभूमि कुल्लू में मनाए जाने वाले कॉलेजों के कार्यक्रमों, होली उत्सव के दौरान कथित फुहड़ता और अव्यवस्था को लेकर देव संस्कृति से जुड़े लोगों ने कड़ा विरोध जताया है। देव सेवा संस्था के अध्यक्ष जय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय कला केंद्र, ढालपुर में होली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों पर गंभीर आपत्ति जताते हुए प्रशासन और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



जय ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कला केंद्र कुल्लू हमारी समृद्ध देव संस्कृति और लोक संस्कृति का मूल केंद्र है। यहां पर इस प्रकार के आयोजन नहीं होने चाहिए। होली के दिन जिस प्रकार से कार्यक्रमों के नाम पर फुहड़ता परोसी गई है, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि देवभूमि की सनातनी परंपराओं का भी खुला उपहास है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कार्यक्रमों के दौरान नशे में धुत युवा आपस में लड़ाई-झगड़े करते दिखाई देते हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जाता है और सांस्कृतिक वातावरण दूषित होता है। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि कटागली शाड़ ढालपुर, जो देव संस्कृति और ठारा करडू की सौह से जुड़ा क्षेत्र माना जाता है, वहीं इस प्रकार की गतिविधियां हो रही हैं। इसके बावजूद न तो राजपरिवार और न ही देव समाज इस पर कोई संज्ञान ले रहा है, जो हैरानी की बात है। उन्होंने कहा कि राजपरिवार और देव समाज को आगे आना चाहिए, ऐसा ही रहा तो इस स्थान की गरिमा धीरे-धीरे खो जाएगी। जय ठाकुर ने कहा कि प्रशासन की मौजूदगी में इस तरह के कृत्य होना और उन पर रोक न लग पाना प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। देव सेवा संस्था के अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि संस्था ऐसे किसी भी कार्यक्रम की कड़ी निंदा करती है, जो देव संस्कृति और सनातन परंपराओं का उपहास उड़ाते हों।

उन्होंने प्रशासन व सरकार से मांग की कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों पर तुरंत रोक लगाई जाए और सांस्कृतिक आयोजनों की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। देव सेवा संस्था इस मुद्दे को लेकर जल्द ही डीसी कुल्लू के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेगी।

# पिरडी में बेसिक राफ्टिंग गाइड व इंटरमीडिएट कयाकिंग कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पिरडी स्थित राफ्टिंग केंद्र में 14 दिवसीय बेसिक राफ्टिंग गाइड कोर्स तथा इंटरमीडिएट कयाकिंग कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कुल 65 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गीमनर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कुल्लू, मंडी, चंबा, शिमला, हमीरपुर और कांगड़ा के साथ-साथ भारतीय वायु सेना के जवान भी हिस्सा लेने के लिए पिरडी पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि कोर्स के दौरान प्रशिक्षुओं को जल क्रीड़ा से जुड़ी विभिन्न तकनीकों के साथ-साथ नदी में सुरक्षा व रेस्क्यू ऑपरेशन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि आपदा या दुर्घटना की स्थिति में प्रभावी ढंग से बचाव कार्य किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान जल क्रीड़ा अनुदेशक संजीव चौधरी, डिम्पल कुमार, विक्की और अक्षित कुमार प्रतिभागियों को राफ्टिंग, कयाकिंग तथा जल सुरक्षा से जुड़ी बारीकियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं पर्वतारोहण संस्थान के उपनिदेशक लुडर सेन और संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी ने कोर्स में भाग ले रहे सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं के लिए साहसिक खेलों में करियर बनाने और आपदा के समय बचाव कार्यों में सहयोग देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होते हैं।

# मनाली के अलेऊ क्षेत्र में जंगलों में भीषण आग

## लगातार जल रही है वन संपदा, वन्यजीवों को भी पहुंचा नुकसान

अनंत ज्ञान



**मनाली।** मनाली के साथ लगते अलेऊ के जंगल भीषण आग की चपेट में हैं।

हरे-भरे वन धू-धू कर जल रहे हैं, जिससे वन विभाग सहित स्थानीय लोग चिंतित है। आग लगातार फैल रही है व इसने बड़े पैमाने पर वन संपदा को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की टीम व स्थानीय ग्रामीण मौके पर आग बुझाने गए, लेकिन खड़ी पहाड़ी (ढांक) होने के कारण सभी असहाय दिखे। दोपहर बाद वन विभाग की टीम साहस दिखाते हुए पहाड़ी पर चढ़ी ओर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। खड़ी पहाड़ी होने के कारण आग पर काबू पाना चुनौती हो गया है। हालांकि, इस क्षेत्र में पेड़ कम है लेकिन झाड़ियां अधिक होने के कारण आग उग्र रूप ले रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आरओ मनाली टीटू ने बताया कि आग 2/16 अपर रहनी जंगल में लगी है। इस क्षेत्र में खड़ी पहाड़ी होने के कारण आग बुझाने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ मिलकर जंगल में लगी आग को बुझाने का हर संभव प्रयास कर रही है। जंगल के आसपास के क्षेत्रों में आग न लगाएं। जानबूझकर या लापरवाही से जंगल में आग लगाने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि वनों को आग से बचाएं। वन, पर्यावरण संतुलन और वन्यजीवों के लिए अमूल्य हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी और दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 15 स्वास्थ्य संस्थानों में 14 से 15 वर्ष की 4216 किशोरियों का होगा टीकाकरण : डॉ. रंजीत ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजीत ठाकुर ने बताया कि ह्यूमन पेपीलौमा वायरस से बचाव एवं सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से 29 मार्च से विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत कुल्लू जिले में 29 मार्च 5 अप्रैल और 12 अप्रैल को विशेष टीकाकरण होगा। इसके अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग 10 मार्च तक सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा प्रवासी श्रमिक परिवारों का हाउस टू हाउस पंजीकरण करके 20 मार्च तक ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हयुमन पेपीलौमा वायरस यानी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर विश्व स्तर पर सबसे आम संक्रमण में से एक है और भारत में भी महिलाओं में आम कैंसर दूसरी सबसे बड़ा कैंसर है इसी की समय रहते रोकथाम ना होने पर यह वाइरस सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण बन जाता है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण सुरक्षित व्यवहार नियमित जांच तथा तथा व्यापक जन जागरूकता के माध्यम से एचपीवी से होने वाली बीमारियों को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि टीकाकरण खाली पेट नहीं किया जाएगा तथा टीका लगाने के उपरांत किशोरियों को आधे घंटे तक निगरानी में रखा जाएगा ताकि किसी भी संभावित प्रतिकूल स्थिति में तुरंत आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए आशा वर्कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्वयं सहायता समूह तथा पंचायती राज संस्थाओं के अलावा शिक्षा विभाग के माध्यम से विद्यालयों में आयोजित पेरेंट्स मीटिंग के दौरान अभिभावकों को एचपीवी संक्रमण तथा टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया है।

**भेंट** उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा से मिला बॉक्सिंग संघ कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल

# अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी अनन्या को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** बॉक्सिंग संघ कुल्लू का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष किशन ठाकुर की अगुवाई में उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा से मिला। शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले में बॉक्सिंग खेल की प्रगति व संघ की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी उपायुक्त को दी।

इस अवसर पर डीसी अनुराग चंद्र शर्मा ने जिले की अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी अनन्या को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुल्लू के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिले और देश का नाम रोशन कर रहे हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने बताया कि संघ के खिलाड़ी देश व विदेशों में आयोजित प्रतियोगिताओं में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।



डीसी से मिलता बॉक्सिंग संघ का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि कुल्लू में प्रशिक्षित कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। डीसी अनुराग चंद्र शर्मा ने बॉक्सिंग संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेल गतिविधियों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं। उन्होंने विशेष रूप से सिंथेटिक ड्रग्स के बढ़ते खतरे पर चिंता जताई व समाज के सभी वर्गों से इसके खिलाफ मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने किशन ठाकुर से मणिकर्ण और कसोल क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और इस समस्या से लड़ने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। किशन ठाकुर होटल एसोसिएशन मणिकर्ण के प्रधान भी हैं। इस पर उन्होंने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि होटल एसोसिएशन भी इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाएगी। इस दौरान प्रशासन और खेल संगठनों के बीच युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने को लेकर सकारात्मक चर्चा भी हुई।

### 'मनाली स्ट्रेज' का कार्य सराहनीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने मनाली के हरिपुर स्थित गैर-सरकारी संगठन 'मनाली स्ट्रेज' का दौरा किया और बेसहारा व घायल पशुओं के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने संस्था की सुविधाओं का निरीक्षण किया और भविष्य में जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने बताया कि कमलेश और बेकी द्वारा 2019 में एक मोटरबाइक से शुरू की गई। यह संस्था पिछले 7 वर्षों से बेहतरीन कार्य कर रही है। अब तक संस्था ने लगभग 8,000 से 9,000 पशुओं का टीकाकरण किया है। लगभग 4,000 से 5,000 पशुओं का नसबंदी अभियान सफलतापूर्वक चलाया है। संस्था के पास आधुनिक सुविधाएं जैसे डॉग पाउंड, एक्सरे, और ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि 'मनाली स्ट्रेज' का 'इंडियन वेटरनरी स्टूडेंट एसोसिएशन' के साथ अनुबंध है, जिसके तहत पिछले वर्ष 50-60 छात्रों को ऑन-जॉब ट्रेनिंग दी गई थी। इस वर्ष लगभग 100 छात्रों के आने की उम्मीद है। इस वर्ष यूके स्थित 'वर्ल्ड वाइड वेटरनरी सर्विस' के मास्टर ट्रेनर्स भी यहां आकर स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण देंगे।

# चुनावों के समय गुमराह करती है कांग्रेस : रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर ने कांग्रेश सरकार पर चुनावों के समय गुमराह करने का आरोप लगाया है।

पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत चुनावों को टाल रही थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब सरकार को मई माह में चुनाव करवाने के निर्देश दिए हैं, ऐसे में कांग्रेस के नुमाइंदों ने जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। रवि ने बताया कि अब फिर से सभी पंचायतों से पेयजल और सिंचाई योजनाओं के पुनर्निर्माण को लेकर फिर से प्रस्ताव मंगवाए जा रहे हैं। इस सभी पेयजल व सिंचाई योजनाओं को पहले ही केंद्र से स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह द्वारा इन सभी योजनाओं के लिए 1600 करोड़ रुपया पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है । रवि ने कहा कि कांग्रेश सरकार के प्रतिनिधि अधिकारियों पर दबाव बनाकर पंचायत कोरम के दौरान फिर से उन्हीं योजनाओं को दोबारा भेजने को कह रहे हैं, जिन्हें केंद्र से पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है।

रवि ने आरोप लगाए कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल को चार साल होने वाले हैं, लेकिन सरकार ने लाहौल-स्पीति की कोई सुध नहीं ली, जो भी विकास हुआ वह केंद्र की योजनाओं के तहत हुआ है और जो भी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, वे सभी केंद्र की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के लाहौल-स्पीति दौरे के दौरान उन्होंने लाहौल-स्पीति के विकास को लेकर 250 करोड़ की योजनाओं की स्वीकृति दी है, जिससे तमाम विकास कार्यों के लिए केंद्र से धन आ रहा है। रवि ने लाहौल की जनता से पंचायत चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी के नुमाइंदों द्वारा गुमराह न होने की अपील करते हुए कहा है कि जो सरकार लाहौल के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है जनता उसी के समर्थित उम्मीदवारों को अपना पूर्ण समर्थन दें।

# उल्लंघन : विभागीय गाइडलाइन के विपरीत प्राइवेट स्कूल मनमर्जी से बढ़ा रहे फीस

## स्कूलों में पीटीए की सहमति से ही फीस को लेकर लिया जा सकता फैसला

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही सोलन जिला के निजी स्कूलों में फीस और वार्षिक शुल्क बढ़ाने की मनमानी शुरू हो गई है, जोकि विभागीय गाइडलाइन का स्पष्ट उलंघन है। कहने को तो शिक्षा विभाग की तरह से स्कूल प्रबंधन को फीस बढ़ोतरी की गाइडलाइन जारी हो चुकी है, पर स्कूल प्रबंधन के पास हमेशा की तरह इसका तोड़ निकाल लेता है।

नियम के तहत यदि स्कूल प्रबंधन फीस व अन्य शुल्क बढ़ाना भी चाहे तो इसके लिए पीटीए की सहमति जरूरी होती है, पर अंदर खाते कागजों में पीटीए की सहमति दिखाकर मनमर्जी से फीस में बढ़ोतरी की जा चुकी है। ऐसे में अभिभावक ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

### अभिभावक नहीं आते आगे

**यदि** किसी स्कूल ने बिना अभिभावक-शिक्षक एसोसिएशन (पीटीए) की सहमति से फीस बढ़ाई और अभिभावक इसकी शिकायत शिक्षा विभाग को देते हैं, तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, पर अधिकतर अभिभावक इसको लेकर सामने ही नहीं आते। इसको लेकर आगामी दिनों में शिक्षा विभाग स्कूलों का निरीक्षण कर फीस बढ़ाने की प्रक्रिया और अभिभावक-शिक्षक मीटिंग (पीटीएम) का रिकॉर्ड भी जांचेगा। जिन स्कूलों ने पीटीए गठित नहीं की, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पहली से पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों का निरीक्षण खंड स्तर की टीमें करेंगी। शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रबंधनों को पीटीए गठित करने और फीस बढ़ाने में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।




### पिछले 3 वर्षों का विवरण लिया जाएगा

**शिक्षा** विभाग की टीमें जल्द ही स्कूलों में जाकर प्रबंधन या संचालकों से एक फॉर्म भरवाएंगी। इसमें स्कूल में पिछले तीन साल में फीस की रूपरेखा, फीस बढ़ने का आधार, कितनी बढ़ाई गई, किताबें और वर्दी कहां से खरीदी जाती हैं जैसी जानकारी दर्ज की जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि क्या अभिभावकों को किसी खास दुकानदार से सामान लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है। साथ ही टीमें यह भी जांचेंगी कि स्कूल में अध्यापक-अभिभावक एसोसिएशन (पीटीए) है या नहीं, और इसकी बैठकें कब-कब होती हैं। अगर फीस बढ़ाई गई है, तो अध्यापकों का वेतन बढ़ाया गया या नहीं, इस पर भी रिकॉर्ड लिया जाएगा।

पीटीए की सहमति के बिना स्कूल प्रबंधन फीस नहीं बढ़ा सकते। इसके लिए स्कूलों में पीटीए का गठन अनिवार्य है। इसको लेकर जल्द स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसमें सुविधाओं के साथ फीस स्ट्रक्चर की भी जांच होगी।
**मोहिंद्र चंद पिरटा, शिक्षा उप-निदेशक प्रारंभिक, सोलन**

## भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला सोलन इकाई की बैठक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला सोलन इकाई दाड़लाघाट की मासिक आम बैठक शिव मंदिर कॉम्प्लेक्स दाड़लाघाट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष मनोज शर्मा ने की, जबकि विशेष रूप से जिला अध्यक्ष सोलन बाबू राम ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी सेवानिवृत्त पेंशनर्स ने सर्वसम्मति से लंबे समय से चली आ रही 14 सूत्रीय मांगपत्र पर अपने विचार व्यक्त किए। विभिन्न वक्ताओं ने सरकार द्वारा मांगों के प्रति अपनाए जा रहे उदासीन रवैये पर गहरा रोष प्रकट किया तथा मांग की कि सरकार शीघ्र इन लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लें। सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई, तो संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आगामी विधानसभा बजट सत्र के दूसरे चरण में व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें महासंघ कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेगा। बैठक के दौरान तीन नए सदस्यों आशा राम, मुख्तयार सिंह और गिरधारी लाल ने महासंघ की सदस्यता ग्रहण की।

# राजगढ़ रोड के फागू में हुई बस खराब यात्रियों को करना पड़ा लंबा इंतजार

## निगम की खटारा बसें-बीच रास्ते में छोड़ रही सवारियों को

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसों की बदहाल स्थिति एक बार फिर सामने आई है। वीरवार को बथाऊधार से राजगढ़ की ओर आने वाली बस फागू के समीप अचानक खराब हो गई, जिससे यात्रियों को सड़क किनारे लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शी यज्ञदत्त शर्मा के अनुसार बस बीच रास्ते में ही तकनीकी खराबी के कारण खड़ी हो गई। बस में सवार यात्रियों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी और कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा।

बस में सवार जितेंद्र, रामदास, अरविंद, रवि मल्होत्रा, विक्रम सिंह सहित अन्य यात्रियों का कहना है कि राजगढ़ मार्ग पर यह समस्या अब आम हो चुकी है। आए दिन बसें रास्ते में खराब हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत दाहन के पूर्व प्रधान यज्ञदत्त शर्मा का कहना है कि जब बसों पर अन्य राज्यों के विज्ञापन लगाकर राजस्व कमाया जा रहा है, तो फिर उस पैसे का उपयोग बसों की मरम्मत और व्यवस्था सुधारने में क्यों नहीं किया जा रहा।

स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार और परिवहन विभाग से मांग की है कि इस समस्या पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और राजगढ़ मार्ग पर चलने वाली बसों की स्थिति में सुधार किया जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा सुविधा मिल सके।



खराब हुई एचआरटीसी की बस।

### आरएम सोलन फोन तक नहीं उठाते

**यज्ञदत्त** शर्मा ने आरोप लगाया कि जब इस विषय में सोलन के आरएम से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। हालांकि इस संबंध में राजगढ़ बस अड्डा प्रभारी सुरेंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बस में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण बस रास्ते में खड़ी हो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्षवर्धन चौहान का सिरमौर प्रवास आज से

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 6 व 7 मार्च को सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 6 मार्च को पांवटा साहिब में गुरु गोबिंद सिंह राजकीय कॉलेज पांवटा साहिब के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उद्योग मंत्री 7 मार्च को प्रातः राजगढ़ में पेट्रोल पंप का उद्घाटन करने के उपरांत जन शिकायतों का निवारण करेंगे तथा शाम 7 बजे होली उत्सव पांवटा साहिब के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### संगड़ाह नपं वार्ड परिसीमन की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि नगर पंचायत संगड़ाह के वार्डों का परिसीमन वर्ष-2026 में होने वाले नगर पालिका/नगर पंचायत के सामान्य निर्वाचन के लिए अधिसूचित कर दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि अधिसूचित नगर पंचायत वार्ड परिसीमन बारे यदि जन साधारण को कोई आक्षेप हो तो वह 10 मार्च तक उपायुक्त कार्यालय में अपना आक्षेप एवं सुझाव लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### उत्साह और उल्लास के साथ मनाया होली पर्व

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन दाड़लाघाट में रंगों का पावन पर्व होली अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थी एवं शिक्षक जब इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए तो पूरा वातावरण रंग-बिरंगे गुलाल, हंसी-खुशी और उमंग से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों को होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय तथा प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश दिया गया।

### आवश्यक कार्य के लिए मार्ग रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 2 में पुलिस चौकी सपरुन से बिजली बोर्ड कार्यालय तक इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक बिछाने के कार्य के दृष्टिगत सड़क बंद करने की अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन द्वारा प्रदान की गई है। अनुमति के अनुसार यह सड़क 6 से 11 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 9.00 बजे से प्रातः 5.00 बजे तक बंद रहेगी। यह अनुमति नगर निगम सोलन के संयुक्त आयुक्त को 6 दिन के लिए इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक बिछाने के लिए प्रदान की गई है।

### पझौता कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय पझौता में राष्ट्रीय सेवा योजना के आवासीय शिविर के तीसरे दिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राजनीति शास्त्र एवं इतिहास विभाग द्वारा भारतीय शासन, राज व्यवस्था तथा संविधान विषय पर आधारित एक क्विज का आयोजन किया गया। क्विज में 8 टीमों ने भाग लिया तथा क्विज में पांच राउंड रहे। सभी टीमों तथा महाविद्यालय के छात्रों ने उत्साह पूर्वक क्विज को सफल बनाया।

### पूज्य राजयोगिनी बहन शिवानी आज सोलन में

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ब्रह्माकुमारीज सोलन सेवा केंद्र द्वारा 'खुशियों का पासवर्ड' विषय पर एक विशेष आध्यात्मिक एवं संवादात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 6 मार्च को दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक ठोडो ग्राउंड सोलन में आयोजित होगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता बहन बीके शिवानी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगी। उन्हें भारत सरकार द्वारा 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है। यह संपूर्ण कार्यक्रम राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुषमा दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### कल्होग स्कूल के समीप जंगल में लगी आग

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट चायल सड़क मार्ग पर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समीप वीरवार दोपहर जंगल में आग लगी। सुरक्षा की दृष्टि से स्कूल के बच्चों को ग्राउंड में कक्षाएं लगानी पड़ीं। जानकारी अनुसार आग रामलोक मंदिर की तरफ वाले जंगल से शुरू हुई। आग थोड़े समय में रामलोक मंदिर की तलहट्टी में स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्होग परिसर के बाहर लगी सुरक्षा चारदीवारी तक पहुंच गई। स्कूल प्रधानाचार्य ने बताया कि अग्निश्मन को सूचना दी गई।

# 164 केंद्रों में हो रही सीसीटीवी की निगरानी में सभी बोर्ड परीक्षाएं

## सिरमौर में बोर्ड के निर्देशानुसार किए गए इंतजाम

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर जिला में 164 परीक्षा केंद्रों में कड़ी निगरानी के बीच वीरवार से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए सभी इंतजाम किए गए है। जिला मुख्यालय नाहन में पीएम श्री कन्या पाठशाला नाहन और राजकीय शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

शमशेर स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार चौहान ने बताया कि बोर्ड के निर्देशानुसार पूरी निगरानी के बीच बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हुई हैं। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्र के हर कमरे को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है और सीसीटीवी कैमरे को बाकायदा इनवर्टर से जोड़ा गया है, ताकि बिजली जाने की स्थिति में भी कैमरे चालू रहे।



उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के पहले दिन 10वीं और जमा दो के 214 बच्चों ने नाहन में परीक्षा दी और पहले दिन दसवीं कक्षा का एक छात्र अनुपस्थित पाया गया है।

उन्होंने कहा कि शमशेर स्कूल नाहन को विभिन्न स्कूलों का परीक्षा केंद्र बनाया गया और यहां बोर्ड द्वारा जारी तमाम गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। सिरमौर जिला में कुल 14673 बच्चे बोर्ड की परीक्षा देंगे, जिनमें से 8591 छात्र दसवीं कक्षा के, जबकि 6082 छात्र जमा दो के शामिल हैं।

# विभागीय लापरवाही: हादसे के इंतजार में कुन्नी पुल सड़क मार्ग

## लोक निर्माण विभाग ने नहीं लगाए ब्लैक स्पॉट पर सूचना पट्ट

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** लोकनिर्माण विभाग मंडल के उपमंडल कुनिहार के अंतर्गत कुन्नी पुल से आगे आने वाली सड़क किसी बड़े भयानक हादसे के इंतजार में है। ज्ञात रहे कि अर्की लोक निर्माण विभाग मंडल के अधीन आने वाले कुन्नी पुल की समाप्ति से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर दो ऐसे खतरनाक स्थान बने हुए है। जहां कभी भी किसी भी वाहन चालक से छोटी सी चूक होने से वाहन का लगभग 250 से 300 मीटर गहरी खड्ड में गिरने से कोई भयानक हादसा होने से भारी जानमाल का नुकसान हो सकता है। ऊपर से सोचने योग्य बात यह है। कि धर्मपुर व सोलन से आने वाला हर व्यक्ति नेता विभाग के आलाधिकारी इसी सड़क से अर्की आते-जाते हैं।



इस रोड़ के टैंडर लग गए हैं जल्दी ही काम शुरू हो जाएगा।
**मनसा राम ठाकुर एसडीओ पीडब्ल्यूडी**

इस दोनों स्थानों में से एक स्थान पर सड़क अंदर की तरफ खोखली हो चुकी है तथा केवल एक ही वाहन आ-जा सकता है। दूसरे स्थान पर सड़क चौड़ी करने से निकने मलबे खड्ड की तरफ गिरा कर समतल कर दिया गया है। जहां भारी वाहन के वजन से मिट्टी दब सकती है। सोचने की बात है कि कहीं कोई डंगा नही है। न ही कोई पैराफिट या खतरे का सूचना पट्ट लगाया गया। स्थानिय लोगों का कहना है कि यदि इन स्थानों पर को भयानक हादसा होता है, तो उसका जिम्मेवार विभाग होगा या सरकार। वाहन मालिक अपनी व वाहन की सुरक्षा हेतु सरकार व संबंधित विभागों को रोड मेंटिनेंस के लिए भारी भरकम रोड टैक्स दे रहे हैं। लोगों का कहना शीघ्र इन दोनों स्थानों पर उचित डंगो का निर्माण किया जाए।

## प्रतिष्ठित व्यवसायी विक्रांत गुप्ता का आकस्मिक निधन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी विक्रांत गुप्ता के आकस्मिक निधन से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि हृदय गति रुकने के कारण उनका अचानक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही व्यापार जगत सहित सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्रों में गहरा दुख व्यक्त किया जा रहा है। विक्रांत गुप्ता न केवल एक सफल व्यवसायी थे, बल्कि अपने सामाजिक सरोकारों और मिलनसार स्वभाव के कारण शहर में विशेष पहचान रखते थे। नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नाहन शहर के प्रतिष्ठित और बेहद करीबी साथी विक्रांत गुप्ता के आकस्मिक निधन का समाचार हृदय को भीतर तक झकझोर देने वाला है।

# किशनपुरा में कांग्रेस को बड़ा झटका दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** दून हल्के की ग्राम पंचायत किशनपुरा में कांग्रेस की नीतियों से तंग दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधान करनैल सैनी की अगुवाई में भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा में शामिल सभी लोगों का पूर्व विधायक परमजीत पम्मी ने पार्टी में स्वागत किया। परमजीत सिंह पम्मी ने कहा के कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी पूरा मान-सम्मान देगी और प्रदेश में सरकार आते ही कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

पूर्व विधायक परमजीत पम्मी ने कहा के दून हल्के को अंदरूनी सड़कों की हालत खस्ता है। टूटी सड़कों व जाम ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हल्के में विकास कार्य ठप पड़े हैं, मौजूदा विधायक पिछली भाजपा सरकार में मंजूर हुए विकास कार्यों के फीते काटकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। पूर्व प्रधान करनैल सैनी ने कहा कि अब जनता का मोह प्रदेश की कांग्रेस सरकार व दून के विधायक से भंग हो चुका है।


भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ता पूर्व विधायक परमजीत पम्मी के साथ। अनंत ज्ञान

### इन्होंने थामा भाजपा का दामन

इस दौरान ग्राम पंचायत किशनपुरा व गुरुमाजरा के नसीब, सलीम पंच, गुलजार, हदीश (दिशा), नजीर, शादी मुहमंद (गुड्डू), सदिक, शकील, हल्फदीन, नूर मोहम्मद, आशु, धोटू, शानू, काला, इरफान, इमरान, गफूर, मक्खन, सुनील, युसूफ, शौना, अनु, रोशनी, बगो, नीफा, शकीला, पिंकी, समीना, रीनु बालों, मुन्ना मुन्नू, भागो, सोना, सीमु, रमजानो, नाजिया, मुस्कान, आशिया, नाजिया, करमो शबनम, वीरवेगम, शबनम आलिशा ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस दौरान दून भाजपा मंडल अध्यक्ष मान सिंह मेहता, जिला परिषद सदस्य अमर संधू, राज संधू अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा दून, पूर्व प्रधान करनैल सैनी, प्रधान सुरजन सैनी, सुरेश चौधरी, कृष्ण कौशल, जसवंत पूर्व प्रधान व गौवंश प्रकोष्ठ के अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

## कंडाघाट : वार्षिक खेलों के 100 मीटर दौड़ में काजल व सुधन प्रथम

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया मुख्यातिथि और डॉ. बलदेव सिंह ठाकुर विशिष्ट अथिति बतौर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ लड़कियों में काजल, तनीषा और पायल ठाकुर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी दूरी की दौड़ में लड़कों में सुधन, ऋतिक व शुभम पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। रिले रेस 400 मीटर में लड़कियों में काजल की टीम ने पहला, तान्या की टीम ने दूसरा व रजनी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी दूरी की रेस के लड़कों में सुमित की टीम ने पहला, ऋतिक की टीम ने दूसरा व हर्ष की टीम तीसरे स्थान पर रही। शॉट पुट में लड़कियों में रजनी, पायल और भारती ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

# कटिंग मशीन के ब्रेकर चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शामती निवासी विजेंद्र सिंह ने पुलिस थाना सदर सोलन में शिकायत दर्ज करवाई कि उन्होंने जटोली कोठों रोड के सामने प्लॉट कटिंग का कार्य लगा रखा है। 3 मार्च को जब वह कार्यस्थल पर पहुंचे तो पाया कि कटिंग मशीन का ब्रेकर, जिसे मशीन से निकालकर नीचे रखा गया था, चोरी हो चुका था। इसके अतिरिक्त मौके पर रखी लोहे की पानी की लगभग सात पाइपों के टुकड़े भी गायब पाए गए।

वहीं घटनास्थल के समीप रहने वाली एक महिला ने भी बताया कि उसके घर से सरियों के दो बंडल चोरी हुए हैं। जब इन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, तो उसमे तीन व्यक्ति सरिया ले जाते हुए दिखाई दिए, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत करके जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त एक आरोपी मुश्ताक मुहम्मद उर्फ सोनू खान को तड़के सुबह गिरफ्तार किया गया।


पुलिस गरिफ्त में आरोपी। अनंत ज्ञान

## राजगढ़ में 4.87 ग्राम चिट्टा बरामद तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने के उद्देश्य से राजगढ़ पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत चिट्टा तस्करों को बेनकाब किया जा रहा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राजगढ़ बस स्टैंड पर किराए पर रहने वाले तीन व्यक्तियों से उनके कमरे से 4.87 ग्राम चिटटा (हेरोइन) बरामद करने में सफलता हासिल की है, जिसकी पुष्टि उप पुलिस अधीक्षक राजगढ़ ने की है। पुलिस को सूचना मिली कि अक्षित चौहान निवासी पुराना बस स्टैंड राजगढ़ अपने दो साथियों अजय कुमार और शुभम वर्मा के साथ घर के कमरे में चिट्टा बेच रहा है। पुलिस रात करीब 8.40 बजे मौके पर पहुंची। तीनों युवकों से पूछताछ की गई और कमरे की तलाशी के दौरान अलमारी के लॉकर से चिट्टा पाया गया। उसका कुल वजन 4.87 ग्राम निकला। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# एडीसी ने नप को दिए हिमुडा की जमीन से कब्जे हटाने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**परवाणू।** हिमाचल अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (हिमुडा) की भूमि पर अवैध कब्जों और निर्माण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। एडीसी सोलन द्वारा नगर परिषद परवाणू के कार्यकारी अधिकारी को पत्र जारी कर प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशों का तत्काल पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में हिमुडा डिवीजन परवाणू के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि परवाणू में हिमुडा की भूमि पर बिना अनुमति निर्माण, अवैध कब्जे तथा रुकावटों को हटाने संबंधी 2014 में हाई कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं, जिनका पूर्ण अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। हाई कोर्ट ने हिमुडा की भूमि से अवैध कब्जे हटाने, बिना अनुमति निर्माण को ध्वस्त करने, बिना निर्धारित वेंडिंग जोन में बैठे पंजीकृत वेंडरों को हटाने तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण समाप्त करने के आदेश दिए हैं और 15 दिनों के भीतर विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।

◆ 15 दिन में मांगी कम्प्लायंस रिपोर्ट

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि आदेशों की अवहेलना की स्थिति में इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर परिषद परवाणू की होगी और डिफॉल्टरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद परवाणू के कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि हिमुडा द्वारा सड़कों व भवनों का निर्माण कर नगर परिषद को सौंप दिया जाता है, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह नप परवाणू की है परंतु जो स्थान हिमुडा के हैं उन पर जो अतिक्रमण या कब्जा किया जाता है, उसके लिए हिमुडा को कदम उठाना चाहिए।

सम्मान

## नौणी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में जीते पुरस्कार

# 'सूक्ष्मजीवों के औद्योगिक अनुप्रयोग' विषय पर पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के विद्यार्थियों ने देशभर में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और शैक्षणिक आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। बेसिक साइंस विभाग के तीन विद्यार्थियों ने ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 'माइक्रोबियल इनोवेशंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इसमें मुस्कान खान (एम.एससी. द्वितीय वर्ष) ने 'फसल उत्पादकता एवं पौध संरक्षण में सूक्ष्मजीव आधारित दृष्टिकोण' विषय पर मौखिक प्रस्तुति में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साक्षी (पीएचडी प्रथम वर्ष) ने इसी विषय पर पोस्टर प्रस्तुति में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पुनीत कुमार (पीएचडी तृतीय वर्ष) ने 'सूक्ष्मजीवों के औद्योगिक अनुप्रयोग' विषय पर पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम स्थान हासिल किया।


**पुनीत कुमार**
*'सूक्ष्मजीवों के औद्योगिक अनुप्रयोग' विषय पर पोस्टर प्रस्तुति में हासिल कियास प्रथम स्थान*

एक अन्य उपलब्धि में वर्णिका शर्मा (पीएचडी तृतीय वर्ष, कृषि सांख्यिकी) ने कृषि विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित 'क्लाइमेट रेजिलिएंट एग्रीकल्चर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट: इनोवेशंस एंड सॉल्यूशंस' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, जहां उन्हें 'क्लाइमेट मॉडलिंग और प्रिसीजन फार्मिंग के लिए तकनीकी नवाचार' विषय के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार का पुरस्कार जीता।

इसी क्रम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. लोकेश ठाकुर ने जेएनयू, नई दिल्ली स्थित ब्रिक-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (एनआईपीजीआर) द्वारा आयोजित 'प्लांट टिश्यू कल्चर फॉर बूस्टिंग बायोमैन्युफैक्चरिंग, न्यूट्रिशनल सिक्योरिटी एंड क्लाइमेट रेजिलिएंस' विषयक संगोष्ठी एवं इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 'कैश क्रॉप्स की माइक्रोप्रोपेगेशन' विषय पर उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट विभाग के दो विद्यार्थियों काजल शर्मा और यशवंत सिंह ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 'क्लाइमेट रेजिलिएंट पारंपरिक फसलों की संभावनाओं का विश्लेषण: सतत कृषि एवं एग्रो-इंडस्ट्रीज के लिए' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## दाड़लाघाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया पंजाब का शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय स्थलों से परिचित कराना था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि इस भ्रमण में 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अटारी-वाघा बॉर्डर का दौरा किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अमृतसर स्थित पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए तथा वहां की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भरतगढ़ स्थित वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया। यहां उन्हें कचरा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। इस भ्रमण में सहायक आचार्य इतिहास डॉ. भुवि शर्मा तथा सहायक आचार्य हिंदी रचना तनवर विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 900 अंक उछला, निफ्टी भी 285 अंक चढ़ा

## ऑटो, मेटल, फार्मा और एनर्जी शेयर्स में रही बढ़त, आईटी शेयर्स में गिरावट दर्ज

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 900 अंक (1.14%) की तेजी के साथ 80,016 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 285 अंक (1.17%) की बढ़त रही। ये 24,766 के स्तर पर बंद हुआ।

ऑटो, मेटल, फार्मा और एनर्जी शेयर्स में आज ज्यादा बढ़त रही। L&T और अडाणी पोर्ट्स के शेयर में आज करीब 4% की बढ़त रही । वहीं आईटी शेयर्स में आज गिरावट रही। पिछले कुछ दिनों की गिरावट के बाद बाजार में 'वैल्यू बाइंग' यानी सस्ते दाम पर खरीदारी लौटी है। निवेशकों ने रियल्टी, मेटल, ऑयल एंड गैस और ऑटो जैसे सेक्टर के




शेयरों को निचले स्तर पर खरीदा। वहीं, एशियाई बाजारों से भी अच्छे संकेत मिले जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी करीब 10% उछला। बुधवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए थे। उधर, एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को सहारा मिला। रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ-साथ ओएनजीसी और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों के शेयरों ने ऑयल एंड गैस इंडेक्स को करीब 2% ऊपर धकेल दिया।

### कच्चा तेल 4 दिन में 15% चढ़ा

**ब्रेंट** क्रूड में वीरवार को करीब 1% की तेजी रही। ये 83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। बीते 4 दिन में इसके दाम करीब 15% चढ़ चुके हैं। जानकारों का मानना है कि अगर यह तनाव और बढ़ा तो तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक जो सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं, डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है। अन्य शहरों में भी इसी तरह कीमतें बढ़ सकती है। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब नेशनल बैंक ने एटीएम से कैश निकालने की लिमिट 50 फीसदी घटाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने चुनिंदा डेबिट कार्ड्स (एटीएम कार्ड) से रोजाना कैश निकालने की लिमिट को आधा कर दिया है। नए नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। बैंक ने यह फैसला रिस्क कंट्रोल को मजबूत करने और ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लिया है।

◆ **एक अप्रैल से लागू होंगे नए नियम**

◆ **1 लाख वाली लिमिट अब 50,000 हुई**

पीएनबी ने अपने डेबिट कार्ड्स को दो मुख्य कैटेगरी में बांटकर लिमिट रिवाइज की है, जिनकी डेली लिमिट पहले 1 लाख रुपए थी, इसे अब 50 हजार रुपए कर दिया है। वहीं, दूसरी कैटेगरी में प्रीमियम कार्ड्स की लिमिट 1.5 लाख रुपए से घटाकर 75 हजार रुपए कर दी गई है।

सुरक्षा और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना मकसद बैंक ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि यह बदलाव सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। बैंक का मानना है कि कैश निकालने की लिमिट कम होने से फ्रॉड के मामलों में ग्राहकों को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही बैंक ग्राहकों को कैश के बजाय डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है। (अनंत ज्ञान)

# पीएम समझौतावादी; देश की सामरिक स्वायत्तता का समर्पण किया : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका-इसराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में वीरवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समझौतावादी हैं, जिन्होंने भारत की सामरिक स्वायत्तता का समर्पण कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि विश्व एक अस्थिर



दौर में प्रवेश कर चुका है। समुद्री क्षेत्र में बड़ी चुनौतियां सामने खड़ी हैं। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, हमारा 40 प्रतिशत से अधिक आयात होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है।' उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत के डूबने से संघर्ष भारत की दहलीज तक पहुंच गया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में कमान एक स्थिर हाथ में रहने की आवश्यकता होती है। राहुल ने आरोप लगाया, इसके बजाय, भारत के पास एक समझौतावादी प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने हमारी सामरिक स्वायत्तता का समर्पण कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### बदलते हालात पर पीएम कुछ नहीं कह रहे

**राहुल** ने कहा कि अब यह जंग हमारे करीब तक आ गई है, एक ईरानी जंगी जहाज को हिंद महासागर में डूबो दिया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कुछ नहीं कहा। एक ऐसे समय में, हमें एक मजबूत हाथ की जरूरत है। बावजूद इसके, भारत के पास एक कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम है, जिसने हमारी स्ट्रेटेजिक आजादी को ही छोड़ दिया है। दुनिया एक उतार-चढ़ाव वाले दौर में आ गई है। आगे का दौर और भी खराब होने वाला है। भारत की तेल सप्लाई भी खतरे में पड़ने वाली है, हमारा 40 फीसदी से अधिक का आयात होर्मुज स्ट्रेट से होकर आता है. जबकि एलपीजी और एलएनजी के लिए हालत और भी खराब हो गई है। ईरान पर हमले की निंदा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंताएं वास्तविक हैं और संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले हमले संकट को और बढ़ाएंगे। ईरान पर एकतरफा हमलों के साथ-साथ अन्य पश्चिम एशियाई देशों पर ईरान के हमलों की भी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। हिंसा से हिंसा पैदा होती है, संवाद और संयम ही शांति का एकमात्र रास्ता है। साथ ही उनका मानना है कि इस मसले पर भारत का नैतिक रूप से रुख स्पष्ट होना चाहिए।

# ईरानी जहाज ने श्रीलंका आने की इजाजत मांगी, नहीं मिली

## श्रीलंका बोला- जहां हो वहीं रहो, मदद भेज देंगे

**एजेंसी, तेहरान**

**अमेरिका**-इसराइल और ईरान जंग के बीच श्रीलंका ने बताया कि ईरान का एक जहाज उसके समुद्री इलाके में मौजूद है, लेकिन उसे बंदरगाह पर रुकने की इजाजत नहीं दी गई है। यह जानकारी श्रीलंका सरकार के एक प्रवक्ता ने दी। श्रीलंका के दो अधिकारियों के मुताबिक, यह जहाज राजधानी कोलंबो से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण में समुद्र में खड़ा है। जहाज ने बुधवार को बंदरगाह पर रुकने की इजाजत मांगी थी, लेकिन सरकार ने उसकी यह मांग ठुकरा दी।

सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि श्रीलंका उस ईरानी जहाज को कुछ मानवीय मदद दे रहा है, लेकिन यह नहीं बताया गया कि वो सैन्य जहाज है या व्यापारिक जहाज। यह घटना ऐसे समय हुई है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने श्रीलंका के पास अंतरराष्ट्रीय समुद्र में ईरान की नौसेना के एक जहाज को डुबा दिया था। बीते 6 दिन में अमेरिका ईरान के 20 वॉरशिप डुबा चुका है। वहीं, अल जजीरा के मुताबिक, इसराइल-अमेरिका ने अब तक ईरान में 5000 से ज्यादा बम गिराए हैं।

वहीं, 20 ईरानी वॉरशिप को डुबो दिया है। इन हमलों में 1 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। ईरान ने भी पलटवार करते हुए मिडिल ईस्ट के 9 देशों में बने अमेरिकी बेस पर हमला किया है।

अमेरिका ने बुधवार को भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। श्रीलंका की नौसेना के अनुसार अब तक 87 शव बरामद किए गए हैं, जबकि 32 लोगों को बचा लिया गया है। रॉयटर्स के मुताबिक करीब 60 लोग लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। (अनंत ज्ञान)

## नागरिकता के नाम पर मतुआ समुदाय को अनिश्चितता में धकेल रही केंद्र सरकार : ममता

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वीरवर को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार नागरिकता देने के नाम पर मतुआ समुदाय के सदस्यों को 'अनिश्चितता और भ्रम' की स्थिति में धकेल रही है। बनर्जी ने मतुआ समुदाय की कुलमाता वीणापाणि देवी, जिन्हें 'बड़ो मा' के नाम से जाना जाता है, की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि केंद्र उन लोगों की पहचान पर सवाल उठा रहा है जो लंबे समय से देश के नागरिक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश के कारण हमारे मतुआ भाई-बहनों को अस्थिर और भ्रमित स्थिति में धकेला जा रहा है। नागरिकता देने के नाम पर राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान पर ही सवाल उठाया जा रहा है। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के जरिए उन्हें मतदाता सूची से जानबूझकर बाहर किया जा रहा है। जो लोग पीढ़ियों से इस देश के नागरिक हैं, जिनके वोट सरकारों को चुनते हैं, उन्हें फिर से 'नागरिकता' देने के नाम पर अब अनिश्चितता का सामना कराया जा रहा है। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार समुदाय के अधिकारों को कमजोर करने वाले हर कदम का विरोध करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## तवांग मठ से बुद्ध प्रतिमा चुराने के आरोप में एक पर्यटक को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, ईटानगर।** पश्चिम बंगाल के एक पर्यटक को अरुणाचल प्रदेश में तवांग मठ सहित दो प्रमुख स्थलों से धार्मिक वस्तुएं चुराने के आरोप में हिरासत में लिया गया। तवांग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) काटो तासो ने बताया कि चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आने के बाद 54 वर्षीय व्यक्ति का पता लगाया गया और उसे हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि देश के सबसे बड़े मठ-तवांग मठ से बुद्ध की एक प्रतिमा चोरी हो गई। 'जाइंट बुद्धा स्टैच्यू पार्क' से दो झांझ और धातु के दो दीप भी चोरी हो गए। अधिकारी ने कहा कि फुटेज में पर्यटक को परिसर से बुद्ध की मूर्ति और अन्य पवित्र वस्तुएं ले जाते हुए देखा गया, जिसके बाद जांच शुरू की गई। आरोपी के पास से 15,000 रुपये से 20,000 रुपए के बीच मूल्य की सभी चोरी की वस्तुएं बरामद कीं। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 2 दिन में हुई 32 हजार सस्ती

## 10 ग्राम सोना 7 हजार गिरकर 1.63 लाख रुपए पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने** और चांदी के दामों में वीरवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3 हजार रुपए घटकर 1.60 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.63 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 2 दिन में 7 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, एक किलो चांदी 13 हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख रुपए पर आ गई है।



इससे पहले इसकी कीमत 2.71 लाख रुपए प्रति किलो थी। ये दो दिन में 32 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। सोना चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.60 लाख रुपए पर है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 26 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 27 हजार रुपए महंगी हुई है। जानकारों का मानना है कि सोने-चांदी की अगली चाल इन दो बातों पर निर्भर करेग। अगर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ता है या कच्चे तेल की कीमतें फिर से उछलती हैं, तो सोने-चांदी में दोबारा तेजी आ सकती है। अमेरिका के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से बेहतर आते हैं, तो डॉलर मजबूत होगा और इससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

## मिजोरम में 31 करोड़ की नशीली दवाओं के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, आइजोल।** मिजोरम में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के जरिए हो रही ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 31 करोड़ से अधिक कीमत की नशीली दवाइयों के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी के अधिकारियों के अनुसार, सीमा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर तीन समन्वित ऑपरेशन चलाए गए। इन अभियानों के दौरान कुल 36.434 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 905 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। जब्त की गई नशीली दवाओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 31 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की गई थी। यह कार्रवाई एसआईबी मिजोरम और राज्य के एक्साइज एवं नारकोटिक्स विभाग के साथ मिलकर की गई। तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए संदिग्धों को पकड़ा है। (अनंत ज्ञान)

# कुलवंत ने रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर सनेटा का दौरा किया

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर सनेटा का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर में डॉक्टर बीआर अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में पढ़ रहे विद्यार्थी डॉक्टर यहां प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि यहां हमेशा प्रोफेसर और डॉक्टर मौजूद रहेंगे तथा लोगों को चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बताया कि ओपीडी शुरू हो चुकी है, एक्स-रे मशीन भी आ चुकी है और डेंटल क्लिनिक भी शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी गांवों में जाकर परिवारों से मिलेंगे और विभिन्न बीमारियों तथा उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे तथा मौके पर ही उन्हें चिकित्सा सुविधा भी प्रदान की जाएगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार की ओर से मोहाली हलके के लोगों को दी गई यह एक बड़ी सौगात है और लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम से



अपना इलाज करवाने के लिए यहां पहुंचें। उन्होंने कहा कि सरकारी डॉक्टर सेवा भाव से मरीजों का इलाज करते हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जिम्मेदारी संभाली है, तब से सरकार द्वारा किए गए वादों और दी गई गारंटियों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए 600 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की गई थी और आज 80 प्रतिशत से अधिक परिवार इसका लाभ उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू से ही पंजाब में बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। बड़े स्तर पर मोहल्ला क्लीनिक खोले गए हैं और सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों तथा आवश्यक स्टाफ की भर्ती की गई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। इसके अलावा पंजाब के सभी स्कूलों में भी आवश्यक स्टाफ उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि अब लोगों पर स्वास्थ्य संबंधी कोई बड़ा आर्थिक बोझ नहीं रहा, क्योंकि मोहल्ला क्लीनिक पहले से ही बड़े स्तर पर काम कर रहे हैं और अब 10 लाख रुपये की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लोगों के कार्ड बड़े स्तर पर बनाए जा रहे हैं तथा इस योजना के तहत इलाज भी शुरू हो चुका है। इस अवसर पर डॉ. नवदीप सैणी, डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोहाली के मार्गदर्शन में डॉ. नवदीप सिंह, डॉ. अमित कौर विरक (हेड ऑफ द डिपार्टमेंट, कम्युनिटी मेडिसिन), डॉ. अक्षय कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर), एस.एम.ओ. डॉ. एचएसचीमा, एस.एम.ओ. डॉ. परमिंदर सिंह के अलावा कुलदीप सिंह समाना, रूप चंद सनेटा, रामेश्वर सनेटा और हरजिंदर सिंह सरपंच धीरपुर भी उपस्थित थे।

## आरबीयू में एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों को प्रेरणा, सेवा व राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया




**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के एनएसएस विभाग द्वारा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर निदेशक एनएसएस प्रोफेसर (मेजर) ए.एस. चहल ने बताया कि शिविर का उद्घाटन वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. एनके यादव भी उपस्थित थे। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने कहा कि एक प्रगतिशील और जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

सप्ताह भर चले इस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पहले दिन की शुरुआत दंत स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता व्याख्यानों से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विश्वविद्यालय के चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा ने स्वयंसेवकों के समर्पण और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें समाज की निस्वार्थ सेवा जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## मेंहदी आर्टिस्ट की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत स्थित साईं कॉलोनी में एक 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक बुधवार रात को काम के लिए घर से निकला था, लेकिन वीरवार सुबह उझा गेट के पास पड़ा मिला, जिसको तुरंत अस्पताल ले जाया गया पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मृतक के भाई अर्जुन ने बताया कि मृतक अरुण पेशे से मेहंदी आर्टिस्ट था और अक्सर ऑनलाइन ऑर्डर मिलने पर रात के समय भी काम के लिए बाहर जाता था। चार मार्च की रात भी वह अपने एक दोस्त की बाइक लेकर घर से यह कहकर निकला था कि वह कुछ ही देर में वापस आ जाएगा। जब अरुण रात भर घर नहीं लौटा, तो परिजनों को लगा कि वह शायद मेहंदी लगाने के किसी काम में व्यस्त हो गया होगा और वहीं रुक गया होगा।

# 30 अप्रैल से सेल्फ एन्यूमरेशन शुरू 15 मई से हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में आगामी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आज से शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला/चार्ज अधिकारियों तथा नियमित/तकनीकी सहायकों को जनगणना प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) गीतिका सिंह ने दी।

जानकारी देते हुए एडीसी (जी) गीतिका सिंह, जिन्हें जिले के लिए जिला जनगणना अधिकारी भी नामित किया गया है, ने बताया कि इस बार भारत की 16वीं जनगणना (स्वतंत्रता के बाद 8वीं) डिजिटल माध्यम से करवाई जाएगी। घरों द्वारा अपनी जानकारी ऑनलाइन भरने के लिए 30 अप्रैल से 14 मई 2026 तक सेल्फ एन्यूमरेशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खुला रहेगा। इसके बाद 15 मई से 13 जून 2026 तक गणनाकार घर-घर जाकर फील्ड कार्य करेंगे, जो जनगणना के प्रथम चरण का हिस्सा होगा और इसमें हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जनगणना संचालन निदेशालय, पंजाब के स्टेट इंस्ट्रक्टर ग्रेड-1 अंकुश शर्मा और स्टेट इंस्ट्रक्टर ग्रेड-2 सत्य नारायण द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण सत्र व्यवस्थित और संवादात्मक रहा, जिसमें जनगणना 2027 में अधिकारियों की भूमिका, कानूनी प्रावधान, हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन शेड्यूल, सी एम एम एस मॉड्यूल, जिनमें एच एल ओ प्रबंधन और मॉनिटरिंग शामिल हैं, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस बार की जनगणना का नारा है 'जनगणना से जनकल्याण।'

**यादगार** वाइबकेयर फाउंडेशन ने फाउंडर विश्व बंधु सिंघल को समर्पित फाउंडर्स-डे सफलतापूर्वक मनाया

# फाउंडर के योगदान और मूल्यों को श्रद्धांजलि दी

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** वाइबकेयर फाउंडेशन ने अपने सम्मानित फाउंडर, विश्व बंधु सिंघल (3 मार्च 1931 – 24 नवंबर 1983) के सम्मान में, चंडीगढ़ के सेक्टर 18 के टैगोर थिएटर में फाउंडर्स डे सफलतापूर्वक मनाया।

यह शाम उनके जीवन, विजन और हमेशा रहने वाली विरासत को श्रद्धांजलि देने के लिए थी, जिनकी ईमानदारी और दूर की सोच के सिद्धांत वाइबकेयर ग्रुप के सफर और ग्रोथ को गाइड करते रहते हैं। इस इवेंट में चीफ गेस्ट जस्टिस अजय तिवारी (रिटायर्ड), पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की शानदार मौजूदगी रही, जिन्होंने फाउंडर के प्रेरणा देने वाले योगदान और वैल्यूज़ पर आधारित लीडरशिप को श्रद्धांजलि दी। अपने भाषण में, उन्होंने स्वर्गीय श्री विश्व बंधु सिंघल के बताए आदर्शों को बनाए रखने के लिए फाउंडेशन के लगातार कमिटमेंट की तारीफ़ की और




मकसद और लगन के साथ उनकी विरासत को आगे बढ़ाने में ऑर्गनाइजेशन की कोशिशों की तारीफ की। संजय सिंघल ने बताया, 'फाउंडर्स डे हमारे लिए याद करने और शुक्रिया अदा करने का पल है। यह स्वर्गीय श्री विश्व बंधु सिंघल के विज़न और मूल्यों को सेलिब्रेट करने का मौका है, जो विबकेयर के सफ़र को गाइड करते रहते हैं। हमें खुशी है कि संगीता मेलेकर एंड ग्रुप इस खास मौके पर एक खास ट्रिब्यूट दे रहे हैं।' शाम की एक खास बात संगीता मेलेकर और उनके ग्रुप का एक खास म्यूजिकल ट्रिब्यूट था। दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने एक पुरानी यादों वाला और इमोशनल माहौल बनाया, जिसमें स्वर्गीय फाउंडर की याद को खूबसूरती से सम्मान दिया गया। ऑडियंस ने बहुत प्यार और तारीफ़ के साथ रिस्पॉन्स दिया, जिससे यह ट्रिब्यूट सेलिब्रेशन का एक यादगार हिस्सा बन गया।

तीन दशकों से ज्यादा के शानदार सिंगिंग करियर के साथ, संगीता मेलेकर ने म्यूज़िक की दुनिया में अपने लिए एक खास जगह बनाई है। मुंबई, महाराष्ट्र में जन्मी, उन्होंने 12 साल की उम्र में गाना शुरू किया और जाने-माने गुरुओं श्री शिवानंद पाटिल और श्री मनोहर चिमोटे से ट्रेनिंग ली। इन सालों में, उन्होंने महेश कुमार एंड पार्टी, चौरंग, अशोक हांडे की अमृत लता, गोल्डन ग्रेट्स, स्वरा आर्ट्स और क्लब नॉस्टैल्जिया जैसे जाने-माने ऑर्गनाइज़र के लिए लीड सिंगर के तौर पर परफॉर्म किया है।

उन्होंने आशा भोसले, एस. पी. बालासुब्रमण्यम, कविता कृष्णमूर्ति और सुधा मल्होत्रा जैसे मशहूर कलाकारों के साथ स्टेज शेयर किया है, और शम्मी कपूर, देव आनंद, वहीदा रहमान और आशा पारेख जैसे आइकॉन के शो में परफॉर्म किया है। एक इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर परफॉर्मर के तौर पर, उन्होंने यू एस ए, नीदरलैंड्स, दुबई, मस्कट, साउथ अफ्रीका, नाइजीरिया, केन्या, ऑस्ट्रेलिया, लंदन और इजराइल में अपनी कला दिखाई है। म्यूजिक के अलावा, वह इंग्लिश मीडियम स्कूल (जी इ वी वाडा) के जरिए जरूरतमंद बच्चों की एक्टिव रूप से मदद करती हैं और इस काम के लिए फंड जुटाने के लिए 2021 में अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया। इस मौके पर अपने विचार बताते हुए, संगीता मेलेकर ने कहा, 'दिवंगत श्री विश्व बंधु सिंघल जी को म्यूज़िकल ट्रिब्यूट देना बहुत सम्मान की बात है। म्यूज़िक के ज़रिए, हम न सिर्फ़ उनके शानदार सफर का जश्न मनाते हैं, बल्कि उन हमेशा रहने वाले मूल्यों का भी जश्न मनाते हैं जिनके लिए वे खड़े रहे। मैं एक ऐसी शाम पेश करने का इंतज़ार कर रही हूँ जो इमोशन, पुरानी यादों और सम्मान से भरी हो।' राणा चटर्जी ने भी संगीता मेलेकर जी के साथ गाने गाएं। फाउंडर्स डे सेलिब्रेशन 2026 एक इंस्पायरिंग नोट पर खत्म हुआ, जिसमें विबकेयर फाउंडेशन के अपने फाउंडर के हमेशा रहने वाले मूल्यों और विज़न के प्रति कमिटमेंट को फिर से दिखाया गया, साथ ही एसोसिएट्स, शुभचिंतकों और खास मेहमानों को याद और एकता की भावना से एक साथ लाया गया।

# गुलाब चंद ने अपनी मंडियों पर स्टडी की गई सिफारिशों पर ज्वॉइंट मीटिंग व एक्शन प्लान बनाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने पंजाब के गवर्नर और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के सामने इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की जॉइंट स्टडी की रिपोर्ट पेश करके चंडीगढ़ की अपनी मंडियों में स्वच्छता और प्लास्टिक मैनेजमेंट का मुद्दा उठाया।

आईडीसी और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से 'चंडीगढ़ की अपनी मंडियों में प्लास्टिक वेस्ट जेनरेशन एंड मैनेजमेंट' पर तैयार की गई फाइनल रिपोर्ट, टॉपन स्पेशियलिटी फिल्म्स (स्न) प्राइवेट लिमिटेड, रूपनगर द्वारा प्रायोजित है। यह रिपोर्ट चंडीगढ़ के एडमिनिस्ट्रेटर गुलाब चंद कटारिया को सांसद (राज्यसभा) सतनाम सिंह संधू और आईडीसी डायरेक्टर, प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने सौंपी। स्टडी रिपोर्ट की तारीफ करते हुए, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इस मुद्दे पर पंजाब मंडी बोर्ड, चंडीगढ़ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, चंडीगढ़ एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड, किसानों और वेंडर्स समेत सभी स्टेकहोल्डर्स की एक जॉइंट मीटिंग बुलाने का निर्देश दिया। उन्होंने चंडीगढ़ मिनिस्ट्री को स्टडी की सिफारिशों को लागू करने के लिए एक एक्शन प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया। चंडीगढ़ के एडमिनिस्ट्रेटर गुलाब चंद कटारिया ने इस स्टडी के नतीजों और सुझावों को सेक्टर 26 ग्रेन मार्केट में भी लागू करने का निर्देश दिया। इस मौके पर, राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा, 'यह रिपोर्ट 11 अपनी मंडियों में 500 वेंडर्स, 750 कस्टमर्स और 110 आस-पास के घरों पर किए गए सर्वे पर आधारित है। चंडीगढ़ की मंडियों में सर्वे के दौरान, पाया गया कि वहां के 50% वेंडर्स को इको-फ्रेंडली नॉन-प्लास्टिक पैकेजिंग मटीरियल के बारे में पता नहीं था। सर्वे के अनुसार, जवाब देने वालों ने इको-फ्रेंडली पैकेजिंग के विकल्पों को महंगा बताया



और वेंडर्स बहुत कम कीमत पर काम कर रहे थे। चंडीगढ़ की अपनी मंडियों में दूसरी समस्याओं के अलावा, एक और बड़ी समस्या सही पार्किंग एरिया की कमी थी, जिसके कारण अलग-अलग सेक्टरों में अपनी मंडियों के दिनों में ट्रैफिक जाम हो जाता था। यह भी बताया गया कि 87% अपनी मंडियों में कूड़ेदान नहीं थे और इन बाजारों में काम खत्म होने के बाद अपनी मंडियों की जगह पर कूड़ा पड़ा रहता था।

आईडीसी के डायरेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा, 'रिपोर्ट में अलग-अलग वेंडर्स को सज़ा देने के बजाय मार्केट लेवल पर इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार की बात कही गई है। इसमें सभी मार्केट में सोर्स लेवल पर सेग्रीगेशन सिस्टम लगाना ज़रूरी करने, भीड़ कम करने के लिए खास पार्किंग और ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान, हर अपनी मंडी में पब्लिक टॉयलेट और पीने के पानी और कपड़े धोने की सुविधा देने की भी सलाह दी गई है।'

## स्पोर्ट्स विंडो

### पाकिस्तान की वनडे टीम से बाबर व सईम बाहर, 6 नए प्लेयर्स को मौका

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का गुस्सा वनडे टीम पर उतारा। बुधवार को बांग्लादेश सीरीज के लिए टीम अनाउंस हुई। वर्ल्ड कप में बुरी तरह फ्लॉप रहे पूर्व कप्तान बाबर आजम और सईम अयूब को टीम से बाहर कर दिया। टीम में 6 अनकैप्ड प्लेयर्स और वर्ल्ड कप में टॉप स्कोरर रहे साहिबजादा फरहान को शामिल कर लिया। फरहान ने अक्टूबर 2024 से कोई घरेलू लिस्ट-ए मैच भी नहीं खेला है। वे अब तक पाकिस्तान के लिए वनडे डेब्यू भी नहीं कर सके। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ही पाकिस्तान की कप्तानी करेंगे। उन्हें पिछले साल ही मोहम्मद रिजवान के बाद कप्तान बनाया गया था। वर्ल्ड कप टीम से बाहर रहे विकेटकीपर रिजवान वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे। टी-20 कप्तान सलमान अली आगा, ऑलराउंडर फहीम अशरफ और लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी टीम में जगह मिल गई। (अनंत ज्ञान)

### रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर की टीम ने जय शाह से की मुलाकात



**एजेंसी, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर ने 67 साल में पहला रणजी ट्रॉफी जीता है। इस जीत के बाद टीम के खिलाड़ियों ने आईसीसी के चैयरमैन जय शाह से मुलाकात की। बीसीसीआई ने वीरवार को फोटोज शेयर किए हैं। खिलाड़ियों ने जम्मू-कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए जय शाह को धन्यवाद दिया। बेंगलुरु के पास हुवली क्रिकेट ग्राउंड पर 5 दिन मैच में 24 फरवरी को जम्मू एंड कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 584 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक को 293 रन पर ऑल आउट कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप हैदराबाद पहुंची ऑस्ट्रिया की टीम

**एजेंसी, हैदराबाद।** ऑस्ट्रिया की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालिफायर में भाग लेने के लिए वीरवार को हैदराबाद पहुंच गई। हैदराबाद, तेलंगाना में होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश हिस्सा लेंगे, जहां से तीन टीमें इस साल अगस्त में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। यह विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। ऑस्ट्रिया का एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप में समृद्ध इतिहास रहा है। टीम ने इस प्रतियोगिता के शुरुआती चार संस्करणों में से तीन में भाग लिया था। हालांकि, ऑस्ट्रिया 1981 के बाद से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया है। कप्तान जोहाना चेक के नेतृत्व में ऑस्ट्रिया की टीम पूल-ए में इंग्लैंड, इटली और कोरिया के साथ मुकाबला करेगी। टीम का लक्ष्य 45 वर्षों बाद विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचना है। (अनंत ज्ञान)

### स्टालिश फुटबॉलर जॉर्डिन पामेला

जॉर्डिन पामेला हुइटेमा एक कनाडाई पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हैं। हुइतेमा ने 15 साल की उम्र में सीनियर राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और 16 साल की उम्र में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जिससे उन्हें भविष्य की संभावित स्टार के रूप में सुर्खियां मिलीं।



# न्यूजीलैंड के फिन एलन ने टी-20 वर्ल्ड कप में जड़ा सबसे तेज शतक

## दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलन ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महज 33 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। यह टी-20 विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक है। एलन ने नाबाद 100 रन की पारी खेलते हुए न्यूजीलैंड को 170 रन का लक्ष्य सिर्फ 12.5 ओवर में ही हासिल करा दिया और फाइनल में भी पहुंचा दिया। अपनी तूफानी पारी में उन्होंने 10 चौके और आठ छक्के लगाए। इससे पहले टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम था, जिन्होंने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में शतक बनाया था।

फिन एलन का 33 गेंदों का शतक टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक भी है। उन्होंने नामीबिया के जैन निकोल लॉफ्टी-ईटन और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के रिकॉर्ड की बराबरी की। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम है, जिन्होंने 27 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, कीवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने टीम की इस जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया। हेनरी ने कहा, कोलकाता के ईडन गार्डन्स जैसे मैदान पर साउथ अफ्रीका को 169 पर रोकना चमत्कार से कम नहीं है। यहां की बाउंड्री छोटी है, लेकिन गेंदबाजों ने कमाल दिखाया।

33 गेंद पर 100 रन बनाने वाले फिन एलन जरूर प्लेयर ऑफ द मैच रहे, लेकिन न्यूजीलैंड का काम गेंदबाजों ने ज्यादा आसान बनाया। पावरप्ले के दूसरे ही ओवर में कोल मैकॉन्ची ने 2 विकेट झटक लिए, उन्होंने क्विंटन डी कॉक और रायन रिकेल्टन को पवेलियन भेजा। 20वें ओवर में फिर मैट हेनरी ने महज 6 रन देकर 2 विकेट लिए और साउथ अफ्रीका को 170 के पार नहीं जाने दिया। न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरी बार ही फाइनल में जगह बनाई।

हेनरी बोले, 'एक और वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचना हमारे लिए बहुत खास अहसास है।' (अनंत ज्ञान)



रन 100
गेंद 33
चौके 10
छक्के 08

### 2021 में टी-20 और 2022 में वनडे में किया था डेब्यू

**फिन** एलन ने साल 2021 में टी-20 और 2022 में वनडे में डेब्यू किया। उन्हें आईपीएल 2026 मिनी नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2 करोड़ रुपए में साइन किया था। घरेलू स्तर पर, वह ऑकलैंड का प्रतिनिधित्व करते हैं और पर्थ स्कॉर्चर्स, सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न और क्वेटा ग्लेडियेटर्स के लिए काम कर चुके हैं। उनके पास 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 का सर्वोच्च स्कोर 137 भी है।

### टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक

1. फिन एलेन (न्यूजीलैंड) - 33 गेंद बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2026
2. क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 47 गेंद बनाम इंग्लैंड, 2016
3. क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 50 गेंद बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2007
4. ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) - 51 गेंद बनाम बांग्लादेश, 2012
5. राइली रोसो (दक्षिण अफ्रीका) - 52 गेंद बनाम बांग्लादेश, 2022

### हॉकी वर्ल्ड कप क्वालीफाई नहीं खेलेगी सविता पूनिया

**एजेंसी, सिरसा।** सिरसा जिले की रहने वाली अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सविता पूनिया इस बार हॉकी वर्ल्ड कप क्वालीफाई नहीं खेलेगी। वह इस वक्त कैंप में भी हिस्सा नहीं ले रही। इस वर्ल्ड कप क्वालीफाई के लिए टीम खिलाड़ियों का चयन हो चुका है और खिलाड़ी अपनी तैयारी में जुटी हैं। यह वर्ल्ड कप क्वालीफाई भारत में ही होगा। 8 मार्च से हैदराबाद में शुरू प्रतियोगिताएं शुरू होगी, जो 14 मार्च तक चलेगी। इसमें चार देशों की टीमें भाग लेगी। जानकारी के अनुसार, हॉकी वर्ल्ड कप लेकर बैंग्लोर में कैंप चल रहा है, जहां पर खिलाड़ियों को तैयारी करवाई जा रही है। पूरी टीम पिछले लंबे समय से तैयारी कर रही है। सविता ने भी पहले यहां पर ट्रेनिंग ली, पर अब इसमें हिस्सा नहीं ले रही। सविता पूनिया के पिता महेंद्र सिंह ने इसकी वजह परिवारिक कारण बताया है। अब सविता पूनिया इस माह के अंत तक कैंप में वापसी करेगी और एशियन गेम्स ही उनका लक्ष्य है।



ऐसे में एशियन गेम्स की तैयारी जल्द शुरू करेगी। हालांकि, सविता पूनिया का नाम पदमश्री अवार्ड की सूची में भी आ गया है। इसकी परिवार सहित गांव व पूरे जिले में खुशी मनाई गई। उनको राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित किया जाएगा। सविता पूनिया 18वें एशियन गेम्स में हॉकी में रजत पदक विजेता रही और बेस्ट गोलकीपर रह चुकी है। कुमारी सविता सिरसा जिले की बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर भी रही है। सविता को एशिया की ओर से बेस्ट गोलकीपर चुनी जा चुकी है। इसके अलावा टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भी बेहतरीन गोलकीपर में द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर हुई थीं। इससे पहले अर्जुन अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## भारतीय बल्लेबाजों ने की इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुरंधर धुलाई

**एजेंसी, मुंबई**

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 254 रन का टारगेट दिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन बनाए। यह टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड 260 रन है, जोकि 2007 में केन्या के खिलाफ श्रीलंका ने बनाया है। भारतीय टीम ने इस वर्ल्ड कप में दूसरी बार 250 रन का आंकडा पार किया है। टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में 256 रन बनाए थे। टीम इंडिया की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पंड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

◆ 20 ओवर में 7 विकेट पर बनाए 253



### रेणुका सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से पहले इंडिया विमेंस ने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दे दिया। उनकी जगह ऑलरांडर काशवी गौतम को टीम में जगह मिली। काशवी वनडे सीरीज का भी हिस्सा थीं। मेडिकल टीम ने बीसीसीआई से कहा कि रेणुका लगातार क्रिकेट खेल रही हैं। विमेंस प्रीमियर लीग के बाद उन्होंने टीम के लिए सभी मैच खेले। फिटनेस और टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए उन्हें टेस्ट से आराम दे देना चाहिए। बीसीसीआई ने कहा, 'पर्थ के वाका में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए रेणुका उपलब्ध नहीं रहेंगी। उनके वर्कलोड को बेहतर मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया। मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखेगी।' रेणुका ने 3 टी-20 में 4 विकेट लिए, वहीं 3 वनडे में वे 2 विकेट ही अपने नाम कर सकीं। भारत ने टी-20 सीरीज 2-1 से जीती। वनडे सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती। (अनंत ज्ञान)



## ऑल इंग्लैंड ओपन: राउंड ऑफ 32 में सात्विक और चिराग की जोड़ी हारी

### मलेशिया के आरोन ताई और खाई जिंग कांग ने 23-21, 21-12 से हराया

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 के राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को बुधवार को मलेशिया के आरोन ताई और खाई जिंग कांग ने सीधे गेम में 23-21, 21-12 से पराजित किया। मुकाबला 42 मिनट तक चला। विश्व नंबर चार भारतीय जोड़ी पहले गेम में अधिकांश समय पीछे रही। हालांकि उन्होंने दो गेम प्वाइंट बचाते हुए स्कोर 20-20 से बराबर किया, लेकिन मलेशियाई खिलाड़ियों ने निर्णायक अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम पूरी तरह एकतरफा रहा। एक समय रंकीरेड्डी और शेट्टी सात अंकों से पीछे चल रहे थे और वापसी नहीं कर सके, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। पुरुष एकल में 20 वर्षीय आयुष शेट्टी को इंडोनेशिया के विश्व नंबर 14 अल्वी फरहान के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार मिली। (अनंत ज्ञान)



### मिश्रित युगल में हार

**मिश्रित** युगल में भारत के रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की जोड़ी को फ्रांस के थॉम गिक्वेल और डेलफीन डेलरू के खिलाफ 12-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मुकाबला भी 42 मिनट में समाप्त हुआ।

## न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों से मैनचेस्टर को हराया

### पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी जीती, आर्सनल 20वीं जीत के साथ टॉप पर कायम

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में बुधवार रात बड़े उलटफेर देखने को मिले। न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को हरा दिया। जोआओ पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी ने एस्टन विला को 4-1 से हराया। आर्सनल ने टूर्नामेंट में 20वीं जीत से नंबर-1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वहीं नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 10 बार की चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को ड्रॉ पर रोक दिया।

एक अन्य मुकाबले में बर्मिंघम के विला पार्क में चौथे और पांचवें नंबर की टीम के बीच रोमांचक मुकाबले के उम्मीद थी, लेकिन चेल्सी ने 4-1 के अंतर से एकतरफा मैच जीत लिया। आर्सनल ने ब्राइटन के घर में जाकर उन्हें 1-0 से हरा दिया। मैच का इकलौता गोल 9वें मिनट में बुकायो साका ने किया। इस गोल के बाद दोनों ही टीमों ने अपने डिफेंस पर जोर दिया, जिस कारण गोल के ज्यादा मौके नहीं बन सके। आर्सनल 20 जीत के साथ टॉप पर विराजमान है। (अनंत ज्ञान)



### लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की छठी हार

**न्यूकैसल** के सेंट जेम्स पार्क में बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। फर्स्ट हाफ के इंजरी टाइम में जैकब रेम्सी 2 यलो कार्ड मिलने के कारण मैच से बाहर हो गए। 10 प्लेयर्स के बावजूद टीम ने 2-1 से मैच जीता और पॉइंट्स टेबल में 12वां स्थान हासिल कर लिया। इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की यह छठी हार रही। इस हार के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड तीसरे नंबर पर ही मौजूद है।

## आर्यन स्कूल के पहलवान खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल पर जीते दो कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के रौड़ा सेक्टर में स्थित आर्यन पब्लिक स्कूल के पहलवान खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मैडल अपने नाम किए हैं। बच्चों की इस उपलब्धि से स्कूल व इलाके का नाम रौशन हुआ है। यह जानकारी देते हुए आर्यन पब्लिक स्कूल के प्रिंसीपल पंकज ठाकुर ने बताया कि अभी हाल ही कि तमिलनाडु में आयोजित अंडर.15 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में बिलासपुर के आर्यन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के दो उदीयमान पहलवान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दो कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। उन्होंने बताया कि आर्यन स्कूल के पहलवान हसन खान ने 68 किलोग्राम भार वर्ग की ग्रीको रोमन शैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को पटकनी दी और कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं हुसैन खान ने 57 किलोग्राम भार वर्ग की ग्रीको रोमन शैली में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। छात्रों की इस गौरवमयी उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज ठाकुर और शिक्षक वर्ग ने हर्ष व्यक्त किया है। इन युवाओं की कड़ी मेहनत और समर्पण ने आज इन्हें राष्ट्रीय मंच पर खड़ा किया है।

सभी क्षेत्रवासियों एवं विद्यालय परिवार की ओर से इन नन्हे चैंपियंस को उज्ज्वल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं प्रदान की है। गौर हो कि आर्यन पब्लिक स्कूल बच्चों ने सर्वागींण विकास के लिए वचनबद्ध हैं।



आर्यन स्कूल के विजेता खिलाड़ी प्रधानाचार्य के साथ। अनंत ज्ञान

## सचिन के बेटे की शादी में पहुंचे फिल्म स्टार्स और दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी

### अर्जुन तेंदुलकर की सानिया चंडोक के साथ मुंबई में हुई शादी

**एजेंसी, मुंबई**

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की वीरवार को सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी समारोह में अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले के साथ क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे।



शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं।

बता दें कि सानिया चंडोक मशहूर बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद सानिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वे मुंबई में ही मिस्टर पॉज पैट स्पा एंड स्टोर एलएलपी की पार्टनर और डायरेक्टर हैं। यह पशुओं की स्किनकेयर, ग्रूमिंग और इससे रिलेटेड प्रोडक्ट्स की सेवाएं देता है। सानिया ने इसकी शुरुआत 2022 में एक लाख रुपए से की थी। (अनंत ज्ञान)

**अभ्यास** आईपीएल मैचों के लिए प्रेक्टिस कैंप शुरू, बैटिंग-बॉलिंग को धार देंगे खिलाड़ी

## आईपीएल से पहले धर्मशाला पहुंचे पंजाब के किंग्स

**अनंत ज्ञान**

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 28 मार्च से हो रहे आगाज से पहले पंजाब के किंग्स धर्मशाला पहुंच चुके हैं। पंजाब किंग्स इलेवन का धर्मशाला एचपीसीए स्टेडियम में प्रेक्टिस कैंप शुरू हो चुका है। कैंप के दौरान टीम खिलाड़ी बॉलिंग व बैटिंग को धार देंगे।

गौरतलब है कि धर्मशाला स्टेडियम में पंजाब की टीम का होम ग्राउंड है, टीम के खिलाड़ी आईपीएल से पहले यहां प्रेक्टिस करने पहुंचे हैं। वीरवार दोपहर करीब 12 बजे टीम के खिलाड़ियों ने मैदान में उतरकर प्रेक्टिस शुरू की। पहले दिन पंजाब किंग्स के 8 खिलाड़ी शामिल रहे। इनमें टीम के खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह, प्रवीण दुबे, हरप्रीत बराड़, हरनूर, विष्णु विनोद, विशाल निषाद व अन्य ने शामिल होकर यहां की परिस्थितियों को भांपते हुए सीजन में आने वाले मैचों के लिए खुद को एक मजबूत टीम के रूप में पेश करने की तैयारियां शुरू की। खिलाड़ियों ने मैदान पर उतरकर वॉर्मअप किया।

इसके बाद टीम खिलाड़ियों द्वारा बॉलिंग व बैटिंग का अभ्यास करते हुए हर चीज का बारीकी से फोक्स किया गया।

जानकारी के मुताबिक पंजाब किंग्स की टीम 6 दिनों तक अभ्यास करते हुए अपनी तैयारियों को मजबूती देगी, जबकि इस पूरे प्रेक्टिस शेड्यूल के तहत हर दिन टीम के स्वदेशी खिलाड़ी अपनी टीम के साथ जुड़ते हुए प्रेक्टिस सेशन में भाग लेंगे।



आईपीएल के लिए एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में प्रेक्टिस कैंप के दौरान अभ्यास करते पंजाब किंग्स इलेवन के खिलाड़ी। अनंत ज्ञान